देश-विदेश
वाणी कपूर ने बॉडी कॉन...

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"

पृष्ठ-2
हर घर तिरंगा अभियान में...

संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

संडे
# पंजाब केसरी
युवा भारत युवा अखबार!
PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

रविवार 4 अगस्त, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 20 श्रावण 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 216
मूल्य ₹ 5.00
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12+4=16
Ph. : 011-30712200, 45212200





"प्रेम के उपहार दिए नहीं जाते, वे स्वीकार किए जाते हैं। प्रेम के बिना हमें एक-दूसरे का यर्थाथ परिचय भी तो नहीं मिलता -रविन्द्रनाथ टैगोर





आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

## राज्यपालः भूमिका व दायित्व

**राष्ट्रपति** भवन में सम्पन्न राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन से जो सन्देश निकला है वह यह है कि राज्यपालों को संविधान के घेरे में रह कर अपने राज्यों की समस्याओं पर भी पैनी निगाह रखनी चाहिए। संविधान में यह स्थिति स्पष्ट है कि राज्यपाल को अपने राज्य में संविधान के शासन की गारंटी देनी चाहिए। भारत की बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली में अलग-अलग राज्य में अलग-अलग राजनैतिक पार्टी की सरकार हो सकती है परन्तु शासन संविधान का ही होगा और प्रत्येक राजनैतिक दल की सरकार को भी संविधान के घेरे में ही रह कर शासन चलाना होगा। राज्यपाल के पद के बारे में संविधान सभा में हमारे पुरखों ने बहुत गर्मागरम बहस की थी और तब वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे थे कि राज्यपाल केन्द्र सरकार के 'रीजेंट' के तौर पर नहीं बल्कि राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के तौर पर काम करेगा जिसका मुख्य कार्य अपने राज्य की जनता की इच्छा के अनुरूप स्थायी बहुमत की सरकार गठित कराना होगा। जनता द्वारा चुनी गई किसी भी दल की सरकार राज्यपाल की सरकार उसी तरह कहलायेगी जिस प्रकार केन्द्र में किसी भी राजनैतिक पार्टी की सरकार राष्ट्रपति की अपनी सरकार होती है।

राज्यपालों का काम दैनन्दिन की शासन गतिविधियों में भाग लेना नहीं होगा क्योंकि वह राज्य का संवैधानिक मुखिया उसी प्रकार होगा जिस प्रकार राष्ट्रपति केन्द्र सरकार के होते हैं। मगर एक तथ्यातमक फर्क यह रहेगा कि राष्ट्रपति जनता द्वारा परोक्ष रूप से चुने हुए होते हैं जबकि राज्यपाल नियुक्त किये हुए। अत: उसके अति क्रियाशील होने का अर्थ राज्य सरकार के कामों में व्यवधान पैदा करना नहीं हो सकता जैसा कि कुछ चुनीन्दा राज्यों में हम आजकल देख रहे हैं। इसकी बहुत बड़ी वजह यह है कि राज्यपाल कोई चुना हुआ व्यक्ति नहीं होता बल्कि राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त होता है और वह तभी तक अपने पद पर रह सकता है जब तक कि राष्ट्रपति उससे प्रसन्न हैं। हमारे पुरखे व्यापक दूरदृष्टि से यह व्यवस्था बना कर गये हैं। यही वजह है कि किसी भी राज्य में अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए अब केवल राज्यपाल की अनुशंसा ही काफी नहीं रही बल्कि ऐसे आदेश की संसद के दोनों सदनों राज्यसभा व लोकसभा में भी मंजूरी लेनी होगी। इससे साफ है कि राज्यपाल के क्रियाशील होने की कुछ सीमाएं पहले से ही निश्चित हैं।

हमने पिछले दिनों देखा कि किस प्रकार कुछ चुनीन्दा राज्यों के राज्यपाल सम्भ्धित विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कुंडली मार कर बैठे हुए थे। इस मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें आड़े हाथों लिया और आदेश जारी किया कि कोई भी राज्यपाल अनिश्चित काल तक के लिए विधेयकों को नहीं रोक सकता है। वैसे संविधान में राज्यपालों के लिए काम करने को बहुत है क्योंकि अनुसूची छह में राज्यपालों को आदिवासी इलाकों व लोगों के विकास के लिए विशेष अधिकार दिये गये हैं। जब यह अनुसूची बन कर तैयार हो गई तो इसे 'संविधान के भीतर संविधान' का नाम तक कुछ विधि विशेषज्ञों ने दिया था। अभी हाल में ही हमने प. बंगाल के राज्यपाल को नारी उत्पीड़न के मामले में फंसते हुए भी देखा। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। कहने का मतलब यह है कि राज्यपालों की नियुक्ति को लेकर भी विवाद हो सकता है। मगर एक बात साफ है कि राज्यपाल 'सादिके अमीन' ही होना चाहिए और उसे केवल संविधान की बात सुननी चाहिए। मगर इस पद पर आसीन विशिष्ट व्यक्तियों के अनुभव का लाभ भी राज्य सरकारों को उठाना चाहिए न कि उनसे लाग-डांट के सम्बन्ध बनाने चाहिए। उनके राज्यों में राजनीति में स्वच्छता या सदाकत रहे इसका ध्यान भी उन्हें रखना चाहिए। विशेषकर सरकारों के गठन के समय विधायकों के मोल-तोल करने की परंपराओं की उन्हें काट सोचनी चाहिए। किसी भी दल द्वारा विधायकों की खरीद-फरोख्त करने के मामलों पर उन्हें वक्र दृष्टि सर्वदा रखनी चाहिए। संविधान कहता है कि राज्य में बहुमत की स्थायी सरकार देने का भार राज्यपाल के कन्धों पर ही होता है। इस सन्दर्भ में हमें कर्नाटक का वह किस्सा याद रखना चाहिए जब वहां अपना बहुमत का दावा विधानसभा में सिद्ध करने के लिए श्री देविउरप्पा को तीन सप्ताह से अधिक का समय राज्यपाल ने दे दिया था और मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंच गया था जिसने केवल दो दिन के भीतर बहुमत साबित करने का समय ही दिया था। राज्यपालों का कर्त्तव्य बनता है कि वह अपने-अपने राज्यों में भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए मुख्यमन्त्रियों के साथ वार्तालाप करते रहे और स्वयं कोई भी कार्रवाई करने से बचें क्योंकि संविधान उन्हें इसकी इजाजत नहीं देता है। नियुक्त किया गया व्यक्ति कभी भी चुने हुए प्रतिनिधियों की सरकार की अवहेलना नहीं कर सकता बेशक वह उसी की सरकार होती है।

राज्यपालों के सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपील की है कि राज्यपाल अपने राज्यों के गरीबों की दशा पर ध्यान दें और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताये। राज्यपाल यह काम केवल राज्य सरकारों की मार्फत ही कर सकते हैं। क्योंकि दैनन्दिन के प्रशासन में हस्तक्षेप करना उनका काम नहीं है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने-अपने राज्यों में राज्यपाल बेशक स्वतन्त्र रूप से संवैधानिक दायरे में रह कर काम कर सकते हैं क्योंकि वे सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होते हैं। इस क्षेत्र में काम करने के लिए उन्हें स्व. राष्ट्रपति भारत रत्न श्री प्रणव मुखर्जी का अनुसरण करना चाहिए। श्री मुखर्जी जब 2012 से लेकर 2017 तक राष्ट्रपति थे तो उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का सम्मेलन भी राष्ट्रपति भवन में किया था और इस बात पर जोर दिया था कि भारत के विश्वविद्यालयों को शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने हेतु मेधावी व योग्य शिक्षकों (फैकल्टी) की तलाश करनी चाहिए और प्रयोगशालाओं में तकनीकी उन्नयन व नवाचार पर जोर दिया जाना चाहिए।

# अयोध्या में चला बुलडोजर

## गैंगरेप के आरोपी सपा नेता की बेकरी ध्वस्त की गई

**पंजाब केसरी/अयोध्या**




● बेकरी को अवैध रूप से एक तालाब के ऊपर बनाया गया था, मोइद और उसके कर्मचारी राजू ने दो महीने पहले नाबालिग के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया

अयोध्या जिला प्रशासन ने 12 वर्षीय बच्ची से बलात्कार के आरोपी मोइद खान की बेकरी को शनिवार को ध्वस्त कर दिया। अयोध्या के जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया, मोइद खान की बेकरी को ध्वस्त कर दिया गया है। इस बेकरी में एक बड़ा और एक छोटा कमरा था। बेकरी को अवैध रूप से एक तालाब के ऊपर बनाया गया था, जिसके चलते इसे ध्वस्त कर दिया गया है। इससे पहले, पुलिस ने बच्ची से बलात्कार मामले में 30 जुलाई को अयोध्या जिले के पूराकलंदर इलाके से बेकरी मालिक मोइद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को गिरफ्तार किया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोइद और राजू ने दो महीने पहले नाबालिग के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया और इस कृत्य को रिकॉर्ड भी किया। उन्होंने बताया कि यह घटना तब प्रकाश में आई, जब हाल ही में मेडिकल जांच में पीड़िता के गर्भवती होने का पता चला। यह मामला तब राजनीतिक हो गया, जब दावा किया गया कि मोईद समाजवादी पार्टी (सपा) का सदस्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में इस घटना का जिक्र किया और सपा पर निशाना साधा। योगी ने कहा, यह अयोध्या का मामला है। मोईद खान समाजवादी पार्टी से है और अयोध्या सांसद की टीम का सदस्य है। उसे 12 साल की बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में संलिप्त पाया गया है। समाजवादी पार्टी ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को पीड़ित बच्ची की मां से मिलने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्ची के स्वास्थ्य और उसकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। शुक्रवार को दुष्कर्म पीड़ित बच्ची की मां ने मुख्यमंत्री से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। योगी से मिलने के बाद पीड़िता की मां ने मीडिया को बताया कि उसकी बच्ची के साथ दरिंदगी करने वालों के लिए उसने सरकार से फांसी की सजा की मांग की है, इस पर मुख्यमंत्री जी ने भी आश्वस्त किया है कि बच्ची को हर कीमत पर न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

बच्ची की मां ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस बात को लेकर भी आश्वस्त किया है कि आरोपी मोईद खान की संपत्तियों की जांच कराई जाएगी और अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जाएगा।

### चण्डीगढ़ जिला कोर्ट में दिनदहाड़े गोलीकांड

## पूर्व एआईजी ने दामाद की हत्या कर डाली

**पंजाब केसरी**/चंडीगढ़



● दोनों परिवारों के बीच घरेलू विवाद चल रहा था

चंडीगढ़ जिला अदालत के अंदर शनिवार को गोलीबारी की घटना हुई। पंजाब पुलिस के पूर्व एआईजी ने अपने दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों परिवारों के बीच घरेलू विवाद चल रहा था और इसी मामले को लेकर शनिवार को दोनों पक्ष चंडीगढ़ फैमिली कोर्ट में पेश हुए थे। आरोपी की पहचान पूर्व एआईजी मलविंदर सिंह सिद्धू के रूप में हुई। उनका दामाद हरप्रीत सिंह कृषि विभाग में आईआरएस अधिकारी के पद पर तैनात था। इस घटना पर चंडीगढ़ एसएसपी कंवरदीप कौर ने कहा, हमें आज दोपहर करीब दो बजे जिला न्यायालय में गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची, तो पता चला कि हरप्रीत सिंह को अस्पताल ले जाया गया हैं, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पूर्व एआईजी को मौके पर ही पकड़ लिया। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद किया गया। दोनों पक्षों के बीच अदालत में बातचीत चल रही थी। कुछ देर बाद दोनों कमरे से बाहर निकले। इसी दौरान आरोपी मलविंदर ने बंदूक से अपने दामाद हरप्रीत पर पांच गोलियां दाग दी। दो गोली हरप्रीत को लगी, जबकि एक गोली कमरे के दरवाजे पर लगी और दो गोली चूक गई। गोलियों की आवाज सुनकर कोर्ट में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी मलविंदर को हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तीरंदाज दीपिका और मनु भाकर चूक गईं

**एजैंसी**/शेटराउ (फ्रांस)




मनु भाकर भारत के लिए एक अभूतपूर्व इतिहास बनाने से चूक गई। ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक लगाने का मनु भाकर का सपना 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक के लिए हंगरी की खिलाड़ी से शूट ऑफ में पिछड़ने के बाद पूरा नहीं हो सका। वहीं देश की दूसरी बेटी तीरंदाज दीपिका कुमारी ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर धमाका कर दिया था लेकिन वह कोरियाई प्रतिद्वंद्वी से आखिरी क्षणों में चूक गई। हालांकि महिला एकल मुकाबले में वह अच्छी स्थिति में लग रही थी लेकिन कोरियाई तीरंदाज अंतिम क्षणों में स्कोर करने में सफल रही। उधर पिस्टल स्पर्धा में आठ निशानेबाजों के करीबी फाइनल में मनु ने अपना सब कुछ झोंक दिया और कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान पर भी रही लेकिन अपनी निरंतरता बरकरार नहीं रख सकीं। बाक्सिंग में भी भारत को निराशा हाथ लगी। 71 किलो वर्ग में निशांत देव क्वार्टर फाइनल में हारकर पदक की दौड़ से बाहर हो गए। निशांत ने 2 राउंड में अच्छी बाक्सिंग की लेकिन तीसरे राउंड में वह मैक्सिको के बाक्सर से पिछड़ गए।

(विवरण अंतिम पृष्ठ पर)

## दिल्ली में सेवानिवृत्त कर्मचारी की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): न्यू अशोक नगर इलाके में महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड से मैकेनिक के पद से सेवानिवृत्त 72 वर्षीय व्यक्ति की शनिवार सुबह उसके घर में दो हमलावरों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि न्यू अशोक नगर के एक व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को कॉल कर सूचना दी थी कि किसी ने उनके पिता की हत्या कर दी है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस न्यू अशोक नगर में मकान नंबर सी-2/33 पर पहुंची। गुप्ता ने बताया कि घर की पहली मंजिले के कमरे में गौतम ठाकुर नाम का एक व्यक्ति बिस्तर पर मृत मिला। उसके पेट में चाकू से वार किए जाने के निशान थे। उन्होंने बताया कि कॉल ठाकुर के बड़े बेटे मुकेश ठाकुर ने किया था।

(पृष्ठ-8 भी देखें)

## सेटलमेंट करके लोग चाहते हैं कोर्ट से छुटकारा: सीजेआई

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली



● कहा- हम समझौते की जगह बेहतर रिजल्ट देने की कोशिश करते हैं

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि लोग कोर्ट के मामलों से इतने तंग आ जाते हैं कि वे बस सेटलमेंट चाहते हैं। कोर्ट की प्रक्रिया एक दंड के समान है। यह जज के रूप में हम सभी के लिए चिंता का कारण है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम कोशिश करते हैं और कहते हैं कि हम सेटलमेंट नहीं करेंगे। बल्कि हम आपको बेहतर रिजल्ट देंगे। सीजेआई ने ये बातें सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लोक अदालत वीक के स्मरणोत्सव समारोह में कहीं। इस समारोह में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित थे। सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 साल पूरे होने के मौके पर 29 जुलाई से 3 अगस्त तक स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि जब बीआर अंबेडकर जैसे दिग्गजों ने संविधान बनाया था, तो उन्होंने इसे एक मिशन के साथ बनाया था। भारत के सुप्रीम कोर्ट को 180 संवैधानिक मामलों से निपटने वाला अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट बनाने का विचार नहीं था। बल्कि इसके पीछे 'न्याय सबके द्वार' का विचार था। यह एक अदालत थी, जिसे गरीब समाज के लिए बनाया जा रहा था, जहां न्याय तक पहुंच का अभाव था। लोक अदालतें ऐसे मंच हैं जहां कोर्ट में लंबित मामलों या मुकदमे से पहले विवाद को आपसी समझौते से निपटाया जाता है। लोक अदालत के फैसलों के खिलाफ किसी भी कोर्ट मेंअपील नहीं की जा सकती है।

हम मुवक्किलों को नहीं जानते, यही सबसे बड़ी कमी: चंद्रचूड़ ने अपने संबोधिन के दौरान कहा- सुप्रीम कोर्ट के जज ऊंचे डायस पर बैठते हैं। हमारे सामने वकील बैठते हैं। हम मुवक्किलों को शायद ही जानते हों जैसे हम हाई कोर्ट या डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में जानते हैं।

## ओल्ड राजेन्द्र नगर में छात्रा ने की आत्महत्या

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

● छात्रा यूपीएससी की तैयारी कर रही थी

● सुसाइड नोट में पीजी वालों की लूट का जिक्र



दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की तैयारी करने वाले तीन छात्रों की मौत का मामला अभी शांत नहीं हुआ है। इस बीच यूपीएससी की तैयारी कर रही एक छात्रा की आत्महत्या का मामला सामने आया है। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में किराए के कमरे में रहकर यूपीएससी की तैयारी करने वाली महाराष्ट्र की अंजलि ने बीती 21 जुलाई को खुदकुशी कर ली। उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसने सबको हिलाकर रख दिया। अंजलि ने डिप्रेशन में आकर आत्महत्या की है और सुसाइड नोट में बताया कि कैसे यूपीएससी के छात्र दबाव में सिविल सेवा की तैयारी करते है। उनकी रोजमर्रा की दिक्कतें परेशानियों का जिक्र भी सुसाइड नोट में किया गया है ।सुसाइड नोट में अंजलि ने लिखा कि पीजी और हॉस्टल वाले छात्रों से सिर्फ पैसे लूट रहे हैं। हर छात्र इतना बोझ नहीं उठा सकते। मैंने बहुत कोशिश की निकलने की आगे बढ़ने की पर नहीं हो पाया। मैंने बहुत कोशिश की डिप्रेशन से बाहर निकलने की लेकिन संभव नहीं हो सका। मेरा सिर्फ एक सपना था यूपीएससी पहली बार में क्लीयर करने का आप सब लोगों ने मुझे बहुत स्पोर्ट किया। लेकिन हम मुझसे नहीं हो पा रहा है। मैं बहुत असहाय महसूस कर रही हूं और अब मैं जा रही हूं। किरण आंटी थैंक्स आप हमेशा मेरे साथ खड़ी रही। आखिर में छात्रा ने एक स्माइल भी सुसाइड नोट में बनाई।

मैं जानती हूं खुदकुशी कोई समस्या का हल नहीं है। पीजी और होस्टल के किराए कम होने चाहिए। ये लोग छात्रों को लूट रहे है। कई छात्र यह भार झेल न पाते हैं। मृतक अंजलि ने 11 जुलाई को अपनी दोस्त श्वेता से व्हाट्सएप चैट के दौरान यह कहा था कि उसके पीजी का रेंट बढ़ा दिया गया है। इसलिए वह पीजी छोड़ना चाहती है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि ये मामला उनके संज्ञान में है वो जांच कर रहे हैं।

## अमृतसर में एसजीपीसी कर्मी की दफ्तर में हत्या

**अमृतसर,** (पंजाब केसरी): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के एक लेखा लिपिक की एक सेवादार ने यहां स्वर्ण मंदिर परिसर से सटे एसजीपीसी कार्यालय में कथित तौर पर हत्या कर दी। , एसजीपीसी सेवादार सुखबीर सिंह ने किसी मुद्दे पर विवाद के बाद कमेटी के लेखा लिपिक दरबारा सिंह पर एक धारदार हथियार से हमला किया। घायल दरबारा को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### राष्ट्रीय सर्राफा

| | सोना | | चांदी | |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 24K | 70730 | चांदी तैयार | 85500 |
| कोलकाता | 24K | 70580 | चांदी तैयार | 85500 |
| मुम्बई | 24K | 70580 | चांदी तैयार | 85500 |
| चेन्नई | 24K | 70360 | चांदी तैयार | 90900 |

### विदेशी मुद्रा बनाम रुपया

| करंसी | खरीद | बिक्री |
|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 81.92 | 85.60 |
| पौंड स्टर्लिंग | 104.78 | 109.70 |




### आईसीईई बैठक — भारत खाद्य अधिशेष देश बन गया है...

## विश्व खाद्य सुरक्षा के मिशन में जुटा भारत

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

● भारत दुनिया में दूध, दालों और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है

● कभी भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया के लिए चिंता का विषय थी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत एक खाद्य अधिशेष देश बन गया है और वह वैश्विक खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए समाधान प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है। खाद्य अधिशेष से मतलब देश में उपभोग से ज्यादा खाद्यान्न उपलब्ध होने से है। भारत में 65 वर्षों के बाद आयोजित किए जा रहे कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश का आम बजट 2024-25 पर्यावरण अनुकूल खेती पर केंद्रित है। मोदी ने कहा कि पिछली बार जब भारत ने इस सम्मेलन की मेजबानी की थी, तब उसे आजादी मिले ज्यादा समय नहीं हुआ था और वह दौर देश में कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के लिहाज से बेहद चुनौतीपूर्ण दौर था। उन्होंने कहा, "भारत अब एक खाद्य अधिशेष देश है। यह दुनिया में दूध, दालों और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है। इसके अलावा, भारत खाद्यान्न, फल, सब्जी, कपास, चीनी और चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक भी बन गया है।" प्रधानमंत्री ने कहा, "एक दौर था, जब भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया के लिए चिंता का सबब थी। अब, भारत वैश्विक खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए समाधान प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है।'

' मोदी ने कहा कि इसलिए खाद्य प्रणाली परिवर्तन पर चर्चा के लिए भारत का अनुभव मूल्यवान है और इससे वैश्विक दक्षिण को लाभ होगा। कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दुनिया के 70 देशों के लगभग 1,000 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

'इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिस्ट्स' की ओर से यह त्रिवार्षिक सम्मेलन दो से सात अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय "पर्यावरण अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर" है।

प्रधानमंत्री ने 'विश्व बंधु' के रूप में वैश्विक कल्याण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने विभिन्न मंचों पर भारत द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न मंत्रों पर प्रकाश डाला, जिनमें 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य', 'मिशन लाइफ' और 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' शामिल हैं।



# मणिपुर में शांति समझौते के अगले दिन फायरिंग और आगजनी के बाद हिंसा



**इंफाल,** (पंजाब केसरी): मणिपुर के जिरीबाम में शांति बहाल करने के प्रयासों के लिए मेइती और हमार समुदायों के बीच समझौता होने के एक दिन बाद ही तनाव पैदा करने वाली घटना सामने आई हैं जहां गोलीबारी की गई और एक खाली पड़े घर को आग लगा दी गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लालपानी गांव में खाली पड़े एक घर को शुक्रवार रात हथियारबंद लोगों ने आग के हवाले कर दिया। ''यह घटना एक बिल्कुल ही अलग बस्ती में हुई जहां मेइती समुदाय के कुछ लोगों के घर हैं और जिले में हिंसा भड़कने के बाद से इनमें से अधिकतर घर खाली पड़े हैं। उपद्रवियों ने इलाके में सुरक्षाकर्मियों की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर आगजनी की। उपद्रवियों की पहचान नहीं हो सकी है।'' उन्होंने बताया कि हथियारबंद लोगों ने बस्ती को निशाना बनाकर गोलियां भी चलाईं। उन्होंने बताया कि घटना के बाद सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया। बृहस्पतिवार को असम के कछार में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक प्रतिष्ठान में हुई बैठक में मेइती और हमार समुदायों के प्रतिनिधियों के बीच समझौता हुआ था।

बैठक का संचालन जिरीबाम जिला प्रशासन, असम राइफल्स और सीआरपीएफ ने किया, जिसमें जिरीबाम जिले के थाडौ, पैते और मिजो समुदायों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। बड़ी बात यह है कि अलग-अलग समुदाय के लोग जल्दी भड़क जाते हैं। इन समुदायों के प्रतिनिधियों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया, ''बैठक में यह संकल्प लिया गया कि दोनों पक्ष सामान्य स्थिति बहाल करने तथा आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। दोनों पक्ष जिरीबाम जिले में कार्यरत सभी सुरक्षा बलों को पूर्ण सहयोग देंगे।'' अगली बैठक 15 अगस्त को होगी। पिछले वर्ष मई से मेइती और कुकी-जो समूहों के बीच जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## मणिपुरः हमार के शीर्ष संगठन ने कहा, मेइती के साथ समझौता 'अमान्य'

**इंफाल,** (पंजाब केसरी) मणिपुर के जातीय हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले में शांति बहाल करने के लिए हमार और मेइती प्रतिनिधियों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर होने के एक दिन बाद हमार समुदाय के शीर्ष संगठन ने कहा कि यह समझौता 'अमान्य' है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को जिरीबाम में फिर से हिंसा की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इलाके में गोलीबारी की घटना हुई और मेइती आबादी वाले गांव में एक खाली पड़े मकान को आग लगा दी गई। समुदाय के शीर्ष संगठन 'हमार इनपुई' ने दावा किया कि उसकी संबद्ध इकाइयों ने मुख्यालय की जानकारी के बिना समझौते पर हस्ताक्षर किए और इसके जवाब में अपनी जिरीबाम इकाई को भंग कर दिया।

'हमार इनपुई' ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, ''हमार इनपुई, जनरल हेडक्वार्टर, असम के कछार में सीआरपीएफ केंद्र में एक अगस्त, 2024 को की गई शांति पहल के बारे में जानकर स्तब्ध है। इस तरह की पहली पहल एक जुलाई को सिलचर में हुई थी। हमार इनपुई ने इसमें शामिल होने वाले लोगों की निंदा की और हमारी पूर्व सहमति के बिना किए गए प्रयासों को नकार दिया है।''

## उद्धव की टिप्पणी से पता चलता है, वह औरंगजेब फैन क्लब के सदस्य हैं

**नागपुर,** (पंजाब केसरी) महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ उद्धव ठाकरे की टिप्पणी ने शिवसेना नेता की ''औरंगजेब फैन क्लब'' के सदस्य के रूप में साख स्थापित कर दी है।



फडणवीस, ठाकरे द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उन्होंने शाह को अहमद शाह अब्दाली का राजनीतिक वंशज बताया था। अहमद शाह अब्दाली अफगान राजा था, जिसने पानीपत की तीसरी लड़ाई में मराठों को हराया था। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, अमित शाह ने औरंगजेब फैन क्लब के बारे में बात की थी। उद्धव ठाकरे ने आज साबित कर दिया कि वह वास्तव में औरंगजेब फैन क्लब से हैं। शाह ने पिछले महीने पुणे में भाजपा के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का मुखिया करार दिया था, जो 1993 के मुंबई श्रृंखलाबद्ध बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए माफी की मांग करने वाले लोगों के साथ बैठे हैं।

# भाजपा 'सत्ता जिहाद' में लिप्त : उद्धव ठाकरे



**पुणे,**(पंजाब केसरी): शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए पार्टी पर सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों को तोड़कर ''सत्ता जिहाद'' में लिप्त होने का आरोप लगाया।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा ठाकरे पर किए गए 'औरंगजेब फैन क्लब' वाले कटाक्ष को लेकर पलटवार करते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने शाह को अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली का राजनीतिक वंशज बताया, जिसने पानीपत की तीसरी लड़ाई में मराठा को हराया था। यहां शिव संकल्प रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार पर 'मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना' जैसी योजनाओं के रूप में मतदाताओं को रेवड़ियां देकर रिश्वत देने का आरोप लगाया। इस योजना के तहत राज्य की पात्र महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये मिलेंगे।

भाजपा पर पार्टियां तोड़ने का आरोप लगाते हुए ठाकरे ने कहा, ''अगर मुसलमान हमारे साथ हैं, क्योंकि हमने उन्हें अपना हिंदुत्व समझाया है, तो हम (भाजपा के अनुसार) औरंगजेब फैन क्लब हैं। फिर आप जो कर रहे हैं, वह सत्ता जिहाद है।''

पिछले महीने पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान शाह ने ठाकरे पर हमला करते हुए उन्हें ''औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख'' करार दिया था, जो ''उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए माफी मांगी थी।'' इस टिप्पणी का जिक्र करते हुए ठाकरे ने कहा कि उन्होंने किसी व्यक्ति का संदर्भ नहीं दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''कुछ लोगों को लगा कि मैंने किसी को चुनौती दी, लेकिन मैं खटमलों को चुनौती नहीं देता। यहां 'मैं' का मतलब मेरा सभ्य महाराष्ट्र है और 'आप' का मतलब महाराष्ट्र को लूटने वाली पार्टी है।''

### दिनदहाड़े हो रही लोकतंत्र की हत्या

उद्धव ने कहा लोकतंत्र की दिनदहाड़े 'हत्या'' की जा रही है लेकिन जनता की अदालत में न्याय होगा। मानसून के दौरान गड्ढों से भरी सड़कों के बारे में उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी पर निशाना साधा। ठाकरे ने कहा, ''मुंबई, पुणे और अन्य शहरों सहित हर जगह गड्ढे हैं। गडकरी ने एक बार कहा था कि वे ऐसी सड़कें बनवाएंगे कि 200 साल बाद भी उन पर एक भी गड्ढा नहीं होगा। लेकिन सड़कों की हालत को देखते हुए गडकरी को 'खड्ढे पुरुष'' का पुरस्कार दिया जाना चाहिए। मुंबई-गोवा हाईवे अभी भी निर्माणाधीन है।

उन्होंने कहा कि खटमलों को चुनौती नहीं दी जानी चाहिए, बल्कि कुचल दिया जाना चाहिए। संसद के नए भवन से पानी टपकने की तस्वीरों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए ठाकरे ने कहा कि नए परिसर में सिर्फ 14 महीनों में ही 'लीकेज' शुरू हो गया है।

# फास्टैग के लिए केवाईसी अपडेट करना अनिवार्य

- नए वाहन खरीदार को तीन महीने का समय दिया जाएगा
- वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर, चेसिस नंबर और मालिक के मोबाइल नंबर को इससे लिंक करना होगा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सरकार ने टोल टैक्स की वसूली के लिए फास्टैग नियम में बदलाव किए हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने 1 अगस्त से नए फास्टैग नियम लागू कर दिए हैं। उपयोगकर्ताओं के लिए नए नियमों और विनियमों का पालन करना अनिवार्य है। यात्रा में किसी भी परेशानी से बचने के लिए आपको नए नियमों को जान लेना बेहद आवश्यक है। हम आपको बताते हैं कि फास्टैग के कौन-कौन से नए नियम लागू किए गए हैं। फास्टैग के नए नियम के तहत उपयोगकर्ताओं को अपना केवाईसी अपडेट करना होगा। 31 अक्टूबर, 2024 तक 3 से 5 साल पहले जारी किए गए सभी फास्टैग के लिए केवाईसी अपडेट करना अनिवार्य होगा।फास्टैग नियमों में बदलाव के बाद अब उपयोगकर्ताओं को अपने वाहन की पूरी जानकारी देनी होगी। वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर, चेसिस नंबर और मालिक के मोबाइल नंबर को इससे लिंक करना होगा। वहीं जिन लोगों ने हाल ही में कोई नया वाहन खरीदा है, तो उनको तीन महीने का समय दिया जाएगा। ऐसे उपयोगकर्ताओं को 90 दिनों के अंदर फास्टैग पर रजिस्ट्रेशन नंबर अपडेट करना जरूरी है। इसके अलावा उपयोगकर्ताओं को वाहन की तस्वीर भी अपलोड करनी होगी। तस्वीर में वाहन के आगे का हिस्सा बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए।



फास्टैग उपयोगकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा की उनका डेटाबेस भारत की राष्ट्रीय वाहन रजिस्ट्री डेटाबेस में दर्ज जानकारी से अलग तो नहीं है। दोनों में अंतर होने पर उपयोगकर्ताओं को कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

# करोड़पति छोड़ रहे भारत, आने वाले वर्षों में कम हो जाएगा कर राजस्व आधार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस ने अमीर भारतीय नागरिकों के अपनी नागरिकता छोड़ने से जुड़े आंकड़े का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि यह पलायन सरकार की अपारदर्शी कर नीतियों और मनमाने कर प्रशासन का परिणाम हो सकता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने राज्यसभा में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह द्वारा आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा के प्रश्न के दिए गए लिखित उत्तर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राज्यसभा में सरकार के ख़ुद के दिए आंकड़ों के मुताबिक़ 2023 में 2.16 लाख भारतीय नागरिकों ने अपनी नागरिकता छोड़ी है, जो 2011 में ऐसा करने वाले 123,000 लोगों के आंकड़े से लगभग दोगुना है। नागरिकता छोड़ने वालों में से कई भारतीय अत्यधिक कुशल और शिक्षित हैं।'' ''घरेलू स्तर पर कुशल श्रम आपूर्ति की कमी के समय उनके देश छोड़ने से हमारी अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। इस साल की शुरुआत में, एक अग्रणी 'ग्लोबल इन्वेस्टमेंट माइग्रेशन' परामर्श कंपनी ने खुलासा किया था कि पिछले तीन वर्षों में 17,000 से अधिक करोड़पतियों (कुल संपत्ति 10 लाख डॉलर से अधिक वाले व्यक्तियों) ने भारत छोड़ दिया था।''



- अमीर नागरिकों का देश से पलायन सरकार की अपारदर्शी कर नीतियों का परिणामः कांग्रेस

उन्होंने कहा कि कुशल और उच्च संपत्ति वाले भारतीय नागरिकों का यह पलायन अपारदर्शी कर नीतियों और मनमाने कर प्रशासन का परिणाम हो सकता है, जो पिछले दशक में कॉरपोरेट भारत के चारों ओर फैले भय और डर के माहौल से काफ़ी अलग है। ''व्यावसायिक हस्तियां तेज़ी से सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो रही हैं। और कुछ हो या ना हो, यह एक ऐसा आर्थिक उपहास है जो अगले कुछ वर्षों में हमारे कर राजस्व के आधार को गंभीर रूप से नुक़सान पहुंचाएगा।''

# एसएसबी के महानिदेशक को मिला बीएसएफ का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी सीमा सुरक्षा बल का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। केंद्र ने शुक्रवार को बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) नितिन अग्रवाल और उनके डिप्टी विशेष डीजी (पश्चिम) वाई बी खुरानिया को तत्काल प्रभाव से उनके मूल राज्य कैडर में वापस भेज दिया था।

अग्रवाल 1989 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी चौधरी बीएसएफ महानिदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार 'इस पद पर नियमित तौर पर नियुक्ति होने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो संभालेंगे। चौधरी एसएसबी के महानिदेशक हैं।

एसएसबी नेपाल और भूटान के साथ भारत की सीमाओं की रक्षा करता है। अग्रवाल ने पिछले साल जून में सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख का कार्यभार संभाला था। विशेष डीजी (पश्चिम) के रूप में खुरानिया पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा बल का नेतृत्व कर रहे थे। बीएसएफ के दो शीर्ष अधिकारियों को हटाने संबंधी सरकार का निर्णय ऐसे समय में आया है, जब भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमले हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों के साथ-साथ नागरिक भी मारे गए हैं।



- अतिरिक्त प्रभार 'इस पद पर नियमित तौर पर नियुक्ति होने तक या अगले आदेश तक संभालेंगे

बीएसएफ पर भारत के पश्चिमी भाग में भारत-पाकिस्तान सीमा और पूर्व में बांग्लादेश सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी है।

# हर घर 'तिरंगा' अभियान में शामिल हों देशवासी



**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय ध्वज को त्याग, निष्ठा और शांति का प्रतीक बताते हुए देश के सभी सभी लोगों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान पिछले 2 वर्षों में जन-जन का अभियान बन गया है और यह अभियान आजादी के नायकों को याद करने, राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का माध्यम है। अमित शाह ने देश के लोगों से अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने की अपील करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा त्याग, निष्ठा व शांति का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान आजादी के नायकों को याद करने, राष्ट्रप्रथम का संकल्प लेने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर यह अभियान बीते 2 वर्षों से जन-जन का अभियान बन गया है। आगामी 9 से 15 अगस्त तक आप भी अपने घरों में तिरंगा लहराकर 'हर घर तिरंगा डॉट कॉम' पर अपनी सेल्फी अपलोड करें। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी देश भर में 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए जोर-शोर से तैयारी की जा रही है।

# दलित उप-समूहों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ करेंगे अपील

**पटना,**(पंजाब केसरी): केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को उच्चतम न्यायालय के उस फैसले का विरोध किया जिसमें राज्यों को 15 प्रतिशत आरक्षण के एक हिस्से के लिए अनुसूचित जातियों के भीतर उप-समूह बनाने की अनुमति दी गई है। उन्होंने घोषणा की कि उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) इसके खिलाफ अपील करेगी। पासवान ने कहा कि वह जाति जनगणना के पक्ष में हैं, जिसके लिए विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी जोरदार मांग कर रहे हैं, हालांकि उनका यह भी मानना है कि इसके निष्कर्षों को सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। कहा, हमारी पार्टी उच्चतम न्यायालय से अनुरोध करेगी कि वह अपने हाल के फैसले की समीक्षा करे जिसमें अनुसूचित जाति कोटे के तहत 15 प्रतिशत उप-समूहों को अनुमति दी गई है।

# 15 अगस्त के मद्देनजर वीवीआईपी की सुरक्षा को लेकर बैठक

- तमाम फोर्स ने पीएम मोदी की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है

**नई दिल्ली** (पंजाब केसरी) : 15 अगस्त के अवसर पर वीवीआईपी की सुरक्षा को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में एनएसजी, एसपीजी, आईबी, सेना और दिल्ली पुलिस के बड़े अधिकारी शामिल थे। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के हवाले से खबर आ रही है कि इस बैठक में वीवीआईपी की सुरक्षा को लेकर समीक्षा की गई। आतंकी अगर हमला करते हैं, तो कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य वीवीआईपी को सुरक्षित किया जाएगा, इस बैठक में इसे लेकर सभी सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों ने सलाह दी। अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां देश की सुरक्षा एजेंसियों ने ख़ुफ़िया विभाग उससे जुड़े सम्बंधित विभागों, सुरक्षा यूनिट्स, तमाम फोर्स ने पीएम मोदी की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। 15 अगस्त पर सुरक्षा को लेकर हुई इस बैठक में देश की तमाम एजेंसियों को आगाह और अलर्ट किया गया है। दरअसल, पीएम मोदी हाल में कारगिल गए थे, तब भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने कुछ फोन कॉल्स इंटरसेप्ट किए थे। इन फोन कॉल्स को स्पूफिंग के जरिए किया जा रहा था और पीएम के कारगिल दौरे रुट्स, पीएम सुरक्षा से जुड़ी जानकारी जुटाने की सीमा पार से कोशिश की जा रही थी। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की ये साजिश सफल नहीं हो पाई और पीएम मोदी का कारगिल दौरा सफल रहा। पीएम सुरक्षा से जुड़ी इस महत्वपूर्ण बैठक में कॉल स्पूफिंग को लेकर खास अलर्ट दिया गया है।

# वायनाडः जंगल में फंसे परिवार के लिए फरिश्ते बनकर पहुंचे वन अधिकारी



**वायनाड,**(पंजाब केसरी): वायनाड में हुए विनाशकारी भूस्खलन के बीच, एक जंगल में फंसे चार बच्चों सहित एक आदिवासी परिवार को वन अधिकारियों ने दिलेरी दिखाते हुए सुरक्षित निकाल लिया। कलपेट्टा रेंज के वन अधिकारी के. हशीस के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल बृहस्पतिवार को एक आदिवासी परिवार को बचाने के लिए जंगल के भीतर खतरनाक रास्तों पर निकल पड़ा। वायनाड के पनिया समुदाय से ताल्लुक रखने वाला यह परिवार पहाड़ी पर स्थित एक गुफा में फंस गया था, जिससे लगी एक गहरी खाई थी। परिवार में एक से चार वर्ष आयु के चार बच्चे भी थे।

वन अधिकारियों के दल को गुफा तक पहुंचने में साढ़े चार घंटे से अधिक समय लग गया। हशीस ने बताया कि उन्हें बृहस्पतिवार को एक महिला और चार साल का बच्चा वन क्षेत्र के निकट मिला। उनसे पूछताछ करने पर पता चला कि तीन और बच्चे और उनका पिता एक गुफा में फंसे हुए हैं और उनके पास खाने के लिए कुछ नहीं है।

हशीस ने बताया कि परिवार जनजातीय समुदाय के एक विशेष वर्ग से ताल्लुक रखता है, जो आमतौर पर बाहरी लोगों से घुलना-मिलना पसंद नहीं करता। कहा, वे आम तौर पर वनोंत्पादों पर निर्भर रहते हैं और उन चीजों को स्थानीय बाजार में बेचकर चावल खरीदते हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि भूस्खलन और भारी बारिश के कारण उनके पास खाने के लिए कुछ नहीं बचा था। वन रेंज अधिकारी ने आदिवासी परिवार को बचाने के लिए चलाये गए खतरों से भरे बचाव अभियान का विवरण साझा किया। उन्होंने बताया कि उन्हें भारी बारिश के बीच, फिसलन भरी और खड़ी चट्टानों पर चढ़ाई करनी पड़ी। बच्चे काफी सहमे और थके हुए थे, हम जो कुछ भी साथ ले गए थे उन्हें खाने के लिए दिया। काफी समझाने-बुझाने के बाद उनके पिता हमारे साथ आने के लिए राजी हो गए।

### अभिनेता मोहनलाल ने किया प्रभावित क्षेत्र का दौरा



दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार मोहनलाल शनिवार को केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिला पहुंचे और आपदा प्रभावित क्षेत्र में पुनर्वास कार्यों के लिए तीन करोड़ रुपये देने की घोषणा की। मोहनलाल भारतीय प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। मेप्पडी में सेना के शिविर में अधिकारियों के साथ संक्षिप्त चर्चा करने के बाद मोहनलाल अन्य लोगों के साथ भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के लिए रवाना हो गए। वह सेना की वर्दी पहने हुए थे। मोहनलाल ने चूरलमाला, मुंदक्कई और पुंचिरिमट्टम के अलावा अन्य स्थानों का दौरा किया तथा घटना की गंभीरता को समझने के लिए सेना और स्थानीय लोगों सहित विभिन्न बचावकर्मियों से बातचीत की।

## अब तक 218 की मौत

केरल के वायनाड जिले में बड़े पैमाने पर हुई भूस्खलन की घटनाओं के चार दिन बाद तक प्रभावित क्षेत्रों से 218 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। जिला प्रशासन ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रशासन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, मृतकों में 90 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल हैं। इसमें बताया गया है कि भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में मलबे से अब तक शरीर के 143 अंग भी बरामद किए जा चुके हैं। बयान के अनुसार, 215 शवों में से 148 की शिनाख्त उनके परिजनों ने कर ली है। इसमें कहा गया है कि 212 शवों और शरीर के 140 अंगों का पोस्टमार्टम किया जा चुका है तथा 119 अवशेष निकटतम परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

## चंडीगढ़-मनाली मार्ग पर यातायात बहाल

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण अवरुद्ध हुए चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग के एक हिस्से पर यातायात बहाल कर दिया गया है। शनिवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार रात हुई बारिश के कारण भूस्खलन होने से मंडी और पंडोह के बीच का मार्ग अवरुद्ध हो गया था। सड़क के इस हिस्से से मलबा हटाकर इसे खोलने में 10 घंटे का समय लगा।

## पीड़ितों के लिए 100 घर बनाएगी कर्नाटक सरकार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को घोषणा की कि भूस्खलन प्रभावित वायनाड में कर्नाटक सरकार पीड़ितों के लिए 100 घरों का निर्माण करेगी। सीएम सिद्दारमैया के इस ऐलान के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनका आभार जताया है। सिद्दारमैया के पोस्ट का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं वायनाड में इस कठिन समय के दौरान उदार समर्थन के लिए कर्नाटक के लोगों और सरकार का बहुत आभारी हूं। दुखद भूस्खलन के पीड़ितों के लिए 100 घर बनाने की आपकी प्रतिबद्धता पुनर्वास प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीयों की करुणा और एकजुटता ही वह ताकत है, जिसकी वायनाड को अभी जरूरत है। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कर्नाटक सरकार के इस पहल के सीएम सिद्दारमैया को धन्यवाद कहा है।



राहुल गांधी ने सिद्दारमैया का जताया आभार

## अरुणाचल प्रदेश के लोहित में म्यामां के तीन नागरिक गिरफ्तार

**ईटानगर,** (पंजाब केसरी): अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में म्यामां के तीन नागरिकों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तुम्मे अमो ने बताया कि काथन गांव से शुक्रवार दोपहर तीन बजे इन तीन नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अदेह सादी लिसु (25), अखी योहा लिसु (22) और न्वाफटा लिसु (20) के रूप में हुई है। ये सभी म्यामां के पुताओ जिले के सागो गांव के रहने वाले हैं। अधीक्षक ने बताया कि तीनों को गिरफ्तार कर वाकरो पुलिस थाने लाया गया है।

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 4 Augest, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026

premastrologer premastrologer premastrologer askpremastrologer




**मेष ARIES** ( 21 मार्च- 20 अप्रैल) सेहत के मामले में भाग्यशाली रहने वाले हैं। वित्तीय स्तर पर आ रही समस्या दूर होगी। पैरेंट्स आपकी जरुरतों के प्रति सजग रहेंगे। किसी खास व्यक्ति से मिलने यात्रा पर जायेंगे।
**लकी नंबर : 2, लकी कलर : ऑरेंज**

**वृषभ TAURUS** ( 21 अप्रैल - 20 मई) किसी प्रतिष्ठित स्थान पर बुलाए जाएंगे। सामाजिक क्षेत्र में लोगों का सपोर्ट मिलेगा। लांग ट्रिप के दौरान परेशानी आ सकती है। व्रत के जरिये पाचन को ब्रेक देना चाहेंगे।
**लकी नंबर : 3 , लकी कलर :ब्राउन**

**मिथुन GEMINI** ( 21 मई - 21 जून) सर्जरी से गुजरे लोग आराम महसूस करेंगे। अनअपेक्षित स्रोत से इनकम होने वाली है। घरेलू समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे। वेकेशन पर जाना यादगार रहने वाला है।
**लकी नंबर : 17 , लकी कलर : डार्क ग्रे**

**कर्क CANCER** (22 जून - 22 जुलाई) फिजिकल फिटनेस को प्राथमिकता देंगे। वित्तीय मामले में आत्मसंयम जरुरी है। घरेलू मामले में कुछ नया होने वाला है। विदेश यात्रा पर जाने की संभावना है।
**लकी नंबर : 22 , लकी कलर : मैजेंटा**

**सिंह LEO** (23 जुलाई -23 अगस्त) नियमित व्यायाम से ब्रेक लेना अच्छा रहेगा। परिवार के लिए मजबूत स्तंभ साबित होंगे। ट्रांसफर की संभावना बन रही है,तैयार रहें। डेडलाइन का पालन करने में सफल रहेंगे।
**लकी नंबर : 5, लकी कलर : मैरून**

**कन्या VIRGO** ( 24 अगस्त- 23 सितंबर) बीमार चल रहे लोग तेजी से रिकवर करेंगे। बचत के लिए बजट बनाकर चलना होगा। किसी बड़े सपने के लिए पूँजी जुटा पायेंगे। विदेश यात्रा पर जाना यादगार रहने वाला है। पार्टी के आयोजन को लेकर दुविधा रहेगी।
**लकी नंबर : 11 , लकी कलर : रेड**

**तुला LIBRA** ( 24 सितंबर- 23 अक्टूबर) आर्थिक स्तर पर उन्नति के संकेत हैं। परिवार का सपोर्ट मोरल हाई रखेगा। विदेश यात्रा पर जाने की तैयारी कर लें। आसपास के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।
**लकी नंबर : 7 , लकी कलर : पीच**

**वृश्चिक SCORPIO** ( 24 अक्टूबर- 22 नवंबर) शेप में बने रहने का प्रयास रंग लाएगा। आमदनी का प्रवाह बढ़ने के संकेत हैं। आपकी प्रतिष्ठा आसमान पर पहुँचेगी। फैमिली गेट टुगेदर होने की उम्मीद है।
**लकी नंबर: 4 , लकी कलर : स्काई ब्लू**

**धनु SAGITTARIUS** ( 23 नवंबर - 21 दिसंबर) दिनचर्या में व्यायाम शामिल करेंगे। वित्तीय क्षेत्र में अच्छे निर्णय ले पायेंगे। ट्रिप के लिए ऑफ बीट लोकेशन चुनेंगे। वक्त पर करीबी लोगों का साथ मिलेगा।
**लकी नंबर :9, लकी कलर : सैफ्रॉन**

**मकर CAPRICORN** ( 22 दिसंबर- 21 जनवरी) फिटनेस के प्रति आपकी सजगता बढ़ेगी। आर्थिक चिंताओं से राहत मिल सकती है। किसी से मिलने दूसरे शहर जा सकते हैं। तरोताजा होने के लिए रुटिन बदलना होगा।
**लकी नंबर : 7, लकी कलर : व्हाइट**

**कुंभ AQUARIUS** ( 22 जनवरी- 19 फरवरी) ज्यादा फिट और एनर्जेटिक फील करेंगे। घरेलू तनाव समय रहते सुलझाना होगा। दोस्तों के साथ आउटिंग पर जा सकते हैं। लोगों से प्रशंसा मिलने की उम्मीद है। किसी जरुरतमंद के काम आ सकते हैं।
**लकी नंबर : 4, लकी कलर : येलो**

**मीन PISCES** ( 20 फरवरी - 20 मार्च) सेहत संबंधी अच्छे टिप्स अपना सकते हैं। अनअपेक्षित स्रोत से आमदनी के संकेत हैं। फैमिली या फ्रेंड्स के साथ घूमने जाएंगे। रोमांचक और यादगार दिन बिताने वाले हैं। मानसिक सेहत को लेकर जागरुकता बढ़ेगी।
**लकी नंबर :9 , लकी कलर : क्रीम**


हरियाणा सरकार
म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा
हम हरियाणवी
अंतर्राष्ट्रीय खेलों में देश के लिए पदक जीतकर लाते हैं
प्रत्येक ओलम्पिक प्रतिभागी को ₹15 लाख
प्रत्येक स्वर्ण पदक विजेता को ₹6 करोड़
प्रत्येक रजत पदक विजेता को ₹4 करोड़
प्रत्येक कांस्य पदक विजेता को ₹2.5 करोड़
वर्ष 2014 से अब तक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेलों में 13,778 पदक विजेताओं को ₹484.13 करोड़ की पुरस्कार राशि दी गई
ओलम्पिक खेलों की तैयारी के लिए ₹5 लाख, एशियन व कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए ₹2.5 लाख एडवांस
खिलाड़ियों को प्रोत्साहन निरंतर जारी
SAMVAD RO. No. 1089/13/1724/2025/28475/142/7 Dt. 03/08/2024
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in
Follow us on
@diprharyana

# 'नार्को-टेरर' गिरोह से जुड़े पांच पुलिसकर्मी और शिक्षक बर्खास्त

**श्रीनगर,** (पंजाब केसरी): जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शनिवार को पांच पुलिसकर्मियों समेत छह सरकारी कर्मचारियों को ''राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता'' के आरोप में बर्खास्त कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) का इस्तेमाल कर उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया।

राष्ट्रपति या राज्यपाल को अगर लगता है कि जनसेवा में व्यक्ति का बने रहना राज्य की सुरक्षा के लिए हानिकारक है तो वह अनुच्छेद के प्रावधान 'सी' के तहत, जैसा भी मामला हो, किसी कर्मचारी को सामान्य प्रक्रिया का अनुपालन किए बिना बर्खास्त करने का अधिकार रखते हैं। एक अधिकारी ने कहा, ''सरकार ने आज पांच पुलिसकर्मी और एक सरकारी शिक्षक को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए बर्खास्त कर दिया।'' उन्होंने बताया कि उनकी गतिविधियां के बारे में कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों



● बर्खास्त कर्मचारी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों लिप्त थे

ने पता लगाया। उन्होंने पाया कि राज्य के हितों को क्षति पहुंचाने वाली गतिविधियों में उनकी ''गहरी संलिप्तता'' थी, जो आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों से उनके जुड़े होने का सबूत है। अधिकारियों ने बताया कि बर्खास्त कर्मचारियों में हेड कांस्टेबल फारूक अहमद शेख, कांस्टेबल सैफ दीन, खालिद हुसैन शाह और इरशाद अहमद चालकू, कांस्टेबल रहमत शाह और शिक्षक नजम दीन का नाम शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि जांच से पता चला है कि ये कर्मचारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और पाकिस्तान से संचालित आतंकी समूहों के 'नार्को-टेरर' गिरोह से जुड़े हुए थे। उन्होंने दावा किया कि अपराध से अर्जित आय का उपयोग ''जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने की विरोधी एजेंसी की बड़ी साजिश'' के लिए किया जाना था। अधिकारियों ने बताया कि शेख, खालिद शाह और रहमत शाह ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों के साथ संपर्क बना लिया था। उन्होंने कहा, ''वे पाकिस्तान से मादक पदार्थों की तस्करी करते थे और इस अपराध से अर्जित आय का उपयोग अशांति को बढ़ावा देने के साथ-साथ आतंकवादी गतिविधियों को वित्तपोषित करने के लिए किया जाता था।''

## भारतीय पनडुब्बी आईएनएस शाल्कि श्रीलंका पहुंची

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय पनडुब्बी आईएनएस शाल्कि श्रीलंका की दो दिवसीय यात्रा पर है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते समुद्री सुरक्षा सहयोग को दर्शाता है। भारतीय नौसेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

भारतीय नौसेना ने बताया कि शिशुमार श्रेणी की डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी दो अगस्त को कोलंबो पहुंच गई है। भारत उन चुनिंदा देशों को पनडुब्बियां भेजता है जिनके साथ उसके करीबी रक्षा और रणनीतिक संबंध हैं।

भारतीय पनडुब्बी का कोलंबो दौरा चीन द्वारा द्वीप राष्ट्र पर अपने सामरिक और सैन्य प्रभाव को बढ़ाने के लगातार प्रयासों की पृष्ठभूमि में हुआ है। शुक्रवार को आगमन पर श्रीलंका की नौसेना द्वारा पनडुब्बी का औपचारिक स्वागत किया गया। आईएनएस शाल्कि को सात फरवरी 1992 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।

# हिमाचल में बादल फटने से 50 लोगों की मौत अगले चार दिन भारी बारिश की चेतावनी



राज्य में पिछले दिनों बादल फटने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं

**शिमला,** (पंजाब केसरी): हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्य में विभिन्न स्थानों पर बादल फटने की घटनाओं से प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 50 लोगों के मारे जाने की आशंका है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले चार दिन भारी बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है। मंत्री ने कहा कि आधिकारिक पुष्टि और खोज एवं बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही आधिकारिक संख्या घोषित की जा सकती है। इस समय सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता शवों को निकालना और राज्य के बाढ़ प्रभावित इलाकों में संपर्क बहाल करना है। मौसम विभाग ने 7 अगस्त तक राज्य में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य में अचानक आई बाढ़ से प्रभावित सभी परिवारों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। राज्य में पिछले दिनों बादल फटने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। शिमला के समेज में 2 अगस्त को बादल फटने से छह छात्र बह गये थे। स्कूल का भवन भी पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया था। शिमला के ही रामपुर में 1 अगस्त की सुबह बादल फटने के बाद 36 लोग लापता हो गये थे। उसी दिन कुल्लू में बादल फटने के बाद सात लोग लापता हो गये थे। घरों को भी नुकसान पहुंचा था। मंडी के राजवन गांव में 31 जुलाई की रात बादल फटने से एक की मौत हो गई थी जबकि कई लापता हो गये थे।

# दो युवकों ने ताजमहल में किया जलाभिषेक



**आगरा, (पंजाब केसरी) :** उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित ताजमहल में शनिवार को दो युवकों ने घूमते हुए बोतल से अंदर जल गिराया और ताजमहल को तेजो महालय बताते हुए जलाभिषेक का दावा किया हालांकि मामले की जानकारी मिलते ही दोनों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस उपायुक्त सूरज राय ने मीडिया को बताया कि ताजमहल घूमने आए दो युवकों द्वारा शनिवार को बोतल से ताजमहल के अन्दर जल गिराया गया। ये हरकत देख सीआईएसएफ ने युवकों को हिरासत में ले लिया। थाना ताजगंज में दी गई तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। हिंदूवादी नेताओं का दावा है कि ये दोनों युवक ताजमहल को शिव मंदिर तेजो महालय मानते हुए सावन मास में गंगाजल चढ़ने पहुंचे थे। दोनों युवकों ने मुख्य मकबरे में स्थित

● सीआईएसएफ ने दो युवकों को हिरासत में लिया

तहखाने के दरवाजे पर ऊपर से ही गंगाजल चढ़ाया। युवकों का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में एक युवक सीढ़ियों पर बोतल से जल गिराते और दूसरा मकबरे की बाहरी दीवार पर ओम का स्टीकर चिपकाने के बाद बोतल से जल गिराता दिख रहा है।

इस मामले में अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रवक्ता संजय जाट ने कहा कि महासभा के विनेश चौधरी और श्याम ने तेजो महालय में गंगाजल चढ़या। ये इमारत ताजमहल नहीं, तेजा महालय है, आगे भी कांवड़ ले जाकर गंगाजल से शिवजी का अभिषेक करते रहेंगे।

## भगवान राम पर आम सहमति बनाए द्रमुक

**चेन्नई,** (पंजाब केसरी): भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई ने भगवान राम के अस्तित्व को लेकर अपने कैबिनेट सहयोगी के विरोधाभासी बयान के लिए राज्य के परिवहन मंत्री एस. एस. शिवशंकर पर शनिवार को कटाक्ष किया। शिवशंकर द्वारा विवादास्पद टिप्पणी किए जाने का एक वीडियो पोस्ट करते हुए अन्नामलाई ने 'एक्स' पर कहा, ''भगवान श्रीराम के प्रति द्रमुक का अचानक उमड़ा जुनून वास्तव में देखने लायक है- किसने ऐसा सोचा होगा?''मंत्री ने अरियालुर में सम्राट राजेंद्र चोल की जयंती के मौके पर एक कार्यक्रम में दावा किया था।

# राज्यपाल केंद्र और राज्य के बीच कड़ी हैं : मुर्मू



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि संघीय व्यवस्था में राज्यपाल केंद्र और राज्यों के बीच कड़ी हैं, वहीं उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राज्यपालों को राज्य सरकारों से जानकारी मांगने में संकोच नहीं करना चाहिए।

राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन में, अपने समापन संबोधन में मुर्मू ने कहा कि जन कल्याण और समग्र विकास के लिए सभी संस्थाओं का सुचारू संचालन बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी बयान के अनुसार, उन्होंने कहा कि सम्मेलन में विभिन्न संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय बनाने के उद्देश्य से चर्चा हुई। बयान में कहा गया, ''राज्यपाल भारत की संघीय व्यवस्था में केंद्र और राज्यों के बीच कड़ी हैं।'' राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्वास जताया कि राज्यपालों के समूहों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार, सहकारी संघवाद और केंद्रीय संस्थानों के आपसी समन्वय को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यपालों की जिम्मेदारी नागरिकों के लिए आदर्श उदाहरण स्थापित करने की है। उन्होंने कहा, ''यदि वे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उदाहरण स्थापित करते हैं, तो यह न केवल उनकी पहचान बनेगी, बल्कि लोगों का मार्गदर्शन भी करेगी।''

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की निरंतर मॉनीटरिंग करेंः सीएम



**देहरादून,** सुनील तलवाड़ (पंजाब केसरी): मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन के वरिष्ठ अधिकारी अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों का निरंतर मॉनीटरिंग करें। जिलाधिकारियों द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए जो भी सहायता की मांग की जा रही है, उस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें सहयोग प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर केदारनाथ यात्रा मार्ग के प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के रेस्टोरेशन के लिए आयुक्त गढ़वाल मण्डल विनय शंकर पाण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि सचिव आपदा प्रबंधन, सचिव लोक निर्माण विभाग और ऊर्जा विभाग के उच्च अधिकारी तत्काल रूद्रप्रयाग जिले का दौरा करते हुए रेस्क्यू और रेस्टोरेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई अतिवृष्टि से हुए नुकसान का मुख्यमंत्री जिलाधिकारियों से हर पल का स्वयं अपडेट ले रहे हैं।

# उबाऊ हो चुका है नेहरू को दोषी ठहराना : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कांग्रेस ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उस पर हमला किए जाने के एक बाद शनिवार को पलटवार किया और कटाक्ष करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार की विफलताओं के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को दोषी ठहराना अब उबाऊ हो गया है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि कांग्रेस की सरकारों में कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ। चौहान ने कांग्रेस के 'डीएनए में किसान विरोध होने' का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा था कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से नरेन्द्र मोदी सरकार ने कृषि के क्षेत्र में प्राथमिकताओं को बदला जिसके अच्छे परिणाम आज देखने को मिल रहे हैं। राज्यसभा



में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने अपने मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा था कि वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का आदर करते हैं किंतु उन्होंने (नेहरू ने) पारंपरिक भारतीय कृषि की परवाह नहीं की। खेड़ा ने चौहान पर पलटवार करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''प्रिय शिवराज सिंह चौहान, अंशकालिक कृषि मंत्री और पूर्णकालिक संघ प्रचारक, मुझे आपको पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी और कांग्रेस/संप्रग सरकारों के दौरान अन्य प्रधानमंत्रियों के तहत कृषि क्षेत्र में देखे गए ऐतिहासिक विकास की याद दिलानी चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हरित क्रांति ने गेहूं का उत्पादन 1965 में 1.2 करोड़ टन से बढ़ाकर 1970 तक दो टन कर दिया।

# झारखंड के 83% मूल निवासियों को दी नौकरी

**रांची,** (पंजाब केसरी): झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में विधानसभा में दिए अपने भाषण का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में 83 फीसदी आदिवासियों और मूल झारखंड वासियों का राज्य सरकार ने खास ख्याल रखा और उन्हें सरकारी नौकरी भी दी। इस वीडियो क्लिप में सोरेन कह रहे हैं कि राज्य में विभिन्न पदों पर 83 प्रतिशत से अधिक झारखंडी युवाओं की नियुक्ति की गई है और आगे भी ऐसा ही किया जाएगा। सोरेन ने नियुक्तियों का ब्योरा दिया। बताया कि झारखंड में हमने वैज्ञानिक सहायक प्रतियोगिता परीक्षा 2021 की सफलता पूर्वक भर्ती की। रिम्स में ए ग्रेड की नर्सेज की नियुक्ति भी हमने निकाली है। इसके अलावा लिपिक और लेखा पदाधिकारी की नियुक्तियां भी की गई हैं। इन नियुक्तियों में 83 प्रतिशत आदिवासियों और झारखंड के मूल निवासियों को नौकरियां दी गई हैं।



मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि हमने सुनिश्चित किया है कि झारखंड के युवाओं को उनकी योग्यताओं के अनुसार नौकरियां मिलें। हमारी सरकार युवाओं के हित में हर संभव कदम उठाएगी और राज्य के विकास के लिए कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक और वीडियो साझा कर दावा किया कि उनकी सरकार ने राज्य के उत्थान और विकास में अहम योगदान दिया है।


**MINISTRY OF ROAD TRANSPORT & HIGHWAYS, NEW DELHI**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, NATIONAL HIGHWAY DIVISION, Chaibasa-833201**
**E-Mail ID- eenh.chaibasa@gmail.com**

**Short Notice Inviting Tender**

NIT no.- **NH/CHAIBASA /EPC/01/2024-25** Dated-**02.08.2024**

RFP for **Reconstruction/Widening work from Km 49.00 to 52.800 of NH-220 the state of Jharkhand on EPC mode. (Job No. NH-220(AP)2023-24/346)**on EPC mode **under NH Division Chaibasa.** The Ministry of Road Transport & Highways through **Chief Engineer, National Highway Wing, Jharkhand, Ranchi** is engaged in the development of National Highways and as part of this endeavour, it has been decided to undertake **Reconstruction/Widening work from Km 49.00 to 52.800 of NH-220 the state of Jharkhand on EPC mode. (Job No. NH-220(AP)2023-24/346)**through an Engineering, Procurement and Construction (EPC) Contract.

[The Ministry of Road Transport & Highways/ ~~National Highways Authority of India~~ / StatePublicWorksDepartment/~~BorderRoadOrganisation~~representedbyitsDG(RD)&SS / ~~Chairman~~ / CE (NH) PWD State ~~/ DGBR~~] now invites bids from eligible contractors for the following project:

| State | NH No. | Name of Work | Estimated cost (in Rs.) | Cost of document (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Completion period | Maintenance period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Jharkhand | NH-220 | Reconstruction/Widening work from Km 49.00 to 52.800 of NH-220 the state of Jharkhand on EPC mode. (Job No. NH-220(AP)2023-24/346) | 8,45,52,865/- (including GST & LC) | Rs. 10,000/- | 8,46,000/- | 06 (Six Months) | 05(Five years) after Completion |

The complete BID document can be viewed / downloaded from official portal of theCPPPThe complete BID document can be viewed / downloaded from official portal of the CPPP website https:// eprocure.gov.in/eprocure/app from **03.08.2024 to 22.08.2024** (upto 15:00 Hrs IST). Bidder must submit its Financial bid and Technical Bid at https:// eprocure.gov.in/eprocure/appon or before **23.08.2024** (upto 15:00 Hrs). Bids received onlineshall be opened on **23.08.2024** (at15:30 hours IST).

Bid through any other mode shall not be entertained. However, Bid Security, document fee, Power of Attorney shall be submitted physically by the Bidder on or before **23.08.2024** (at 12:30 hours IST), Please note that the Ministry/ Executing Agency reserves the right to accept or reject all or any of the BIDs without assigning any reason whatsoever.

**Executive Engineer**
**National Highway Division, Chaibasa**
**PR 331787 West Singhbhum(24-25)#D** **Mobile No. 9006914020, E-mail :eemh.chaibasa@gmail.com**



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभागकार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **07/2024-25/STPKG/RWD/EE/JSR** दिनांक :- **02.08.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/JSR/ STPKG/04/20 24-25 | बिरघा से कानिकोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–4.300 कि0मी0) | 2,49,59,800.00 | दो करोड़ उन्चास लाख उन्सठ हजार आठ सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| | | नेगा से केन्दमुरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–1.930 कि0मी0) | 95,27,200.00 | पन्चानवे लाख सताईस हजार दो सौ रू0 मात्र | |
| | | L121 हल्दीपोखर तिरिंग मेन रोड से नागो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–2.600 कि0मी0) | 1,28,77,500.00 | एक करोड़ अठाईस लाख सतहत्तर हजार पाँच सौ रू0 मात्र | |
| | | मुदासासाई से ततलडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–0.950 कि0मी0) | 50,22,700.00 | पचास लाख बाईस हजार सात सौ रू0 मात्र | |
| | | L105 से सुफलडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–6.820 कि0मी0) | 3,87,52,400.00 | तीन करोड़ सत्तासी लाख बावन हजार चार सौ रू0 मात्र | |
| | | हाता–जादुगोड़ा रोड से मोघासाई तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–1.325 कि0मी0) | 71,34,100.00 | एकहत्तर लाख चौंतीस हजार एक सौ रू0 मात्र | |
| | | पोराडीहा से पोखरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–2.500 कि0मी0) | 1,92,08,400.00 | एक करोड़ बानवे लाख आठ हजार चार सौ रू0 मात्र | |
| | | बालीडीह से बुरूहातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–2.500 कि0मी0) | 98,66,000.00 | अन्ठानवे लाख छियासठ हजार रू0 मात्र | |
| | | L035-L034 से झरियागुट्टू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–2.485 कि0मी0) | 1,82,38,500.00 | एक करोड़ बिरासी लाख अड़तीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | |
| | | कुल | 14,55,86,600.00 | चौदह करोड़ पचपन लाख छियासी हजार छः सौ रू0 मात्र | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 05.08.2024।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 27.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन मोड में स्वीकार की जाएगी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे ।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर, ब्लॉक–करनडीह, थाना–परसुडीह, जमशेदपुर, झारखण्ड, पिन–831002।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0657–2298902।
8. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 331723 REO(24-25)D

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,जमशेदपुर


# मान को पेरिस जाने की राजनीतिक मंजूरी नहीं मिली



**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी) केंद्र सरकार ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम का समर्थन करने के लिए पेरिस जाने की राजनीतिक मंजूरी देने से इनकार कर दिया। एक आधिकारिक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान ने कहा कि उन्हें भी चार से सात अगस्त तक होने वाले विधायी निकायों के अध्यक्षों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिका जाने की राजनीतिक मंजूरी नहीं दी गई है। राजनयिक पासपोर्ट रखने वाले मान को चार अगस्त को भारतीय हॉकी टीम के क्वार्टर फाइनल मैच के वास्ते तीन से नौ अगस्त तक के लिए पेरिस जाना था,और उन्होंने अपनी यात्रा के लिए राजनीतिक मंजूरी मांगी थी। राज्य सरकार के सूत्र ने बताया कि केंद्र ने उन्हें यह कहते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया कि चूंकि मान को 'जेड-प्लस' सुरक्षा मिली हुई है, इसलिए कम समय में उनके लिए सुरक्षा का प्रबंध करना संभव नहीं है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना** दिनांक-31.07.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर / कारखाना / झांसी हेतु आनलाईन ई टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** डिप्टी सी0ई0- झांसी डब्लू -62

**कार्य का नामः** 1. जी0एस0डी झांसी में अधिक वजन के सामान के लिये एम0एल0आर0 वार्ड में इन्डस्ट्रीयल फ्लोरिंग को ऊंचाई पर बनाना। 2. जी0एस0डी झांसी के नये स्क्रैप यार्ड में स्क्रैप सामग्री को रखने के लिये बिन्स का निर्माण करना। 3 जी0एस0डी झांसी में इन्डस्ट्रीयल कंक्रीट फ्लोरिंग को ऊंचाई पर बनाना। (2000 स्क्वायर मीटर)। 4. झांसी वर्कशॉप के लिये विस्तारित सीमा के लिये चारदीवारी का निर्माण।

**अनुमानित लागतः** रूपये 6,25,05,563.12/- रूपये छः करोड़ पच्चीस लाख पाँच हजार पाँच सौ तिरेसठ और पैसे बारह मात्र।, **अमानत राशिः** रूपये 462500/-

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 27.08.2024 15:00 बजे**

**स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

**निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपयेः** कुछ नही, पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें। **1362/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR



**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नाम** : नामालूम, **पुत्र** : नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्र** : लगभग 55–60 साल, **कद** : 5'7'', **रंग** : गेहूंआ, **चेहराः** गोल, **शरीरः** पतला, **पहनावा** : सफेद रंग का शर्ट और ब्राउन रंग का पैंट जो गली नं.09, के कार्नर में डिवाइन अस्पताल, संगम विहार के सामने दिनांक 31.07.2024 को दिल्ली में मृत मिला। इस संदर्भ में **डीडी नं. 38–ए दिनांक 31.07.2024** थाना वजीराबाद, दिल्ली में दर्ज है। मृतक के शरीर को सब्जी मंडी दिल्ली के शवगृह में 72 घंटे के लिए रखा गया है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना : वजीराबाद, दिल्ली**
DP/10286/N/2024 **फोनः 9354963737, 9968581218**


## आजम खान के जौहर विवि में दो भवनों पर हुई सीलिंग की कार्रवाई



**रामपुर,** (पंजाब केसरी) : समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी में शत्रु संपत्ति पर बने दो भवनों पर प्रशासन ने शनिवार को सीलिंग की कार्रवाई की। खाली करने के लिए दिया गया समय पूरा होने के बाद अधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ परिसर पहुंचकर यह कार्रवाई की। आरोप है कि जौहर विवि में कस्टोडियन की जमीन पर अवैध कब्जा कर इस भवन का निर्माण कराया गया था। ज्ञात हो कि पिछले दिनों हाईकोर्ट के आदेश पर शत्रु संपत्ति अभिरक्षक ने जौहर विश्वविद्यालय में पैमाइश कराई थी। राजस्व विभाग ने जौहर विवि परिसर स्थित 13.8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति की पैमाइश कर कस्टोडियन को कब्जा दिलाया था।

# छत्तीसगढ़ में चरण पादुका योजना पर गरमाई राजनीति



**रायपुर,** आशीष शर्मा, (पंजाब केसरी): छत्तीसगढ़ में विष्णु देव सरकार चरण पादुका योजना को फिर से बहाल करने जा रही है। इससे पहले भाजपा की सरकार के दौरान चरण पादुका योजना लॉन्च की गई थी। 2018 के बाद कांग्रेस की सरकार ने इस योजना का स्वरूप बदल दिया। वहीं नगद राशि का वितरण बंद किया। सीधे तौर पर खरीदी के बजाय ऑनलाइन राशि के ट्रांसफर को लेकर आवेदन किया। इसके बाद लगातार यह योजना निर्बाध ढंग से जारी है। अब सरकार ने फिर से इस योजना को शुरू करने का फैसला लिया है। इस फैसले से के बाद ही सियासत गरमा गई है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस मामले में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए पलटवार किए हैं। उन्होंने आरोप लगाए कि पूर्ववर्ती सरकार में प्रदेश में माफिया राज चल रहा था। वित्त मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता हरा सोना माना जाता है। तेंदूपत्ता दर को बढ़कर साढ़े 5000 करने का फैसला भी सरकार ने किया है। जबकि कांग्रेस सरकार में तेंदूपत्ता संग्राहकों को बीमा और बोनस का लाभ नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि अब हमारी सरकार चरण पादुका योजना फिर से शुरू करने जा रही है तो कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लोग अपने शासन में तेंदूपत्ता की खरीदी सिर्फ दिखाने के लिए कर दिया। बीमा, स्कॉलरशिप, चरण पादुका जैसी सभी योजनाएं इन लोगों ने बंद कर दी। आदिवासियों के पांव में कांटे ना लगे इसके लिए सरकार ने यह योजना शुरू की है । उन्होंने कहा कि यह वही लोग हैं जो जैन पोर्टल जिसमें पारदर्शिता के साथ खरीदी प्रक्रिया होती है इसे बंद कर भ्रष्टाचार करने सारी ऊर्जा लगाई थी।

# असम में बनेगा स्वदेशी सेमीकंडक्टर



**जागीरोड (असम),** (पंजाब केसरी): असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शनिवार को मोरीगांव जिले के जागीरोड में 27,000 करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र का भूमि पूजन किया। जागीरोड में टाटा सेमीकंडक्टर संयंत्र, भारत का पहला स्वदेशी सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र है। सरमा और चंद्रशेखरन, दोनों ने देश के विभिन्न हिस्सों से आए पुजारियों के मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेमीकंडक्टर संयंत्र के 3-डी मॉडल का अनावरण किया गया। सरमा ने कहा कि यह असम के लोगों के लिए 'स्वर्णिम दिन' है और उन्होंने इस संयंत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और टाटा संस लिमिटेड को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को आश्वासन दिया कि कंपनी को इस संयंत्र की स्थापना में कोई कठिनाई नहीं होगी और असम के लोग इसके लिए हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव की पहल के कारण यह संयंत्र असम में आ सका। सरमा ने कहा, 'उन्होंने हमें आश्वासन दिया था कि अगर टाटा एक कदम आगे बढ़ने के लिए तैयार है, तो केंद्र असम में संयंत्र की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए दो कदम आगे बढ़ेगा।' राज्य में उग्रवादी गतिविधियों में कमी आने के बाद भी बहुत कम निजी कंपनियां राज्य में निवेश करने को तैयार थीं, लेकिन सरमा ने कहा, 'मैंने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी, गुवाहाटी) का सह-प्रायोजक बनने के लिए चंद्रशेखरन से संपर्क किया था, जो उस समय टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के प्रबंध निदेशक थे, और उन्होंने तुरंत सहमति दे दी थी।'

## इतिहास के झरोखे से...

### 4 अगस्त को गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 को ब्रिटिश राजशाही की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : अतीत के झरोखे में झांकने पर पता चलता है कि 4 अगस्त को अनेक ऐसी घटनाएं हुई जो इतिहास में दर्ज है। आज ही के दिन 1666 में नीदरलैंड और इंग्लैंड के बीच समुद्री लड़ाई हुई। 1886 में कोलंबिया ने संविधान अंगीकार किया। 1914 में जर्मनी ने बेल्जियम के खिलाफ और ब्रिटेन ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1929 में अभिनेता, गायक, निर्देशक किशोर कुमार का जन्म। 1935 में गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट 1935 को ब्रिटिश राजशाही की मंजूरी मिली। 1954 में पाकिस्तान सरकार ने हाफिज जलंधरी द्वारा लिखे गीत को राष्ट्रगान के रूप में अपनाने पर सहमति दी।1956 में देश का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा शुरू हुआ। 1964 में गत 21 जून से अमेरिका में लापता तीन नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं के शव फिलाडेल्फिया के एक निर्माणाधीन बांध के निकट ज़मीन में दफन मिले। 1967 में विश्व के सबसे लंबे चिनाई बांध नागार्जुनसागर का निर्माण। 2000 में ब्रिटेन की महारानी राजमाता एलिजाबेथ ने अपना सौवां जन्मदिन मनाया। वह शाही घराने की पहली सदस्य हैं, जिन्होंने उम्र का सैकड़ा पार किया।



# दिल्ली में अब प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया होगी तेज व पारदर्शी

**खास बातें...**

- 22 सब रजिस्ट्रार ऑफिस में शुरू हुआ नेशनल जैनेरिक डाक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम
- प्रोसेसिंग टाइम में लगेगा कम समय जिससे धोखाधड़ी रुकेगी व खत्म होगा भ्रष्टाचार



### अब तक 2.31 लाख से अधिक प्रॉपर्टी हुईं रजिस्टर्ड

एनजीडीआरएस समीक्षा के दौरान उपराज्यपाल को बताया गया कि यह प्रणाली सभी 22 सब–रजिस्ट्रार कार्यालयों में लागू कर दी गई है और अब तक 2.31 लाख से अधिक संपत्तियां इसके तहत रजिस्टर्ड की गई हैं। सक्सेना ने जनवरी 2025 तक दिल्ली में सभी संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन एनजीडीआरएस के तहत पूरा करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को निर्बाध, पारदर्शी और सिटीजन फ्रेंडली सर्विस के लिएडीडीए, एमसीडी और डीएसआईआईडीसी जैसी विभिन्न एजेंसियों को अपनी प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन संबंधी मामलों को एनजीडीआरएस के साथ एकीकृत करने का निर्देश दिया है।

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली में अब प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन व इससे जुड़ी दूसरी सेवाएं पहले से कहीं अधिक आसान, तेज और अधिक पारदर्शी हो जाएंगी। एलजी वीके सक्सेना के प्रयासों से दिल्ली के सभी 22 सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में नेशनल जेनेरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एनजीडीआरएस) लागू कर दिया गया है। राजनिवास के अधिकारियों ने बताया कि एलजी सक्सेना के लगातार प्रयासों और उनकी निगरानी में एनजीडीआरएस को दिल्ली में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। पिछले वर्ष 2 सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में इसे तकनीक को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया था। एकीकृत प्रौद्योगिकी की इस पहल से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने, पारदर्शिता बढ़ाने, प्रोसेसिंग टाइम को कम करने, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार को रोकने में मदद मिलेगी। यह तकनीक पहले से ही 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू है। इस प्रणाली की शुरुआत होने राजधानी में अब संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन फेसलेस तरीके से हो सकेगा।

अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा लॉन्च किया गया एनजीडीआरएस 'वन नेशन, वन सॉफ्टवेयर' की अवधारणा पर आधारित है, जो मुख्य रूप से प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ दस्तावेज पंजीकरण की आवश्यकताओं को भी पूरा करता है। एनजीडीआरएस अपॉइंटमेंट, मूल्यांकन, शुल्क गणना, भुगतान, दस्तावेज डेटा एंट्री, प्रस्तुतिकरण और रजिस्ट्रेशन के लिए एक ऑनलाइन इंटीग्रेटेड पोर्टल है। इससे नागरिक सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में दस्तावेज पंजीकरण के लिए पूर्व अपॉइंटमेंट भी बुक कर सकते हैं। इसके तहत, पंजीकृत दस्तावेज एक सेंट्रल सर्वर पर स्टोर होते हैं और इसलिए, सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में दस्तावेजों को भौतिक रूप से खोजने की कोई आवश्यकता नहीं होती है, क्योंकि उन्हें डीड नंबर, पैन नंबर या प्रॉपर्टी नंबर से तुरंत खोजा जा सकता है। इस तरह से प्रोसेसिंग में लगने वाले समय की बचत होती है। इसके साथ ही कोई भी संपत्ति खरीदार संपत्ति के वास्तविक स्वामित्व की जांच और प्रमाणित करने में भी सक्षम होगा जिससे धोखाधड़ी की संभावना खत्म हो जाएगी।

एलजी ने डीडीए को निर्देश दिया कि वह डीडीए की प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन में धोखाधड़ी की संभावनाओं को दूर करने के लिए अपने आवास आवंटन और लीज डीड सिस्टम को एनजीडीआरएस के साथ एकीकृत करे। इससे डीडीए से आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन में सब-रजिस्ट्रार का समय बचेगा और नागरिकों केसब-रजिस्ट्रार कार्यालय में मौके पर ही दस्तावेज पंजीकृत हो जाएंगे। एलजी ने यह भी निर्देश दिया कि नागरिकों को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय आने की आवश्यकता के बिना संपत्ति पंजीकरण की प्रमाणित प्रतियां ऑनलाइन प्रदान की जाएं। इसके अलावा, एमसीडी को यूपीआईसी नंबर को एनजीडीआरएस के साथ एकीकृत करने का भी निर्देश दिया गया है जो एमसीडी और एसआर कार्यालयों में संपत्ति के सभी डेटा को एकत्रित करने में मदद करेगा।

# दिल्ली विवि ने जारी किया कैलेंडर, 29 से क्लासेस शुरू

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने नए शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में प्रवेश चाहने वाले स्नातक प्रथम वर्ष के अभ्यार्थियों के लिए शनिवार को बहुप्रतीक्षित शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया। जिसके मुताबिक, स्नातक छात्रों के नए बैच के लिए कक्षाएं 29 अगस्त से शुरू होंगी। बता दें कि स्नातक के छात्रों का नया सत्र 1 अगस्त से शुरू होने वाला था, लेकिन कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) स्कोर की घोषणा में देरी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। यूजी पाठ्यक्रमों के लिए शैक्षणिक सत्र अगले साल 7 जून को समाप्त होगा।

डीयू द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, पहला सेमेस्टर अब 29 अगस्त से शुरू होगा। 27 अक्टूबर से 3 नवंबर तक मध्य सेमेस्टर का ब्रेक निर्धारित है। 4 नवंबर को कक्षाएं फिर से शुरू होंगी। सेमेस्टर 24 दिसंबर को समाप्त होगा। तब प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों को अवकाश दिया जाएगा। पहले सेमेस्टर की सैद्धांतिक परीक्षाएं 6 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाली हैं और 25 जनवरी, 2025 तक चलेंगी। इसके बाद शीतकालीन अवकाश शुरू हो जाएगा।

गौरतलब है कि डीयू में फिलहाल विभिन्न यूजी कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। सीयूईटी-यूजी के माध्यम से 65 से अधिक कॉलेजों में 71,000 से अधिक सीटों पर नामांकन होना है। डीयू में पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया 28 मई को शुरू हुई थी, जिसमें कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल पर 2,70,000 रजिस्ट्रेशन हुए। हालांकि, सीयूईटी-यूजी के परिणाम में देरी होने के कारण चरण दो की प्रवेश प्रक्रिया में विलंब हुआ।



### दूसरा सेमेस्टर 27 जनवरी से शुरू होगा

दूसरा सेमेस्टर 27 जनवरी, 2025 को शुरू होगा, जिसमें 9 मार्च से 16 मार्च तक मध्य सेमेस्टर का अवकाश होगा। कक्षाएं 17 मार्च को फिर से शुरू होंगी और सैद्धांतिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए 25 मई से अवकाश दिया जाएगा। थ्योरी परीक्षाएं 7 जून को शुरू होंगी। शैक्षणिक वर्ष 29 जून से 20 जुलाई, 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के साथ समाप्त होगा।






## दिल्ली दंगा मामले में छह आरोपी बरी, कोर्ट ने कहा नहीं मिले सबूत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगे मामले में आरोपित छह लोगों बरी करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इन छह आरोपितों को उनके खिलाफ सबूत नहीं पाए जाने पर बरी कर दिया। इस मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला कर रहे थे। मामले की लंबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि आरोपितों के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं। उत्तर पूर्वी दिल्ली में भड़के सांप्रदायिक दंगों के मामले में लंबी सुनवाई के बाद कड़कड़डूमा कोर्ट आरोपित छह लोगों को बरी कर दिया। दिल्ली दंगे के मामले में फरवरी 2020 में थाना करावल नगर में एफआईआर दर्ज की गई थी। दिल्ली पुलिस ने सभी छह आरोपितों के खिलाफ 25 फरवरी, 2020 को शिव विहार में एक घर में लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी में शामिल होने के तहत मामला दर्ज किया था।

# रेलवे में 66 लाख महिलाओं की सुरक्षा में मात्र 6 हजार महिला सुरक्षाकर्मी ही तैनात: सिंह

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारतीय रेलवे में प्रतिदिन सफर करने वाले 66 लाख महिलाओं की सुरक्षा में मात्र 6 हजार महिला सुरक्षाकर्मी तैनात है। महिला सुरक्षा कर्मियों की यह कमी ट्रेनों में सफर करने वाली महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। इस संबंध में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह द्वारा रेल मंत्रालय से कई सवाल पूछे गए थे, जिनका मंत्रालय ने जवाब दे दिया है। मंत्रालय से मिले जवाब के मुताबिक ट्रेनों के आरक्षित डिब्बों में रोजाना सफर कर रही 66 लाख महिलाओं की सुरक्षा में 'मेरी सहेली" स्कीम के तहत मात्र 700 महिला सुरक्षाकर्मी ही तैनात हैं, जबकि रेलवे में करीब 63 हजार सेवा कर्मी तैनात हैं और इसमें मात्र 9.36 फीसद यानी 5900 महिला सुरक्षा कर्मी तैनात हैं।



संसद के मॉनसून सत्र में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह द्वारा भारतीय रेल में महिला यात्रियों की सुरक्षा के संबंध में पूछे गए प्रश्न का जवाब रेल मंत्रालय द्वारा 25 जुलाई 2024 को दिया गया। केंद्र सरकार के जवाब में यह तथ्य सामने आया है कि भारतीय रेल में प्रतिदिन लगभग 66 लाख महिलाएं आरक्षित डिब्बों में यात्रा करती हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए मात्र 700 महिला सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। सरकार ने अपने जवाब में बताया कि स्कीम 'मेरी सहेली" के तहत 66 लाख महिला यात्रियों के लिए मात्र 700 महिला सुरक्षाकर्मी तैनात किये गए जो अपने आप में बहुत ही चिंताजनक आंकड़ा है।

रेलवे सुरक्षा बल में रिक्तियों के संबंध में 'आप' सांसद संजय सिंह के सवाल पर सरकार ने बताया कि वर्तमान में लगभग 4660 पद रिक्त हैं। सुरक्षा में महिला सुरक्षा कर्मियों की भागीदारी के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर सरकार ने बताया कि 63 हजार के लगभग सेवा कर्मियों में मात्र 9.36 फीसदी महिला सुरक्षा कर्मी है।










# पंजाब केसरी क्लासीफाइड

## वधू चाहिए

### ब्राह्मण

**B.Tech MBA-IIT** Non-Manglik Saraswat Brahmin boy 30/5'7" Multinational Gurgaon 15L father retired. DyDGM Sarve Brahmin. 8800908497 1256166

## वर चाहिए/दूसरी शादी

**2nd Marriage need** Groom for high educated phd Hindu nai(bhanbheru)girl. height 5' 3" age 40yr govt job.Intrested person call: M.9548386807 1256355

## आवश्यकता

### महिला

**60 वर्ष पंजाबी सरदार जी,** अपना मकान, अपना बिजनेस, कार, सुख दुख में साथ देने वाली महिला चाहिए। सम्पर्क करें : 9891916556, 9811585866, (2047/39, करोल बाग)। 1256278

## सुपरवाइजर

**चाहिए फिमेल रिसेप्सनिट,** और अनुभवी construction सुपरवाईजर, आयु - 30-40 साल, BA/12वीं पास, Good Commu. skills , रहने की सुविधा पीरागढ़ी # 7011121308, 9313715008. 1256316

## टैलीकॉलर्स

**फीमेल टेली कॉलर्स** चाहिए फैब्रिक शोरूम नेहरू प्लेस के लिए कम्प्यूटर नॉलेज एंड फैब्रिक के अनुभवी को प्राथमिकता। फोन :- 9810849422 1256064

## ड्राइवर

**अतिशीघ्र चाहिए ड्राइवर** जिसे सभी प्रकार की गाड़ियां चलाने का अनुभव हो। सम्पर्क करें : - 9213152027, 9818394371. 1256067

ड्राइवर अनुभवी की आवश्यकता है जिसे दिल्ली के रास्तों की जानकारी हो (निकट वालों को प्राथमिकता) मिलें 203, स्वर्ण अपार्टमेंट, मधुबन चौक, पीतमपुरा, # 9811236960. 1256327

**चाहिए कुशल टैक्सी** ड्राइवर जिसको 5 से 7 साल का अनुभव हो.. जो यहीं पर रह सके या साउथ दिल्ली से हो 9811461085 दीपक। 1256329




## मैकेनिक

**चाहिए गुड़गाँव, मानेसर** location के लिए Printer Engineer (Trained/Semi Trained) जो Canon/ HP Printer का काम जानते हो मिलें - 143, Basement, Raja Garden, Delhi. Mob 9212007738, 9999924096. 1256180

## डिलीवरी ब्वॉय

**Urgently need** delivery boys with 2 wheeler. Salary 12000 P.M + 2.8/ KM Contact :K-88 Udyog nagar, peeragarhi, Delhi # 9818856914 1256328

## आवश्यकता/अन्य

**ग्रीन पार्क दिल्ली स्थित** प्रा. लि. कम्पनी को 10/12वीं पास सिक्योरिटी गार्ड्स की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार, नजदीकी को प्राथमिकता (संपर्क 011-42212121) 1256167

**आवश्यकता है मार्किट के** लिए सेल्समैन व फैक्ट्री में सुपरवाइजर की जिन्हें ऑफसेट प्रिंटिंग की जानकारी हो। बाईक जरूरी, तिलकनगर के नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। संपर्क करें : 9868428520, 8588992263. 1255894

## आवश्यकता/अन्य

**WE ARE HIRING** Marketing Executives for TOYS, MOBILE BATTERIES & MOBILE ACCESSORIES in Delhi NCR and Pan India. CALL 99100-50788 EMAIL RESUME hrdeptkdvint@gmail.com 1256319

**आवश्यकता है PCB** Mounting हेतु अकुशल लड़कियों की जो इच्छुक हों और रानी बाग दिल्ली-34 के समीप रहने वाले हों। संपर्क करें दूरभाष-9818862797 1256215

## पोल्ट्री

**एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (04.08.2024) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 440/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है।** 1250396

## ज्योतिष

**कौन कहता है वशीकरण** नहीं होता। मैं चैलेंज के साथ वशीकरण करूंगा। जिससे आपका प्यार पूरी तरह आपकी मुट्ठी में रहेगा। आपका कहना मानेगा। 9816776582. 1256311

## चिकित्सा




## खोया-पाया

**मेरी हाईस्कूल वर्ष - 2020** अनुक्रमांक-0101679 की सनद व मार्कशीट वास्तव में खो गई है हैप्पी सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम जोंधरी, फिरोजाबाद। 1256333

## नाम परिवर्तन

**I hitherto known** as Surender Kumar alias Surendra Kumar Minocha S/o, Ram Swaroop Minocha, R/o -229, Ajabpur Kalan, Near First Railway Crossing, Mata Mandir Road, Dehradun, Dehradun, Uttarakhand - 248001, have changed my name and shall hereafter be known Surendra Kumar Minocha. 1256314

**I hitherto known** as Dinesh Kumar Sharma alias Dinesh kumar S/o : Daya Ram, R/o D-7/2, Shivlok Colony, Raipur Road,VTC: Ladpur, PO: Raipur(o.f). Sub District: Chakrata, District: Dehradun, State: Uttarakhand-248008,have changed my name and shall hereafter be known as Dinesh Sharma. 1256315




**मैं अपूर्वा मिश्रा पुत्री** स्वर्गीय विकल मिश्रा उपरोक्त नाम मेरे हाई स्कूल मार्कशीट व प्रमाण पत्र में अपूर्व मिश्रा अंकित है/ जो कि गलत अंकित है/ मेरा सही नाम अपूर्वा मिश्रा है जो की सही है व अपूर्वा मिश्रा माना जाये जिससे मेरे अन्य कागजात में नाम सही अंकित हो सके। अपूर्वा मिश्रा पुत्री स्व० विकल मिश्रा निवासिनी- 2न्यू एल.आई.जी केशव नगर जूही कालोनी कानपुर नगर 208014 1256322

**मैं, मोनू पुत्र लाल चंद** निवासी ई-379, मंगोलपुरी, दिल्ली-110083, मेरी बेटी के आधार कार्ड 454758888670 में मेरी बेटी का गलत नाम सोनल लिखा है। और सही नाम श्वेता (Shweta) है। 1256330

## नाम परिवर्तन

**I Nirmal Garg W/o** Pradeep Kumar Garg R/o H. no. 1/11740 New F37, Gali No. 1, Panchsheel Garden, Shahdara, Delhi-110032 have changed my name to Nirmala Garg for all purposes. 1256318

**I Pradeep Kumar** S/o Shanti Prasad Garg R/o H. no. 1/11740 New F37, Gali no. 1, Panchsheel Garden, Shahdara, Delhi-110032 have changed my name to Pradeep Kumar Garg for all purposes. 1256317

**I, hitherto known** as Shaju K P alias K P Shaju S/o Poulose R/o 297-B, DDA Flats, Near SBI Ghazipur, East Delhi, Delhi-110096 have changed my name and shall hereafter be known as K P Shaju. 1256340




**मंजू रानी देबबर्मा पत्नी** सूबेदार दशरथ देबबर्मा JC 551879X निवासी गांव मध्य घनिया मारा पोओ उजान घनिया मारा तहसील शान्ति बाजार जिला पश्चिम त्रिपुरा राज्य त्रिपुरा पिन कोड 799102, मैंने अपना नाम मंजू देब बर्मा से बदल कर मंजू रानी देबबर्मा रख लिया है। भविष्य में मझे मंजू रानी देबबर्मा के नाम से ही जाना पहचाना जाए। 1256349

**I, hitherto known** as Istak alias MD Istiyak S/o MD Jasim R/o 68, A-Block, J.J. Colony, Bawana, North West Delhi, Delhi-110039 have changed my name and shall hereafter be known as MD Istiyak. 1256341

**I, Riya Kakar D/o** King Kakar W/o Angad Singh Jaspreet Singh Sabharwal R/o 46/9 East Patel nagar PO: Patel nagar Central Delhi , Delhi - 110008, have changed my name to Riya Kakar Sabharwal 1256334

**I, hitherto known** as Vikas alias Vikash S/o Ashok Singh residing at T-101, Prem Nagar -2, Kirari Suleman Nagar, North West Delhi, Delhi - 110086 have changed my name and shall hereafter be known as Vikash. 7000001

## सार्वजनिक सूचना

**PUBLIC NOTICE**

My Clients Sh. Om Prakash Gupta S/o Late Sh. Sambhu Gupta and Smt. Ruby Gupta W/o Sh Om Prakash Gupta R/o H. No. 6, Gali No. 5/2, Guru Nanak Dev Colony Mahashiv Shakti Mandir, Bhalswa, Delhi-110042 hereby severed all relations immediately with their sons (1) Rahul Gupta & his wife Gudiya and (2) Rohit Gupta & his wife Manisha due to their hostile behaviour and disowned all of them from all their moveable and immovable properties; as such anybody dealing with them my clients will be not responsible in any manner socially, morally, legaly and financially henceforth.

Rajesh Aggarwal (Advocate)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलान श्रीमती अनीता पत्नी श्री दिनेश कुमार गुप्ता एवं श्री दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम सहाय गुप्ता, निवासीगण झुग्गी संख्या डी-124, कच्चा कृष्णा स्कूल के पास, शाहबाद डेयरी, दिल्ली-110042 ने अपने पुत्र मोहित को उसके दुर्व्यवहार, अवज्ञाकारी, नियंत्रण से बाहर होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके उससे संयुक्त रूप से अपने सभी पारिवारिक संबंध-विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में कोई भी उसके साथ किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके लिए मेरे मुवक्किलान एवं अन्य परिजन किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। हस्ता./-महिपाल सिंह, एडवोकेट, चैम्बर नं.-271, सिविल विंग, तीस हजारी कोर्ट-110054, मो. 9868515722

**PUBLIC NOTICE**

Know all people by this Public Notice that my clientess Smt. Rajpati W/o Late Sh. Chander Singh R/o, 1356, GF, Sector-7, Bahadurgarh Haryana has debarred her son namely Arun and his Wife Smt Mamta and their daughters namely Deepanwita and Manswini from her relationship, moveable and immoveable properties with immediate effect due to their mis-behaviour and not obey the advice of my clientess and also have not in her control. If any person deals with them shall be responsible at his/her own risk and responsible in future. My clientess is not responsible in any manner.

Sd./-K.P. SINGH (Advocate) Ch.No.V-26, Opp. SBI, Tis Hazari Courts, Delhi-54

## सार्वजनिक सूचना

**बेदखली सूचना**

मेरी मुवक्किल मोहन्दर सिंह पुत्र गुरु मुख सिंह निवासी एफ-1-225, सैक्टर 16 रोहिणी, दिल्ली 110085 मेरे पुत्र राजेन्द्र की मृत्यु हो गई है। मेरे पुत्र राजेन्द्र सिंह की पत्नी हरजीत कौर व पौत्री सरवजीत कौर उर्फ चन्नू और पौत्र जसविन्द्र सिंह को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

Sd./-Pankaj Kumar Panday (Advocate), Enrolment No.UP1739/06

## कोर्ट नोटिस

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Neha Chand
Civil Judge (Junior Division), Gurugram
Kamlesh
Vs.
Meer Singh
CNR No. HRGR02-003659-2023
Next Date :- 09.09.2024
PUBLICATION ISSUED TO:
Meer Singh
S/o Lalu Ram R/o Vill. Gurgaon, Teh. and Distt. Gurugram

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 09.09.2024 at 10:00 a.m. For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_Notice_&district=Gurugram

-Sd./-, Civil Judge (Junior Division), Seal Gurugram
Dated this day of 01.08.2024

गजट प्रकाशन हेतु
**सर्वसाधारण सूचना इश्तहार मजरिया**

न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन मथुरा। वाद सं०- 299 सन् 2024 जाकर हुसैन आयु करीब वर्ष पुत्र श्री समसू निवासी- हाथिया, तह० गोवर्धन, जिला मथुरा।....वादी **बनाम** अमित गर्ग आयु करीब साल, पुत्र श्री ज्ञानचंद गर्ग, निवासी- म०नं०- 411 ब्लॉक डी०, सैक्टर-11, फरीदाबाद, हरियाणा। ... प्रतिवादी प्रार्थी/वादी ने आपके विरुद्ध उपरोक्त वाद वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा घोषणात्मक आज्ञप्ति के लिये न्यायालय में संस्थित किया है। जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 13/9/24 नियत है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप इस आवेदन के विरुद्ध एतराज प्रतिवादपत्र प्रस्तुत करने हेतु अपने अधिवक्ता या अन्य व्यक्ति कि जिसे उक्त वाद के संबंध में जानकारी हो, तथा उक्त वाद के विरुद्ध सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम हो, मय साक्ष्य के साथ प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त दिन उपरोक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जबाव प्रस्तुत नहीं करते हैं तो आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय रूप से किया जावेगा। अतः यह आज दिनांक 25/7/ 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुंसरम

**न्यायालय श्रीमान सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी, तावडू जिला नूंह**

महेन्द्र सिंह
बनाम
भगवान सिंह वगैरा
केस नं- 17/N.Tehsildar
आगामी तारीख 20.8.24

दावा तकसीम जेरेधारा - 111 पंजाब लैण्ड रेवेन्यू ऐक्ट

प्रतिवादीगण नं 4. सुल्तान सिंह मृतक बजरिये वारसान (i) संजय पुत्र सुल्तान (ii) करतार पुत्र सुल्तान सिंह बजरिये वारसान (a) सागर पुत्र (b) खुसी पुत्री (c) दर्शना पत्नी निवासियान वार्ड नं-13. तावडू , तहसील तावडू (iii) उर्मिला पुत्री (iv) शांति विधवा सुल्तान सिंह (v) दीनदयाल पुत्र राजेन्द्र (vi) पुजा पुत्री राजेन्द्र (vii) लक्ष्य (viii) लक्की पुत्रान (ix) कोमल विधवा राजीव पुत्र राजेन्द्र पुत्र सुल्तान सिंह सर्व निवासियान तावडू, तहसील व जिला नूंह

उपरोक्त मुकदमें अनुवान माननीय सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी तावडू न्यायालय में लम्बित है माननीय न्यायालय में प्रतिप्रार्थीगण जानबूझ कर या अन्य कारण से पेश नहीं हो रहे हैं इस लिए माननीय न्यायालय के आदेशनुसार सर्व साधारण को बजरिये प्रकाशन अखबार द्वारा अवगत कराया जाता है, वह जहां कही भी हो या उनके वारिस कही भी हो तो यह तारीख पेशी 20-08-24 को सुबह 10:00 बजे को माननीय न्यायालय के समक्ष असालतन व वकालतन उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। अदालत के समक्ष पेश न होने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी तावडू
तिथि-30.07.2024

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलैक्टर प्रथम श्रेणी महोदय, सितारगंज, ऊधमसिंहनगर।

राजस्व वाद संख्या 22/31 सन् 2023

वादिनी- श्रीमती पुष्पा राय पत्नी श्री विपिन राय निवासी वार्ड नं02 शक्तिफार्म तहसील-सितारगंज जिला ऊधमसिंहनगर।

बनाम

प्रतिवादीगण- निधीश राय आदि

नोटिस बनाम-
1- निधीश राय
2-सुधीश राय पुत्रगण रवीन्द्र नाथ राय निवासी ग्राम देवनगर शक्तिफार्म तहसील सितारगंज जिला-उधमसिंहनगर।

हरगाह आप को सूचित किया जाता है कि वादिनी उपरोक्त द्वारा एक राजस्व वाद अंतर्गत धारा 59/60 यू.पी. टेन्नसी एक्ट के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जो कि दर्ज रजिस्टर किया जा चुका है जिसमें जवाब दावा/ सुनवाई हेतु दिनांक 17-8-2024 नियत की गयी है। लिहाजा आपको हुकम दिया जाता है कि उपरोक्त मामले में नियत दिनांक को समय 10 बजे दिन इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अधिवक्ता के जवाब आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में उक्त वाद एक तरफा सुना जाकर फैसला किया जायेगा।

आज दिनांक 18-7-2024 को मेरे ह. व मुहर अदालत से जारी किया गया।

मुहर ह. हाकिम

## जमीन/जायदाद







**पाठकों को परामर्श**

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'पंजाब केसरी' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

# आशा किरण होम शेल्टर के दोषी अधिकारियों पर एलजी नहीं कर रहे कार्रवाई : भारद्वाज

## शेल्टर के सुपरिटेंडेंट, एडमिनिस्ट्रेटर और समाज कल्याण विभाग के सचिव को अब तक नहीं किया सस्पेंड

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रोहिणी इलाके स्थित 'आशा किरण' होम में एक महीने में 14 लोगों की संदिग्ध मौत पर अब तक शेल्टर के सुपरिटेंडेंट, एडमिनिस्ट्रेटर और समाज कल्याण विभाग के सचिव को सस्पेंड न करने पर कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सवाल उठाया है। वहीं दूसरी तरफ आप नेता और विधायक दुर्गेश पाठक ने आशा किरण होम के प्रशासक राहुल अग्रवाल पर भी सवाल खड़े किए हैं।

पाठक ने कहा कि राहुल अग्रवाल एसडीएम रहते भ्रष्टाचार के आरोप में पांच साल तक निलंबित रह चुके हैं। ऐसे अधिकारी के संरक्षण में 14 लोगों की मौत अपने आप में सवाल खड़े करती है। वहीं दूसरी तरफ कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले दो दिन से दिल्ली के आशा किरण नामक होम शेल्टर में जुलाई के महीने में वहां रहने वाले बहुत से लोगों की मृत्यु का मामला उठ रहा है। इस होम शेल्टर में रहने वाले लगभग सभी लोग मानसिक रूप से कमजोर लोग हैं और ऐसे लोग मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण शारीरिक रूप से भी कमजोर होते हैं और अक्सर बीमारियों से पीड़ित होते हैं। मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण वह अपने खाने-पीने का भी पूरी तरह से ध्यान नहीं रख पाते हैं।



तो ऐसे में यह जरूरी है कि जो कोई भी व्यक्ति उनकी देखभाल के लिए यहां नियुक्त किया गया है, उसमें सेवा भाव का होना बेहद जरूरी है।

### विधानसभा की पिटीशन टीम को होम शेल्टर में जाने से रोका

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को दिल्ली विधानसभा की पिटीशन कमेटी की एक विधायकों की टीम आशा किरण होम शेल्टर मामले की जांच करने पहुंची तो वहां के प्रशासन ने पिटीशन कमेटी की टीम को भीतर नहीं आने दिया। मजबूरी वश टीम को वहां धरना देना पड़ा, बहुत अधिक संख्या में मीडिया वहां इकट्ठा था, तो मीडिया के दबाव में आकर प्रशासन ने पिटीशन कमेटी द्वारा भेजी गई टीम को होम सेंटर के भीतर प्रवेश करने दिया।

## विधानसभा की याचिका समिति ने आशा किरण होम का दौरा किया



दिल्ली विधानसभा की याचिका समिति ने आशा किरण होम शेल्टर का दौरा कर वहां कई लोगों की हुई मौत मामले की जांच की। इस दौरान कमेटी के चेयरमैन कुलदीप कुमार के साथ सदस्य अखिलेश पति त्रिपाठी, जय भगवान उपकार और विशेष आमंत्रित सदस्य महेंद्र गोयल भी मौजूद रहे। कुलदीप कुमार ने बताया कि समिति ने होम में रह रहे लोगों की बात कर उनकी वीडियो रिकॉर्ड की है, जिसे जल्द ही जारी किया जाएगा। आशा किरण होम में रहे रहे लोगों ने बताया है कि उनको पौष्टिक भोजन और उचित उपचार नहीं मिल रहा था। इतनी अव्यवस्था और मौतों के बाद भी एलजी साहब ने अभी तक होम के प्रशासक राहुल अग्रवाल को सस्पेंड नहीं किया है।

## एलजी ने जानबूझ कर राहुल अग्रवाल को सौंपी जांच की जिम्मेदारी: पाठक



आम आदमी पार्टी ने आशा किरण होम में हुई 14 लोगों की मौतों के पीछे एक सुनियोजित साजिश की ओर इशारा किया है। 'आप" के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक का कहना है कि एलजी साहब ने जानबूझ कर भ्रष्ट अधिकारी राहुल अग्रवाल को आशा किरण होम की जिम्मेदारी सौंपी थी। उनको पता था कि राहुल अग्रवाल जब एसडीएम थे, तब उनको भ्रष्टाचार के आरोप में पांच साल तक निलंबित किया गया था। नियम यह है कि किसी अफसर को नई पोस्टिंग दी जाती है तो उसकी विजिलेंस विभाग जांच करता है। चूंकि दिल्ली में अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग एलजी ही करते हैं। ऐसे में विजिलेंस ने राहुल अग्रवाल की भी जांच रिपोर्ट उन्हें अवश्य सौंपी होगी। फिर भी उन्होंने राहुल अग्रवाल को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी। परत-दर-परत होम से जो सच्चाई छनकर बाहर आ रही है, उससे ऐसा लगता है कि इस घटना को अंजाम देने के लिए ही यह पूरी व्यवस्था तैयार की गई थी। इसलिए घटना को सामने आए दो दिन हो चुके हैं, लेकिन एलजी साहब ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

## आशा किरण होम में अब तक हुई 28 बच्चों की मौतः आप

आशा किरण शेल्टर होम में बच्चों की मौत पर आम आदमी पार्टी के विधायक महेंद्र गोयल ने दावा किया है कि उस शेल्टर होम में दो महीने में 28 बच्चों की जान गई है। गोयल ने कहा कि दिल्ली के अंदर तानाशाही मची हुई है। आज मैं आशा किरण शेल्टर होम गया था। वहां बहुत सी खामियां पाई गई हैं। पिटीशन कमेटी के चेयरमैन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। मैंने आशा किरण शेल्टर होम में इस साल बच्चों की मौत का आंकड़ा लिया है। जून में 14 बच्चों ने अपनी जान गंवाई और जुलाई में भी 14 बच्चों की मौत हुई। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक ने कहा कि वहां पर एक ऐसा अधिकारी बैठा दिया गया है जो पहले रिश्वतखोरी के आरोप में निलंबित हो चुका है। बावजूद इसके उस अधिकारी को कई विभाग सौंपे गए हैं। उन्होंने कहा, ऐसे व्यक्ति को इस प्रकार की जिम्मेदारी देंगे तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस समय एलजी के जरिये अफसरशाही मची हुई है। उनको (भाजपा) दिल्ली के अंदर किसी चीज का खौफ नहीं है। महेंद्र गोयल ने कहा कि भाजपा के लोगों को पता है कि कोई मंत्री, विधायक और पार्षद उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता है।

# राजनिवास के बाहर 'आप' का प्रदर्शन, एलजी से मांगा इस्तीफा

### मयूर विहार फेस-3 : डीडीए के नाले में गिरने से मां-बेटे की मौत का मामला

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के मयूर विहार फेस-3 में एलजी के अधीन डीडीए के नाले में गिरकर हुई मां-बेटे की मौत से आक्रोशित आप ने शनिवार को उपराज्यपाल निवास पर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और एलजी से इस्तीफे की मांग की। 'आप' के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक कुलदीप कुमार के नेतृत्व में हुए विरोध-प्रदर्शन में कई विधायक, महिला, यूथ विंग व लीगल सेल के पदाधिकारी समेत बड़ी तादात में कार्यकर्ता शामिल हुए। एलजी साहब इस्तीफा दो, डीडीए के अफसरों को सस्पेंड करो समेत अन्य नारे लिखे तख्तियों के साथ आए कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर एलजी से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। आप का कहना है कि एलजी के अधीन डीडीए की लापरवाही से मां-बेटे की मौत हुई है। एलजी केंद्र की भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। इसलिए अभी तक दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है और न तो पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक मदद की घोषणा ही हुई है। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे बड़ी तादात में आप के कार्यकर्ता एलजी सचिवालय पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रोका तो प्रदर्शन में शामिल पार्टी के नेता, विधायक, पार्षद व कार्यकर्ता सड़क पर ही बैठकर एलजी और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस प्रदर्शन में आप के विधायक हाजी यूनुस, अब्दुल रहमान, राजेंद्र पाल गौतम और अखिलेश पति त्रिपाठी समेत अन्य विधायक शामिल हुए। इनके अलावा पार्टी की वरिष्ठ नेता रीना गुप्ता, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सारिका चौधरी, यूथ विंग के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, लीगल सेल के अध्यक्ष संजीव नासियार समेत अन्य विंग के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।




### दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करें एलजी : कुलदीप

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आप प्रदेश उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि एलजी के अधीन डीडीए के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से मयूर विहार फेज-तीन में मां-बेटे की मौत हुई है। इसलिए हम मांग कर रहे हैं कि एलजी दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यह हादसा नहीं है बल्कि हत्या है। इस मामले पर एलजी को अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करवाना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दें। कुलदीप कुमार ने कहा कि जब तक इस परिवार को इंसाफ नहीं मिल जाता हमारा ये संघर्ष जारी रहेगा।

**आशा किरण से मरीजों को अंबेडकर अस्पताल में पहुंचाया जा रहा...**

# मजिस्ट्रेट जांच के आदेश के बाद दिल्ली स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : रोहिणी स्थित आशा किरण शेल्टर होम मामले में मंत्री आतिशी ने यहां हुई मौतों पर मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही प्राथमिक जांच रिपोर्ट सौंपने के लिए 48 घंटे की डेडलाइन दी है। इसके बाद समाज विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। शनिवार सुबह से ही एंबुलेंस का तांता आशा किरण होम में देखा जा रहा है। यहां पर बीमार लोगों को पास के ही अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। इस मामले में शुक्रवार को ही आतिशी ने कहा था कि एक महीने में 14 मौतों का होना बेहद गंभीर बात है। हमने इस पर मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं और प्राथमिक जांच रिपोर्ट के लिए 48 घंटे की डेडलाइन दी है। उनके मुताबिक, जांच में किसी भी अफसर, डॉक्टर, नर्स, केयर गिवर, एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ की लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, मृतकों में से कई मानसिक दिव्यांगता के अलावा अन्य कई शारीरिक समस्याओं से ग्रस्त थे। अभी मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना बाकी है। पोस्टमार्टम और मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट से मौतों की असल वजह साफ होगी। आतिशी



आतिशी

ने कहा था, 'मैं दिल्ली के लोगों को भरोसा दिलाना चाहती हूं, यदि कोई भी मौत लापरवाही या गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार से हुई है तो संबंधित अफसर को बख्शा नहीं जायेगा।' दिल्ली सरकार का सामाजिक विकास विभाग आशा किरण के नाम से एक शेल्टर होम चलाता है। ये शेल्टर होम मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए है, जहां 980 मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति रहते है। यहां बहुत से ऐसे व्यक्ति हैं जो दिव्यांगता की गंभीर श्रेणी में हैं और उनके साथ ही अन्य कई शारीरिक समस्याओं से ग्रस्त हैं जो बेडरेस्ट पर होते हैं और उनकी पूरी तरह से दूसरों पर निर्भरता होती है। दरअसल आशा किरण होम में 24/7 मेडिकल केयर यूनिट मौजूद होता है, जिसमें 6 डॉक्टर और 17 नर्सें शामिल है। यहां 450 केयर-गिवर भी हैं जो 3 शिफ्ट में 24 घंटे काम करते हैं। इस होम में ज़्यादातर बेसहारा छोड़े गए लोग होते हैं।

## मंत्री ने दानिक्स अधिकारी को आशा किरण होम का प्रशासक बनाया : राजनिवास

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आशा किरण शैल्टर होम में दानिक्स अधिकारी राहुल अग्रवाल की नियुक्ति को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के दावों को राजनिवास ने भ्रामक करार दिया है।

राजनिवास के अधिकारियों ने कहा कि इस संबंध में आप नेताओं के बयान पूरी तरह से गलत और भ्रामक है। अधिकारियों ने बताया कि आशा किरण होम के प्रशासक को आंतरिक रूप से समाज कल्याण विभाग द्वारा नियुक्त किया गया था, जो पूरी तरह से सीएम/मंत्री के नियंत्रण में स्थानांतरित विषय है। प्रशासक को एलजी द्वारा नियुक्त नहीं किया गया था। तत्कालीन एलजी की मंजूरी के बाद राहुल अग्रवाल को 15 फरवरी 2021 को दानिक्स अधिकारी के रूप में समाज कल्याण विभाग में तैनात किया गया था। इसके बाद मंत्री ने उन्हें आशा किरण होम के प्रशासक पद पर तैनात कर दिया।

**आशा किरण होम के प्रशासक को आंतरिक रूप से समाज कल्याण विभाग द्वारा नियुक्त किया गया था...**



# आतिशी बताएं कि आशा किरण होम जैसे केंद्रों का कितनी बार दौरा किया: सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि यह खेदजनक है कि दिल्ली सरकार की वरिष्ठ मंत्री आतिशी दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग की मंत्री पद की जिम्मेदारी से इनकार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आतिशी समाज कल्याण विभाग की जिम्मेदारी से इनकार कर रही हैं क्योंकि वह आशा किरण होम में हुई मौतों की नैतिक, प्रशासनिक और कानूनी जिम्मेदारी नहीं लेना चाहती हैं।यह शर्म की बात है कि मंत्री जो न केवल समाज कल्याण मंत्री हैं, बल्कि दिल्ली सरकार की वरिष्ठ मंत्री भी हैं, उन्होंने वहां की अमानवीय स्थितियों को देखने के लिए आशा किरण होम का दौरा करना भी जरूरी नहीं समझा। आतिशी को दिल्लीवासियों को बताना चाहिए कि उन्होंने एससी कल्याण और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ कितनी बैठकें की हैं या आशा किरण हो जैसे कल्याण केंद्रों का कितनी बार दौरा किया है। सचदेवा ने कहा कि हमारे सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने आशा किरण होम का दौरा किया, उनके पास वहां की दयनीय स्थितियों के सबूत हैं, हम इसे मजिस्ट्रेट जांच में प्रस्तुत करेंगे और हम आतिशी को इन सबूतों को देखने और जवाब देने की चुनौती देते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 14 अगस्त, 2023 की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार आतिशी को 14 विभागों का नाम देकर आवंटित किया गया है और उनके 14वें विभाग के नाम के साथ वहां उल्लेख किया गया है सतर्कता और अन्य सभी विभाग, जो किसी अन्य मंत्री को विशेष रूप से आवंटित नहीं हैं। मंत्री आतिशी के पास समाज कल्याण विभाग और एससी/एसटी कल्याण विभाग का प्रभार होना चाहिए, जो राजकुमार आनंद के इस्तीफे के बाद बिना मंत्री के रह गए हैं। उन्होंने कहा कि आतिशी को आशा किरण होम की दुर्भाग्यपूर्ण मौतों की नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए।



वीरेंद्र सचदेवा

# राजेंद्र नगरः कैंडल मार्च निकाल कर मृतक छात्रों को दी गई श्रद्धांजलि






फोटो : मिहिर सिंह

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : सेंट्रल दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर में जान गंवाने वाले छात्रों की याद में लोगों ने शनिवार शाम को कैंडल मार्च निकाला और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च में स्थानीय लोग और छात्र शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने शिक्षण संस्थानों में सुरक्षा उपायों में सुधार की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। बता दें कि बीते दिनों दिल्ली में हुई भारी बारिश से ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग इंस्टीट्यूट के बेसमेंट में पानी भर गया था। उसमें डूबकर यूपीएससी की तैयारी करने वाले एक छात्र और दो छात्राओं की मौत हो गई थी। इस मामले में शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए। हाईकोर्ट ने कहा है कि सेंट्रल विजिलेंस कमीशन की निगरानी में सीबीआई मामले की जांच करेगी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को दिल्ली नगर निगम कमिश्नर ने बताया कि इलाके में बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर निवासियों और दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है, इसके चलते बरसाती पानी की निकासी में दिक्कत होती है। नगर निगम कमिश्नर ने कोर्ट को भरोसा दिलाया था कि इलाके में अवैध निर्माण और अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कोर्ट ने की कोचिंग हादसे के मामले में सह आरोपियों की जमानत खारिज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर के कोचिंग सेंटर हादसे की जांच सीबीआई कर रही है। जिसके बाद शनिवार को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने इस मामले में सह-मालिकों की जमानत याचिकाओं का निपटारा कर दिया है। एडिशनल सेशंस जज राकेश कुमार चतुर्थ ने कहा कि अब ये मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया है, इसलिए याचिका सीबीआई कोर्ट में दाखिल करें। एडिशनल सेशंस जज ने याचिका का निस्तारण करने का आदेश दिया। कोर्ट में जिन आरोपियों की जमानत याचिका लिस्टेड थी उनमें तेजिंदर सिंह, परविंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह शामिल थे। इस मामले में एक आरोपी और एसयूवी चालक मनुज कथूरिया को सेशंस कोर्ट पहले ही जमानत दे चुका है। बता दें कि दो अगस्त को हाईकोर्ट ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस ने 29 जुलाई को राव स्टडी सर्कल के चारो सह मालिकों और एसयूवी चालक को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने 28 जुलाई को कोचिंग के मालिक अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। फिलहाल एसयूवी चालक को छोड़कर सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली पुलिस ने इन आरोपियों के अलावा बिल्डिंग मैनेजमेंट,सिस्टम की देखरेख करनेवाले निगमकर्मियों और दूसरे आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# छेड़छाड़ से पीड़ित छात्रा के लिए संकटमोचन बने वीरेन्द्र सचदेवा



## प्रूडेंस स्कूल में छात्रा से छेड़छाड़ प्रशासन का कार्रवाई से इनकार

- पीड़ित परिजनों से कहा, घर पर ही सुलझाएं मामला
- स्कूल प्रशासन ने कहा, सोमवार से न आएं स्कूल
- परिजनों ने स्कूल प्रशासन, दिल्ली पुलिस व दिल्ली सरकार से लगाई गुहार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के एक नामी स्कूल में एकतरफा प्रेम में पड़े एक किशोर शिमाल के हॉस्टल से निकलकर लड़की के स्कूल में दाखिला करवा लिया और कथित तौर पर लड़की को स्कूल परिसर में ही प्रताड़ित करने लगा। बेटी की सुरक्षा को लेकर माता-पिता ने स्कूल प्रशासन से उचित कार्रवाई के लिए कहा तो उलटा उन्हें नसीहत दी गई कि वे घर पर ही आपस में ही मामले को सुलझा लें। इस दौरान दोनों ही बच्चों को स्कूल न आने के लिए कहा गया। स्कूल प्रशासन ने इस पूरे मामले में अपना पल्ला झाड़ लिया है। पीड़ित छात्रा के माता-पिता ने न्याय के लिए अब दिल्ली पुलिस के आलाधिकारी व दिल्ली सरकार के मंत्री से गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने किसी अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए कहा है कि यदि उनकी बेटी के साथ कुछ गलत होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

दरअसल यह मामला उपनगरी द्वारका सेक्टर-22 स्थित प्रूडेंस स्कूल का है। जहां एक 13 वर्षीय छात्रा के साथ स्कूल के ही एक छात्र कभी अकेले में तो कभी ग्रुप में छेड़छाड़ करता है। छात्रा के परिजनों ने जब इसकी शिकायत स्कूल प्रशासन की तो स्कूल प्रिंसिपल ने शुक्रवार को दोनों पक्षों को बुलाकर यह फरमान सुना दिया कि आपस में घर बैठकर मामले को सुलझा लें। जब तक मामला नहीं सुलझता है तब तक दोनों को स्कूल आने की जरूरत नहीं है। इस पूरे मामले में जब स्कूल प्रिंसिपल से फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। वहीं स्कूल का पक्ष जानने के लिए मैसेज भी किया गया, जिसका जबाव खबर लिखने तक नहीं मिल सका।

**स्कूल तक करता रहा पीछा...**

किशोरी की मां ने बताया कि इससे पहले भी आरोपी छात्र उनके सोसाइटी में जबरन घुसकर छेड़छाड़ करने का प्रयासा किया था। उस वक्त सोसाइटी के लोगों ने मिलकर इस बाबत पुलिस में शिकायत की थी। बाद में आरोपी के परिजनों को बुलाकर पुलिस ने समझा-बुझाकर छोड़ दिया था। बावजूद इसके आरोपी लगातार किशोरी का पीछा करते हुए उसे परेशान कर रहा है। यहां तक कि अलग-अलग मोबाइल नंबर से फोन कर पीड़िता को परेशान कर रहा है। इसकी शिकायत पहले भी पीड़ित पक्ष द्वारा स्कूल प्रशासन को दिया जा चुका है।

**ये बोली सांसद...**

इस पूरे मामले में क्षेत्रीय सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसी कोई घटना हुई है तो यह गलत है। पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस में शिकायत करने पर मामले की जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं स्कूल प्रिंसिपल को भी मामले को गंभीरता से लेनी चाहिए, बच्चों को घर बैठाना कोई समाधान नहीं है।

**खास बातें...**

- शिक्षा निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी से की बात, पीड़ित परिजनों को मिला उचित कार्रवाई का आश्वासन
- छेड़छाड़ मामले को लेकर दिल्ली पुलिस ने भी दिलाया परिवार को न्याय का भरोसा

पंजाब केसरी खबर का असर पंजाब केसरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उपनगरी द्वारका सेक्टर-22 स्थित प्रूडेंस स्कूल में 13 वर्षीय छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ के मामले में शनिवार को दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा संकट मोचक बनकर सामने आए। पंजाब केसरी में छपी खबर पढ़ने के बाद उन्होंने इस मामले को तुरंत संज्ञान में लिया और शिक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। जिसके बाद अधिकारियों ने पीड़िता के परिजनों से फोन पर संपर्क कर मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सचदेवा ने कहा कि ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है। स्कूल प्रशासन को भी इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि आरोपी छात्र को स्कूल के ही दूसरी ब्रांच में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं सोमवार को कुछ अधिकारी मामले की जांच के लिए स्कूल भी जाएंगे। शिक्षा निदेशालय की तरफ से मिले आश्वासन के बाद पीड़ित छात्रा के परिजनों ने राहत की सांस ली है।

**दूसरी तरफ पंजाब केसरी में खबर प्रकाशित होने** के बाद स्पेशल सीपी (लॉ एंड ऑर्डर) मधुप तिवारी ने भी मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि बच्ची के परिवार के साथ दिल्ली पुलिस खड़ी है। ज्ञात हो कि पंजाब केसरी ने शनिवार के अंक में 'छात्रा से छेड़छाड़, स्कूल प्रशासन का कार्रवाई से इनकार' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिसमें एकतरफा प्रेम के मामले में बेटी की सुरक्षा को लेकर माता-पिता द्वारा स्कूल प्रशासन से उचित कार्रवाई की गुहार लगाने पर स्कूल की तरफ से मामले को घर पर ही सुलझा लेने की बात कही गई थी। यही नहीं स्कूल प्रशासन ने जब तक मामला सुलझ न जाए तब तक बच्ची को स्कूल न भेजने की भी बात परिजनों से की थी। इस पर पीड़ित पक्ष द्वारा दिल्ली पुलिस के आलाअधिकारी सहित दिल्ली सरकार के मंत्री को पत्र लिखकर मामले में न्याय की मांग की गई थी।



ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है। स्कूल प्रशासन को भी इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। -**वीरेन्द्र सचेदवा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष**



इस मामले में पीड़ित परिवार को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बच्ची के परिवार के साथ दिल्ली पुलिस खड़ी है। — **मधुप तिवारी, स्पेशल सीपी (लॉ एंड ऑर्डर)**

**संक्षिप्त समाचार...**

### आप पार्षद कार्यकर्ताओं समेत भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की उपस्थिति में शनिवार को भाटी वार्ड से निगम पार्षद सुंदर तंवर ने अपने सैकड़ों साथियों और आम आदमी पार्टी के मंडल अध्यक्षों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, विधायक करतार सिंह तंवर और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर और जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह तंवर उपस्थित रहे। वीरेन्द्र सचदेवा ने सुंदर तंवर एवं अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं को पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया। भाजपा में सभी का स्वागत करते हुए सचदेवा ने कहा कि भाजपा परिवार 18 करोड़ से ज्यादा सदस्यों का परिवार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन यह हमारा दुर्भाग्य है कि दिल्ली में एक ऐसी सरकार है जिसने दिल्ली की हालत बद से बदतर कर दी है। हमने कभी कल्पना नहीं की थी कि दिल्ली में कभी ऐसी स्थिति आएगी कि किसी की जान सिर्फ सड़क पर चलने की वजह से चली जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दिल्ली की बदहाली के लिए दिल्ली सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज स्थिति यह है कि दिल्ली में आधे घंटे की बारिश से हुआ जलजमाव जानलेवा साबित हो रहा है।

### साउथ वेस्ट-ए जिले में हुआ पुरस्कार वितरण



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली सरकार शिक्षा विभाग की ओर से जिला ( साउथ वेस्ट-ए , जोन- 19, सर्वोदय सह शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नानकपुरा, मोती बाग-2 में क्षेत्रीय सांस्कृतिक, खेल और योग गतिविधि वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 2023-24 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली शिक्षा विभाग के निदेशक आर. एन. शर्मा, जिला साउथ वेस्ट-ए के उप शिक्षा निदेशक संजय चतुर्वेदी, क्षेत्रीय निदेशक, जोन-19 राजबीर यादव और क्षेत्रीय निदेशक जोन-20 सीमा राय चौधरी आदि कार्यक्रम में शामिल हुए। शिक्षा निदेशक आर. एन. शर्मा ने विद्यालय के बच्चों के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया और बच्चों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी भी है कि प्रकृति में पर्यावरण संतुलन के लिए उपयुक्त स्थान पर एक पेड़ जरूर लगाएं। ऐसा इसलिए ताकि हम जितनी ऑक्सीजन पर्यावरण से लेते हैं, उतनी ऑक्सीजन हम पेड़ लगाकर पर्यावरण को देकर उसे संतुलित कर सकें। इससे हम भविष्य में शारीरिक रूप से सुखद हो सकें।

### रोजमर्रा की आदतों में सुधार से चमत्कार

**नई दिल्ली, (दिनेश शर्मा/ पंजाब केसरी):** रोजमर्रा की आदतों में सुधार से भी जीवन में तरक्की के चमत्कार हो सकते हैं। वास्तु शास्त्र के कुछ नियम लाभकारी होने के मंगल समाचार मिले भी हैं। सनातन धर्मी साधक नवीन कुमार सिसोदिया का कहना है कि कुछ बुरी आदतें बुराई की ओर धकेलती हैं। अनजाने में जातक समझ नहीं पाता है, जबकि तुरंत सुधार से प्रगति का मार्ग खुलेगा। पेंट, सलवार या पजामा सदैव सबसे पहले सीधे पांव में डालने की आदत डालना उचित होगा। जूते भी सबसे पहले सीधे पांव में पहनना ठीक बताया गया है। एक पांव का जूता भूलकर भी दूसरे पांव में नहीं उतारें, यह हानिकारक है। शर्ट के बटन सदैव नीचे से ऊपर लगाने चाहिए। हालांकि यह उपाय अटपटे से लगते हैं, लेकिन जीवन में इनका अमल करने पर आमजन के जीवन में बदलाव आए हैं।

## शीला सरकार के इन्फ्रास्ट्रक्चर को आप सरकार ने किया ध्वस्तः यादव

**खास बातें...**



- डूबने व करंट लगने से मर रहे लोगों पर दिल्ली सरकार ने आखों पर बांध रखी है पट्टी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजेन्द्र नगर कोचिंग हादसे पर कांग्रेस ने आप सरकार को घेरा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि मानसून की बारिश में ऐसा कोई दिन नही जब किसी हादसे में लोगों की जान नही गई है, शुक्रवार को भी जहांगीर पुरी में दो मंजिला इमारत ढहने से महिला सहित तीन लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और नगर निगम ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। राजधानी में रोज इमारत गिरने, करंट लगने और नालों में डूबने से लोग मर रहे हैं। लोगों की जिंदगी से बड़ा खिलवाड़ हो रहा है। सरकार मृतकों के परिवारजनों को मुआवजा दे।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 15 वर्षों में राजधानी को विकसित बनाकर इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया था लेकिन मौजूदा आप सरकार उसकी देखभाल और मैंटेनेंस नही कर पायी। मौजूदा सरकार ने राजधानी के रोड़, सड़क, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिल्डिंग व नाले सहित पूरे इन्फ्रास्ट्रक्चर को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय दिल्ली का विकास कुछ सरकारों की निष्क्रियता, अक्षमता और बदले की राजनीति के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। सरकारों की निष्क्रियता, बढ़ते भ्रष्टाचार और अधिकारियों के राजनीतिक दवाब में काम करने की स्थिति के चलते एलजी और मुख्यसचिव को दिल्ली के बिगड़ते हालात में जिम्मेदारी की जरुरत है।

देवेन्द्र यादव ने आरोप लगाया कि राजधानी में लगातार हो रहे हादसों की जिम्मेदारी कोई लेने को तैयार नही है, हर दिन लोग मर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र नगर कोचिंग हादसे की हम दिल्ली हाईकोर्ट के सीबीआई से जांच कराने के आदेश का स्वागत करते है।

## विरासत के साथ तनिष्क ने आठ लाख से अधिक कस्टमर के साथ मनाया जश्न



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आभूषणों के प्रति भारतीयों का खास जुड़ाव है। यदि टाटा का भरोसा भी साथ हो तो हीरे और स्वर्ण आभूषणों के प्रति लोगों की दिवानगी सिर चढ़कर बोलने लगती है। टाटा के विश्वास की विरासत के साथ तनिष्क ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यहां के अपने आठ लाख से अधिक कस्टमर्स के साथ जश्न मनाया। इस अवसर पर दिल्ली के ग्राहकों ने अपने मनपंसद तनिष्क के गहने पहनकर रैंप पर वॉक किया। साथ ही फेस्टिव सीजन शुरू होने के पहले ही परंपरा और विरासत की शानदार मिश्रण के साथ आभूषणों की शानदार कलेक्शन दिखाई गई। इस अवसर पर टाइटन कंपनी लिमिटेड, तनिष्क के वीपी - कैटेगरी, मार्केटिंग एंड रिटेल अरुण नारायण ने अपने दिल्ली के कस्टमर से बात करते हुए कहा कि तनिष्क ब्रांड को दिल्ली में 8,11,404 परिवारों द्वारा अपनी ज़िन्दगी में शामिल किए जाने का जश्न मनाते हुए हमारा हृदय कृतज्ञता और विनम्रता से भर गया है। आपका विश्वास और निष्ठा हमारे सफर का आधार रही है, और हम इसी विश्वास, शिल्प कौशल और उत्तम आभूषणों की विरासत को जारी रखने के लिए समर्पित हैं। हमें अपने परिवार का हिस्सा बनाने के लिए धन्यवाद, दिल्ली।

नारायण ने बताया कि फेस्टिव सीजन शुरू होने वाला है। इसको लेकर तनिष्क ने दिल्ली के कस्टर के लिए विशेष तैयारी की है। हर राज्य की खासियत और वहां की संस्कृति को ध्यान में रखते हुए शानदार कलेक्शन तैयार किए जा रहे हैं। भारतीय कारीगरी और शिल्प पूरे विश्व में खास है। भारतीय के लिए सौंदर्य का आभूषण के साथ बहुत ही खास संबंध है। आभूषण के प्रति भारतीयों का जुनून जगजाहिर है। इसलिए हर क्षेत्र, रीति-रिवाज, संस्कृति और विशेष अवसरों का ध्यान रखा गया है। तनिष्क के साथ टाटा का भरोसा है। इसलिए शिल्प और कौशल को विशेष महत्व दे रहे हैं। वीपी ने बताया कि आभूषण बनाने वाली कंपनियों के दो करोड़ कस्टमर हैं। इनमें से 80 लाख कस्टर केवल तनिष्क के हैं। राजधानी दिल्ली में तनिष्क के 8 लाख कस्टर हैं। तनिष्क अभी लगभग 275 शहरों में है। दुबई और अमेरिका समेत विदेशों में भी लगभग 15 स्टोर हैं।

### शिक्षक ने छात्र को मारा था थप्पड़, रद्द हुई एफआईआर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने एक शिक्षक के खिलाफ दर्ज एफआईआर को दोनों पक्षों में समझौते के बाद खारिज कर दिया है। शिक्षक पर एक तीन वर्षीय छात्र को एबीसीडी न सुना पाने पर थप्पड़ मारने का आरोप था। इस मामले में दर्ज एफआईआर को खारिज करते हुए जस्टिस अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा कि शिकायतकर्ता और शिक्षक इस मामले को खत्म करना चाहते हैं और नौ साल की अवधि से लंबित है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

आस्ति वसूली शाखा, डी-26/28, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001.
(कार्यस्थल : एम-35, प्रथम तल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001)
ईमेल: ubin0554723@unionbankofindia.bank

शुद्धिपत्र

दिनांक 14.07.2024 को इस समाचार पत्र में छपे विज्ञापन ई-नीलामी बिक्री सूचना के संदर्भ में आम जनता को सूचित किया जाता है कि कर्जदार मैसर्स एस ए अपैरल्स एक्सपोर्ट्स, सी-172, सेक्टर – 63, नोएडा – 201301 –उत्तर प्रदेश, सुश्री संगीता शर्मा, डी-720, सरस्वती विहार, दिल्ली –110034 और श्री आनंद शर्मा डी-720, सरस्वती विहार, दिल्ली – 110 034 के खाते की सम्पत्ति की ई-नीलामी दिनांक 14.08.2024 को होनी प्रस्तावित है, हम इस खाते की सम्पत्ति की ई-नीलामी को रद/निरस्त करते है।
शेष खाते / विवरण पूर्वानुसार रहेंगी।

प्राधिकृत अधिकारी,
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

### बरसात के दौरान बंद हुए स्कूलों के गेस्ट टीचरों को मिले सैलरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): ऑल इंडिया गेस्ट टीचर्स एसोसिएशन (एआईजीटीए) ने शिक्षामंत्री आतिशी से भारी बरसात के दौरान स्कूलों के बंद होने पर गेस्ट टीचर्स को सैलरी दिये जाने की मांग की है। एआईजीटीए के अध्यक्ष अरुण डेढ़ा व महासचिव शोएब राणा ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों को जब भी बरसात, हीटवेब, वायु-प्रदूषण या अन्य किसी इमरजेंसी के चलते बंद किया जाता है तो स्कूल में कार्यरत गेस्ट टीचर्स को छोड़कर बाकी सभी कर्मचारियों को सैलरी मिलती है। स्कूलों के बंद होने का खामियाजा केवल गेस्ट टीचर्स को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा निदेशालय के आदेश के चलते एक अगस्त 2024 को भारी बरसात के चलते दिल्ली के सभी स्कूल बन कर दिए गये थे लेकिन इसके चलते गेस्ट टीचर्स को सैलरी व वर्किंग डेज का नुकसान हो रहा है।

## बॉबी किन्नर की बढ़ी मुश्किल कोर्ट ने दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): फर्जी प्रमाण पत्र मामले में दिल्ली की पहली किन्नर पार्षद बॉबी किन्नर उर्फ अमित की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने सुल्तानपुरी वार्ड से आम आदमी पार्टी पार्षद बॉबी किन्नर उर्फ अमित कुमार के खिलाफ पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिया है। आरोप है कि आप पार्षद ने चुनाव के दौरान फर्जी प्रमाण पत्र जमा कराया था। बॉबी किन्नर ने सुल्तानपुर के वार्ड 43 से कांग्रेस प्रत्याशी वरुणा ढाका को हराकर चुनाव जीता था। वरुणा ढाका ने बॉबी किन्नर के खिलाफ रोहिणी कोर्ट में याचिका दायर कर शिकायत की थी कि उन्होंने चुनाव के दौरान फर्जी एससी सर्टिफिकेट जमा कराए थे। शनिवार को ढाका की शिकायत पर सुनवाई करते हुए रोहिणी कोर्ट ने पुलिस को आप पार्षद बॉबी किन्नर पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। बता दें कि दिल्ली में एमसीडी के चुनाव में सुल्तानपुरी की वार्ड नंबर 43 की सीट काफी चर्चा में रही थी। इस सीट पर आप ने एक ट्रांसजेंडर को उम्मीदवार बनाया था। ट्रांसजेंडर बॉबी किन्नर ने कांग्रेस उम्मीदवार वरुणा ढाका को बड़े अंतर से हराया था। बॉबी किन्नर की जीत के बाद कांग्रेस प्रत्याशी वरुणा ढाका ने उसके निर्वाचन को चुनौती देते हुए रोहिणी कोर्ट में अर्जी दायर कर शिकायत की थी।

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, **पुत्र** अज्ञात **पता** अज्ञात, जिसकी **उम्र** करीब 30 वर्ष, **कदः** 5'7", **रंगः** सावंला, **शरीरः** मजबूत, **चेहराः** गोल, जिसने स्लेटी रंग की जींस और काले व सफेद रंग की टी-शर्ट पहनी है। जो कि 16.07.2024 को शाम 06:28 बजे उर्दू बाजार रोड, रोजी रोटी रोड कट, जामा मस्जिद, दिल्ली में पड़ा मिला। जिसे एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके मृत शरीर को 72 घंटे के लिए एमएएमसी के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है।इस संदर्भ में **GD No.66A दिनांकः 16.07.2024** थाना जामा मस्जिद, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थानाः जामा मस्जिद, दिल्ली**
फोन नं. 011-23269777, 23261625
मो.: 8750870422
दि.पु./9706/केन्द्रीय जिला/2024

## जल्द बढ़ सकता है यमुना का जल स्तर



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तरी भारत में पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश से नदियां उफान पर हैं, जिसकी वजह से मैदानी इलाकों में भी बाढ़ के हालात बने हुए हैं। इसके चलते यमुना नदी का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। दिल्ली में भी पिछले साल की तरह बाढ़ का खतरा सताने लगा है। दिल्ली के हथिनीकुंड बैराज पर पानी जमा होने लगा है। ऐसे में यहां निर्धारित स्तर से ऊपर पानी जाते ही बैराज के गेट खोल दिए जाएंगे। रविवार को बैराज के गेट खोले जा सकते हैं। ऐसे में यमुना किनारे रहने वाले लोगों को फिर से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली सरकार के अधिकारियों का प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को अमली जामा पहनाने में लगे हैं। अनौपरचारिक स्तर पर दिल्ली सरकार के आला अधिकारियों का दावा है कि इस बार यमुना का पानी हर साल की तरह रिंग रोड पर नहीं दिखेगा। उनका कहना है कि पिछले कुछ महीनों में उन्होंने कई बिन्दुओं को चिह्नित किया है, जिससे फिर से डूबी हुई दिल्ली की तस्वीर देखने को नहीं मिलेगी। दिल्ली में यमुना के खतरे का मौजूदा स्तर 205.33 मीटर है। पहाड़ों पर हो रही बारिश की वजह से हथिनीकुंड बैराज का लेवल बढता ही जा रहा है। ऐसे में सेंट्रल वाटर कमीशन के अधिकारियों ने दिल्ली सरकार को सूचित किया है कि 53,000 क्यूसेक पानी दिल्ली की ओर छोड़ा जाना है, जो रविवार तक दिल्ली पहुंचेगा। दरअसल हथिनीकुंड बैराज में जैसे ही एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी जमा होता है नियमों के मुताबिक सेंट्रल वाटर कमीशन अतिरिक्त पानी को दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के लिए रिलीज कर देता है।

### कोहरा नहीं बनेगा बाधा, सर्दियों में निरस्त नहीं होंगी ट्रेनें

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले की तैयारी में उत्तर रेलवे ने कमर कस ली है। रेलवे प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि इस बार सर्दी में प्रयागराज से चलने वाली व प्रयागराज को जाने वाली किसी भी ट्रेन को निरस्त नहीं किया गया जाएगा। इसमें खासकर प्रयागराज संगम, रामबाग और प्रयागराज जंक्शन से चलने वाली तमाम ट्रेनें करीब तीन माह के लिए निरस्त नहीं होंगी। रेलवे हर वर्ष संभावित कोहरे को देखते हुए दर्जनों ट्रेनों को तीन माह के लिए निरस्त करता है। इस दौरान कुछ के फेरे कम किए जाते हैं तो कुछ का आंशिक निरस्तीकरण किया जाता है।

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पिताः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्र** : लगभग 30 साल, **कद** : 5 फीट 6 इंच, **रंगः** सांवला, **पहनावा** : बादामी (हल्का भूरा) रंग की हाफ स्लीव टी-शर्ट और काले रंग की हाफ पैंट जो पोल नंबर 18/5 और 18/7 रेलवे ट्रैक के बीच राजधानी पार्क, नांगलोई, दिल्ली में मृत मिला। इस संदर्भ में **डीडी सं. 38-ए दिनांक 29.07.2024** के तहत थाना नांगलोई, दिल्ली में दर्ज की गई है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना : नांगलोई, दिल्ली**
**फोन : 011-25947225,25949470**
**8527243686**
DP/10272/OD/2024

न्यू अशोक नगर | पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में कर रही है मामले की छानबीन...

# संपत्ति विवाद में छोटे बेटे ने पिता पर चाकू से हमला कर उतारा मौत के घाट

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है...
- बुजुर्ग की पसलियों के नीचे पेट में चाकू के थे घाव...



पेट में चाकू लगने के बाद मृतक का शव।

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के न्यू अशोक नगर थाना इलाके में छोटे बेटे ने संपत्ति विवाद में अपने बुजुर्ग पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गौतम ठाकुर (70) के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ा है। आरोपी की पहचान महेश ठाकुर के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने संपत्ति उसके बड़े भाई के नाम कर दी थी और उसे उसका हिस्सा नहीं दिया था। इसके बाद उसने अपने पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि रविवार सुबह करीब 8:40 बजे न्यू अशोक नगर थाना पुलिस को कॉल करने वाले के पिता की हत्या की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मकान नंबर सी2/33 की पहली मंजिल पर स्थित घटनास्थल पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि बुजुर्ग की पसलियों के नीचे पेट में चाकू के घाव थे। बुजुर्ग की पहचान गौतम ठाकुर के रूप में हुई। आगे जांच में पुलिस को पता चला कि गौतम ठाकुर एमटीएनएल विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। कॉलर महेश ठाकुर ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 6:15 बजे उसने अपने पिता के कमरे से कुछ शोर सुना। वह अंदर गया तो दो अज्ञात लोगों ने उसे धक्का दिया और उस पर एक नुकीली वस्तु से हमला किया। हमले में उसके बाएं हाथ में चोट लगी। इसके बाद वह भाग गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। जांच में पुलिस को पता चला कि दो वर्ष पूर्व उसके पिता ने संपत्ति बेची थी। फिर गौतम ने अपने बड़े बेटे को न्यू अशोक नगर में संपत्ति खरीदने में मदद की, लेकिन छोटे बेटे महेश को कुछ नहीं मिला। महेश को यह भी पता चला कि उसके पिता उस इमारत को बेचने की योजना बना रहे थे। इसके बाद उसने हत्या की योजना बनाई। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर अपराध में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है।

## संसद सुरक्षा मामला: आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद सुरक्षा में चूक मामले में गिरफ्तार आरोपियों की न्यायिक हिरासत नौ सितंबर तक बढ़ा दी है। वहीं, कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट पर भी संज्ञान ले लिया है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने इस मामले के सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत 9 सितंबर तक बढ़ा दी है. दिल्ली पुलिस ने 15 जुलाई को इस मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल किया था। दिल्ली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 186, 353, 153, 452, 201, 34, 120बी और यूएपीए की धारा 13, 16, 18 के तहत चार्जशीट दाखिल किया था। दिल्ली पुलिस ने सात जून को पहली चार्जशीट दाखिल किया था. दिल्ली पुलिस ने जिन आरोपियों के खिलाफ यूएपीए की धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल किया है उनमें मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद शामिल हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट करीब एक हजार पन्नों की है। 13 दिसंबर 2023 को संसद की विजिटर गैलरी से दो आरोपी चैंबर में कूद गये थे और कुछ ही देर में एक आरोपी ने डेस्क के ऊपर चलते हुए अपने जुतों से कुछ निकाला और अचानक पीले रंग का धुआं निकलने लगा।

## मौज-मस्ती करने के लिए छात्र ने स्कूल में भेजा था बम का ईमेल

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : साउथ डिस्ट्रिक्ट के ग्रेटर कैलाश स्थित समर फील्ड स्कूल में बम का ईमेल भेजने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी कोई और नहीं बल्कि स्कूल का नौवीं कक्षा का छात्र है। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि उसने मौज-मस्ती करने के लिए स्कूल छुट्टी कराने के लिए ईमेल किया था। पुलिस ने उसके पास से वह मोबाइल भी बरामद किया है जिससे उसने ईमेल भेजा था। आगे उसने बताया कि कुछ माह पूर्व उसने कई स्कूल, अस्पताल व भवनों को बम से उड़ाने की खबर देखी थी। इसी को देखकर उसने स्कूल में मेल भेजने की योजना बनाई। पुलिस उससे पूछताछ कर छानबीन कर रही है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि शुक्रवार को ग्रेटर कैलाश थाना पुलिस को समर फील्ड स्कूल की ओर से स्कूल में बम होने की पीसीआर कॉल मिली। स्कूल प्रशासन ने बताया कि उनके ऑफिशियल ईमेल आईडी पर किसी ने ईमेल कर स्कूल में बम होने की बात कही थी। ईमेल देखने के बाद 10 मिनट के अंदर पूरे स्कूल को खाली करा दिया गया। पुलिस व बम निरोधक दस्ते ने कई घंटों तक स्कूल की तलाशी ली, कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने उसे हॉक्स करार दिया।

### संक्षिप्त समाचार...

## मारवाह बने भाजपा सिख प्रकोष्ठ के प्रभारी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के निर्देशानुसार भाजपा दिल्ली प्रदेश के प्रकोष्ठों के प्रभारी, सह- प्रभारी एवं संयोजकों की नियुक्ति की गई। इसी कड़ी में जंगपुरा से 3 बार के विधायक रहे तरविंदर सिंह मारवाह को प्रदेश सिख प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मारवाह पूर्व में एक्स पार्लियामेंटरी सेक्रेटरी रहे हैं। प्रभारी नियुक्त किए जाने पर तरविंदर सिंह मारवाह ने वीरेन्द्र सचदेवा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत करने में वे अपना पूरा योगदान देंगे और प्रभारी की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। इस अवसर पर चेयरमैन बाला साहेब गुरुद्वारा, अरजीत सिंह कालू, परमजीत सिंह कंधारी, गुरूमत प्रचारक सभा अध्यक्ष गांधी, गगनजीत, महेश शर्मा, गणेश, संदीप शेरवाल और अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इन सभी ने मारवाह को प्रभारी बनाए जाने की बधाई दी।

## महिला तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): विकासपुरी ए-ब्लॉक स्थित शंकर गार्डन में महिला तीज महोत्सव आयोजित किया गया। महिला तीज महोत्सव सैकड़ों महिलाओं ने धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आयोजन संतोष वुमेन क्लब, गोल्डन लाइंस समर्पण क्लब, प्रेम सांई फाउंडेशन द्वारा कराया गया। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए मधुर संगीत, मेंहदी, चूड़ी, खाना पीना समेत लकी ड्रा निकाला गया, जिसमे विजेता महिलाओं को इनाम भी दिए गए। जिसमें डॉ. शोभा को तीज क्वीन का खिताब मिला। कार्यक्रम की आयोजक सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. शोभा चौधरी, डॉ. संतोष पुनहानी, बीनू साहनी,अनुपमा गुप्ता ने गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। महिलाओं ने बताया कि यह त्योहार भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

## नवीन शाहदरा जिले में आम महोत्सव



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा नवीन शाहदरा जिला द्वारा आम महोत्सव का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी के नेतृत्व में सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल प्रभारी, सभी मोर्चा पदाधिकारी, विधायक और निगम पार्षद मौजूद रहे। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी, सह प्रभारी विक्रम बिधूड़ी, प्रदेश मंत्री किशन शर्मा आदि उपस्थित रहे। सभी ने आम महोत्सव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और आम खाकर उसका लुत्फ उठाया।

## सौतेले पिता ने मासूम के साथ की अश्लील हरकत, केस दर्ज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मध्य दिल्ली के पटेल नगर इलाके में आठ साल की बच्ची के साथ अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। वारदात को बच्ची के सौतेले पिता ने अंजाम दिया। पुलिस ने इस बाबत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बच्ची अपनी मां के साथ पटेल नगर इलाके में रहती है। बच्ची की मां ने तलाक होने पर दूसरी शादी की थी, लेकिन विवाद होने की वजह से दोनों अलग-अलग रहते हैं। बच्ची ने बताया कि पांच जुलाई को सौतेले पिता घर आया था। उस वक्त मां किचन में चाय बना रही थी। इसी दौरान उसके साथ पिता ने उसके साथ अश्लील हरकत की। इस बारे में किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डर की वजह से उसने इस बारे में किसी को कुछ नहीं बताया। लेकिन स्कूल में टीचर ने पीड़िता सहित सभी बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी। ऐसा होने पर बिना डरे परिजनों को घटना के बारे में बताने के लिए कहा था।

# हत्या कर शव को पॉलिथीन में लपेटकर दफनाने वाला गिरफ्तार



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के उत्तम नगर इलाके में अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक युवक राम स्वरूप उर्फ मोदी यादव (32) को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सकेंदर कुमार उर्फ सक्की (44) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वारदात के बाद से आरोपी पुलिस की आंखों में धूल झोंकते रहा था। पुलिस ने उसे 24 वर्ष बाद गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने राम स्वरूप की हत्या करने के बाद आरोपियों ने पॉलिथीन में लपेटकर उसका शव दफना दिया था। कई दिनों बाद हत्याकांड का राज खुला। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि आरोपी को एसीपी विवेक त्यागी के नेतृत्व में इंस्पेक्टर संजय कौशिक की टीम ने पकड़ा है। गत चार फरवरी 2000 को चंदो यादव नामक युवक ने अपने भाई राम स्वरूप के गायब होने की सूचना उत्तम नगर थाना पुलिस को दी थी। उसने पुलिस को बताया कि वह काम के लिए उसके गांव में रहने वाले पप्पू यादव की मटियाला स्थित फैक्ट्री में जॉब के लिए आया था। उसके भाई को आखिरी बार पप्पू यादव, मंटू यादव, सकेंदर यादव उर्फ सक्की और विजय यादव के साथ देखा गया था।

पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। जांच के दौरान पुलिस को राम स्वरूप से शव सड़ी-गली हालत में मटियाला की फैक्ट्री के कमरे में मिला। शव पॉलिथीन में लपेटकर दफनाया हुआ था। जांच के बाद पुलिस ने मंटू यादव को दबोच लिया।

# जॉब दिलाने के बहाने कोर्ट के चैंबर में वकील ने किया दुष्कर्म, आरोपी फरार

तीस हजारी कोर्टः पीड़िता पुलिस से लगा रही इंसाफ की गुहार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : तीस हजारी कोर्ट में चैंबर में जॉब दिलाने के नाम पर एक वकील ने एक युवती के साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि उसने अपने चैंबर में उसे बुलाकर हैवानियत की। वारदात के बाद आरोपी ने चुपचाप उसे वहां से जाने के लिए कहा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़िता, भजनपुरा इलाके में रहती है। परिवार में माता-पिता व बहन भाई हैं। उसने पुलिस को बताया कि घर में आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से वह जॉब करना चाहती थी। उसने उसकी चचेरी बहन ने आरोपी का नंबर दिया। फोन न उठाने पर उसने आरोपी को व्हाट्सएप पर मैसेज किया। इसके बाद दोनों के बीच बात हुई। आरोपी ने उसे अपने चैंबर बुलाया और परिजनों के बारे में पूछा। फिर कुछ दिनों बाद आने के लिए कहा। वह पीड़िता को व्हाट्स एप पर गुड मॉर्निंग व गुड नाइट के मैसेज भेजता था। गत 27 जुलाई को उसने उसे अपने चैंबर में बुलाया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकत की। पीड़िता का आरोप है कि उसके चिल्लाने पर आरोपी ने चैंबर का दरवाजा बंद कर लिया। विरोध करने पर आरोपी ने उससे कहा है कि यहां मेरी चलती है तुम क्या ही कर लोगी मेरा मैं वकील हूं। झूठ को सच और सच को झूठ अच्छे से बनाना आता है। उनके बाद उन्होंने मुझसे कहा की अगर ये बात किसी को बताई तो मेरे साथ तो बहुत लोग है तुम अकेली हो और मुझे 1500 रुपये देकर वहां से भेज दिया।

### वारदात से पहले आरोपी ने जीता विश्वास

वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपी ने पीड़िता को व्हाट्सएप पर गुड मॉर्निंग के मैसेज भेज कर उसका विश्वास जीता। बाद में उससे कहा कि इस दुनिया में अब अच्छे लोग नहीं मिलते है। इसी तरह से बातें करके आरोपी ने पीड़िता को अपने चाल में फंसा लिया। जब उसे पता चला कि पीड़िता उसके झांसी में आ गई है तो उसने जॉब दिलाने की बात कह कर उसे अपने चेंबर में बुलाया। पीड़िता के आने के बाद उसने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी। वारदात के बारे में पीड़िता ने अपनी चाची की बेटी को बताया तो उसने पीड़िता की मदद करने की बात कही। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस की कई टीमें आरोपी को पकड़ने के लिए छानबीन कर रही है।

# अमेरिकन सेंटर में वर्कशॉप एंट्री न मिलने पर पुलिस को किया फोन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अमेरिकन सेंटर में यूएस फिल्म मेकिंग एजेंसी ने छात्रों को ट्रेनिंग देने के लिए एक वर्कशॉप रखी। उन्होंने इस वर्कशॉप के लिए करीब 250 छात्रों को निमंत्रण भेजा। निमंत्रण मिलने के बाद दूसरे देशों के छात्र भी वहां आ गए। लेकिन सभी छात्रों अंदर दाखिल नहीं हो पाए। इसके बाद किसी ने पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी। मामला अमेरिकन सेंटर जुड़ा था तो मौके पर भारी मात्रा पर पुलिस बल पहुंच गया। इसके बाद अमेरकिन सेंटर के कर्मचारियों ने छात्रों से बात की और उन्हें समझा कर वापस भेजा।

जानकारी के मुताबिक, अमेरिकन सेंटर में अक्सर इस तरह की वर्कशॉप का आयोजन होता रहता है। इस बार भी उन्हें छात्रों को वर्कशाप में आने के लिए निमंत्रण भेजा था। लेकिन उन्हें नहीं पता था कि इस बार छात्रों की संख्या इतनी अधिक हो जाएगी। दरअसल, वह जब भी 100 छात्रों को बुलाते थे तो केवल 40 ही आते थे। इस पर उन्हें लगा कि ज्यादा छात्रों को बुलाएंगे तो 100-120 छात्र की ही आएंगे।

## व्यक्ति पर फावड़े व चाकू से हमला कर उतारा मौत के घाट

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के वेलकम इलाके में एक व्यक्ति पर फावड़े चाकू से हमला कर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान जावेद के रूप में हुई है। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज में तीन लड़के चाकू व फावड़े से हमला करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, जावेद का शव पुलिस को कबीर नगर के गली संख्या आठ स्थित सी-8/15 के पास मिला था। उसके सिर व चेहरे के अलावा अन्य जगहों पर चोट के निशान थे। मकान के बाहर स्लैब पर खून, चप्पल व कांच की टूटी बोतल पड़ी हुई थी। जिसके बाद पीड़ित युवक को जीटीबी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई तो तीन लड़के फावड़े व चाकू से हमला करते दिखाई दिए।

# एयर इंडिया ने तेल अवीव जाने वाली सभी उड़ाने की रद्द



दिल्ली और तेल अवीव के बीच एयर इंडिया हर सप्ताह 10 उड़ानें संचालित करता है...

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया और बेरूत में हिज्बुल्ला के वरिष्ठ जनरल फौद शुक्र की हत्या के बाद ईरान और इजरायल के बीच बढ़े तनाव को देखते हुए एयर इंडिया ने तेल अवीव जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एक्स पर जारी पोस्ट में एयरलाइन ने कहा, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति को देखते हुए तेल अवीव जाने-जाने वाली सभी फ्लाइट तुरंत प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। एयर इंडिया भारत और इजरायल के बीच विमान सेवा जारी रखने वाली इकलौती विमानन कंपनी है। पोस्ट में यह भी कहा गया है कि एयर इंडिया लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और कंफर्म बुकिंग वाले प्रभावित यात्रियों के साथ खड़ी है। वह इस अवधि के दौरान तेल अवीव से आने-जाने के लिए टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को सहायता प्रदान कर रही है तथा यात्रा पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एक बार की छूट दे रही है। मेहमानों और क्रू मेंबर की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल है। दिल्ली और तेल अवीव के बीच एयर इंडिया हर सप्ताह 10 उड़ानें संचालित करता है।

## पांच करोड़ की नशीली दवाओं के साथ तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नशीली दवाओं की तस्करी और खरीद-फरोख्त में लिप्त अंतरराज्यीय सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान कर्दमपुरी निवासी मो. अनस (26), निवेश कुमार (37) और लक्ष्मी नगर निवासी मेडिकल स्टोर संचालक लवकेश सिंधी के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नशे की लत लगाने वाली नशीली दवा ट्रामाडोल के 1,58,544 कैप्सूल, अल्प्राजोलम की 1, 560 गोलियां और कोडीन सिरप की 100 एमएल वाली 692 बोतलें बरामद की हैं। इसके अलावा ड्रग्स की सप्लाई में इस्तेमाल दो स्कूटी और एक महिंद्रा पिकअप वैन भी सीज की गई है। डीसीपी स्पेशल सेल मनोज सी ने बताया कि जब्त नशीली दवाओं की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब पांच करोड़ रुपए आंकी गई है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के पास से 3.14 लाख रुपए भी बरामद किए हैं।

## नेत्रहीनों को किया राशन वितरण

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : समाजसेवी व भाजपा नेता सचिन गंभीर ने शनिवार को उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र में हर माह की भांति इस बार भी नेत्रहीनों को घर गृहस्थी चलाने के लिए राशन वितरण किया। इस मौके पर भाजपा नेता और उत्तम नगर के अन्य क्षेत्र वासी रहे। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए समाजसेवी व भाजपा नेता सचिन गंभीर ने कहा कि वे अपने प्रेरणा स्रोत दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के कहे का अनुसरण कर रहे हैं और अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा दीन दुखियों की सहायता कर रहे हैं। उन्होंने कहा ये कार्य सांसद कमलजीत सहरावत के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।



## आरएमएल में किडनी से स्टोन हटाना हुआ आसान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली में केंद्र सरकार के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त किडनी से स्टोन निकालने की सुविधा की शुरुआत हुई है। नई सुविधा के तहत मरीजों को लेजर से किडनी पर जमे स्टोन को बहुत कम समय में हटाया जा सकता है। इसके लिए मरीजों को कोई शुल्क का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। बता दें कि एम्स दिल्ली के यूरोलॉजी विभाग में लिथोट्रिप्सी सर्जरी की सुविधा है। इस तकनीक से बगैर कोई चीरा लगाए या एनेस्थीसिया दिए बगैर एक सेंटीमीटर तक के पथरी को किडनी से निकाला जा सकता है। आरएमएल अस्पताल में भी अत्याधुनिक इंडोयूरोलॉजिकल यूनिट की शुरुआती की गई। इससे अस्पताल में किडनी की पथरी व प्रोस्टेट की लेजर सर्जरी की सुविधा शुरू हो गई है। इसलिए अब किडनी की पथरी व प्रोस्टेट की बीमारी से पीड़ित मरीजों को अस्पताल में बिना कोई चीरा लगाए निशुल्क लेजर सर्जरी हो सकेगी। निजी अस्पतालों में किडनी की पथरी के इलाज के लिए लेजर सर्जरी की सुविधा के लिए मरीजों को डेढ़ लाख से दो लाख रुपये खर्च करना पड़ता है। आरएमएल अस्पताल के यूरोलाजी के विभागाध्यक्ष डा. हेमंत कुमार गोयल ने बताया कि पांच से आठ मिलीमीटर (0.5-0.8 सेंटीमीटर) तक की पथरी सर्जरी के बगैर दवाओं से निकल जाती है।

## मर्डर में वांटेड आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने मर्डर केस में वांटेड कुख्यात बदमाश शूटआउट के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने जब आरोपी को घेरा और सरेंडर करने के लिए कहा तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। मजबूरन पुलिस को भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलानी पड़ी। गोली आरोपी के पैर में लगी। जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। तुरंत उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीसीपी क्राइम ब्रांच राकेश पावेरिया ने बताया कि आरोपी की पहचान जैतपुर निवासी इमरान उर्फ पहलवान (36) के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, दो चले हुए कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद की है।

कृष्णा पार्क एक्सटेंशन नया स्टेशन बना

# जनकपुरी से कृष्णा पार्क के बीच जल्द शुरू होगा मेट्रो का चौथा फेज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली मेट्रो का फेज चार का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस फेज के जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कॉरिडोर के ढाई किलोमीटर हिस्से पर जल्दी मेट्रो का परिचालन शुरू हो जाएगा। मेट्रो रेल परिचालन शुरू करने के लिए अब डीएमआरसी को सिर्फ अब मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) से स्वीकृति मिलने का इंतजार है। बता दें कि जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कॉरिडोर का ही एक हिस्सा है। सीएमआरएस से हरी झंडी मिलते ही जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन के बीच मेट्रो चलने लगेगी। यह कॉरिडोर फेज चार में निर्माणाधीन करीब 29 किलोमीटर लंबी जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कॉरिडोर का एक भाग है। बता दें कि जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क के बीच ढाई किलोमीटर का भूमिगत कॉरिडोर बनकर तैयार हो चुका है। इस कॉरिडोर पर कृष्ण पार्क एक्सटेंशन नया स्टेशन बनाया गया है। मंगलवार को सीएमआरएस ने इस कॉरिडोर व कृष्ण पार्क एक्सटेंशन के सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया। उम्मीद है कि परिचालन के लिए डीएमआरसी को जल्दी स्वीकृति मिल जाएगी।



### बॉटनिकल गार्डन से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन तक मेट्रो उपलब्ध होगी

जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कॉरिडोर वर्तमान मजेंटा लाइन का हिस्सा है। इसलिए जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन के बीच मेट्रो का परिचालन शुरू होने से मजेंटा लाइन पर नोएडा के बॉटनिकल गार्डन से सीधे कृष्णा पार्क एक्सटेंशन तक मेट्रो उपलब्ध हो पाएगी। इससे कृष्णा पार्क के आसपास की कालोनियों के अलावा विकासपुरी के लोगों को भी फायदा होगा।

## '1984 पीड़ितों के लिए फ्लैट्स का ब्याज माफी, जायज मांग'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के सीनियर उपाध्यक्ष आत्मा सिंह लुबाना ने राज्यसभा सदस्य विक्रमजीत सिंह साहनी द्वारा 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों के लिए आवंटित फ्लैटों का ब्याज माफ किए जाने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि अब तो दंगे हुए 40 साल हो चुके हैं, अब तो दिल्ली और केंद्र सरकार को मिलकर आगे आना चाहिए ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। उल्लेखनीय है कि विक्रमजीत सिंह साहनी ने विगत दिनों संसद में मुद्दा उठाते हुए बताया था कि उस समय केंद्र सरकार के अधीन चल रहे दिल्ली अर्बन शेल्टर बोर्ड ने पीड़ितों के लिए फ्लैट आवंटित किए थे, जिनकी कीमत 27 हजार रुपये थी। साहनी ने मांग की थी कि अब दिल्ली अर्बन शेल्टर बोर्ड दिल्ली सरकार के अधीन है। इसलिए दिल्ली और केंद्र दोनों सरकारों को मिलकर 1984 के दंगों के पीड़ितों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। लुबाना ने कहा कि वह साहनी के आभारी हैं जिन्होंने संसद में इस मुद्दे को उठाया।



आत्मा सिंह लुबाना



विक्रमजीत साहनी

# फिक्की कास्केड ने किया ऑटो रैली का आयोजन

तस्करी के खिलाफ जंग में हिस्सा लेने की अपील

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): फिक्की कास्केड द्वारा शनिवार को ऑटो रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के जरिए फिक्की कास्केड द्वारा देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर रही तस्करी एवं जालसाजी जैसे अपराध के खिलाफ लड़ाई में हिस्सा लेने की अपील की गई। ऑटो रैली के जरिए इसके घातक प्रभावों के खिलाफ लोगों को जागरुक करने की भी कोशिश की गई।

ये ऑटो रैली तानसेन मार्ग, मंडी हाउस, बाराखंभा रोड, आउटर सर्कल कनॉट प्लेस और बाराखंभा रोड से होते हुए फिक्की हाउस में समाप्त हुई। इस दौरान रैली में शामिल ऑटो रिक्शा पर अवैध व्यापार से जुड़ी जानकारी को लेकर बैनर भी लगाए गए थे। इस अवसर पर फिक्की कास्केड के चेयरमैन अनिल राजपूत ने कहा कि अगर हम सभी वैध तरीकों से सभी उत्पाद खरीदेंगे और उन पर निर्धारित करों का पूरा भुगतान करेंगे, तो हमारा देश तेजी से प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि लेकिन अगर हम सब ऐसा नहीं करते हैं तो फिर सरकार के लिए अपने नागरिकों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करना मुश्किल होगा। अनिल राजपूत ने कहा कि तस्करी की गतिविधियों से न केवल नौकरी जाने और राजस्व चोरी के रूपमें अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ता है। कभी-कभी अवैध कारोबार करने वाले भारतीय बाजारों में प्रवेश करने के लिए तस्करी का रास्ता अपनाते हैं। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि तस्करी कर लाए हुए उत्पाद हमारे बाजारों में घुसपैठ न कर सकें। फिक्की कास्केड के एक अध्ययन के मुताबिक एफएमसीजी-पैकेज्ड फूड, एफएमसीजी-हाउस होल्ड एंड पर्सनल गुड्स, एल्कोहलिक बेवरेज और तंबाकू उत्पादों जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों में अवैध व्यापार बहुत तेजी से बढ़ा है।

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




# श्रीकृष्ण जन्मभूमि का विवेक

**श्रीकृष्ण** जन्मभूमि-शाही ईदगाह केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिन्दू पक्षों द्वारा दायर 18 याचिकाओं को सुनवाई के योग्य माना है। इसके साथ ही इस मामले में अब नई कानूनी लड़ाई शुरू हो गई है। यह याचिकाएं ईदगाह मस्जिद को हटाकर जमीन का कब्जा देने और श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मंदिर के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर दायर की गई थी। मुस्लिम पक्ष ने वक्फ एक्ट का हवाला देते हुए हिन्दू पक्ष की याचिकाओं को खारिज किए जाने की दलीलें पेश कीं लेकिन हाईकोर्ट ने उनको खारिज कर दिया। यहां तक श्रीकृष्ण जन्मभूमि का सवाल है मेरा यही कहना है कि सार्वजनिक विवेक देशकाल और परिस्थितियों की उपज होता है और विवेक कहता है कि धार्मिक विवादों को अदालतों के माध्यम से सुलझाने की बजाय आपसी समझ से सुलझाया जाना चाहिए जिससे देश में प्रेम और भाईचारा हर हालत में कायम रह सके। श्रीराम मंदिर का इतिहास गवाह है कि मंदिर निर्माण के लिए सरकारों ने बातचीत से मसला सुलझाने की कोशिश की लेकिन कोई सफलता हासिल नहीं हुई लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला देकर राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। अगर विवेक से मामला सुलझा लिया जाता तो संघर्ष इतना लम्बा नहीं होता। इतिहास बोल-बोल कर कहता है कि मथुरा में श्रीकृष्ण जन्म स्थान पर बने मंदिर को तीन बार तोड़ा और चार बार बनवाया जा चुका है। इस स्थान के मालिकाना हक को लेकर लम्बे समय से दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है।

इतिहास में उल्लेख है कि सम्राट चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के शासन काल में दूसरा मंदिर 400 ई. में बनवाया गया। हालांकि, महमूद गजनवी ने सन् 1017 ई. में आक्रमण कर यहां लूट मचा दी और मंदिर को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद एक अन्य हिंदू राजा ने फिर मंदिर का निर्माण कराया। वह मंदिर भी मुगलों द्वारा तोड़ दिया गया। ओरछा के राजा वीर सिंह देव बुंदेला ने इसी स्थान पर चौथी बार मंदिर बनवाया। सन् 1669 में इस मंदिर की भव्यता से चिढ़कर औरंगजेब ने इसे तुड़वा दिया और इसके एक भाग पर ईदगाह का निर्माण करा दिया। इसके बाद ईदगाह को तो कोई हिंदू राजा नहीं हटा सके, हालांकि उद्योगपति जुगलकिशोर बिड़ला द्वारा यहां मंदिर के गर्भ गृह का पुनरुद्धार और निर्माण कार्य शुरू कराया गया। जो फरवरी 1982 में पूरा हुआ। अब यहां मंदिर और ईदगाह दोनों हैं।

**इतिहास में उल्लेख है कि सम्राट चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के शासन काल में दूसरा मंदिर 400 ई. में बनवाया गया। हालांकि, महमूद गजनवी ने सन् 1017 ई. में आक्रमण कर यहां लूट मचा दी और मंदिर को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद एक अन्य हिंदू राजा ने फिर मंदिर का निर्माण कराया। वह मंदिर भी मुगलों द्वारा तोड़ दिया गया। ओरछा के राजा वीर सिंह देव बुंदेला ने इसी स्थान पर चौथी बार मंदिर बनवाया। सन् 1669 में इस मंदिर की भव्यता से चिढ़कर औरंगजेब ने इसे तुड़वा दिया और इसके एक भाग पर ईदगाह का निर्माण करा दिया।**

1968 में श्रीकृष्ण जन्म स्थान सेवा संघ नाम की संस्था गठित की गई जिसने मुस्लिम पक्ष के साथ समझौता कर लिया। इस समझौते में मुस्लिम पक्ष ने अपने कब्जे से कुछ जगह मंदिर के लिए छोड़ी और उसके बदले में पास की जगह उसे दे दी गई। हिन्दू पक्ष ने इस समझौते को रद्द करने के लिए याचिकाएं दायर की तब से ही मामला अदालतों में चल रहा है। हिन्दू पक्ष का दावा है कि जिस जगह पर शाही ईदगाह का निर्माण किया गया उसी जगह पर भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि और मंदिर का गर्भगृह है। अब जबकि भारतीय पुरातत्व विभाग अपना सर्वे भी पूरा कर चुका है और इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रायल शुरू करना स्वीकार भी कर चुका है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि यह मामला काफी लम्बा चलेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ही एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त कर मस्जिद परिसर का सर्वे कराने का आदेश दिया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उस पर रोक लगा दी थी।

मेरी शुरू से ही राय रही है कि मुस्लिम समुदाय श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बनी मस्जिद को स्वयं ही हिन्दुओं को सौंप दे जिससे भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का सितारा बुलंद होकर पूरी दुनिया को यह संदेश दे सके कि भारत अपनी आजादी की लड़ाई की उस विरासत को आज भी कसकर बांधे हुए है जिसने 1947 में अंग्रेजों से आजादी पाकर इस महाद्वीप के सभी देशों के सामने आजाद होने की मिसाल पेश की थी। यह काम देश के इन दोनों समुदायों के प्रबुद्ध व विद्वान लोगों के बीच इस प्रकार होना चाहिए कि आम जनता के बीच भारत की हिन्दू-मुस्लिम एकता का संदेश जाए। इसके लिए केवल राष्ट्र व मानवता के लिए प्रतिबद्धता की जरूरत है। इस मामले पर अदालतों में जो लड़ाई चल रही है वह साक्ष्यों के आधार पर ही होगी। साक्ष्य तो यही बोल रहे हैं कि गुम्बद मंदिर की दीवारों पर ही खड़े हैं। व्यर्थ में इस मुद्दे को अदालत में घसीटने से कोई ज्यादा लाभ नहीं हो सकता। अब जबकि श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण हो चुका है और वह देशभर के हिन्दुओं की आस्था का केन्द्र बन चुका है तो श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भी सियासत नहीं होनी चाहिए। भारत कानून से चलने वाला देश है। अत: मथुरा और काशी मामले में भी हिन्दू पक्ष ने अपनी आवाज बुलंद की है तो वह भी अदालतों द्वारा अनुमति दिए जाने के बाद ही की है। अत: दोनों समुदायों को विवेक से काम लेना होगा।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## नेता तो बहुत हैं जनाब, पर...

नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार कर अब इस्तीफा देने-
वाले मंत्रिगण और सरकार नहीं मिलते,
दिन-प्रतिदिन होते रेल हादसों पर कोई गंभीर सुधार नहीं मिलते,
देश हित की खातिर कभी सत्ता और विपक्ष के सांझे विचार नहीं मिलते,
नेता तो बहुत हैं जनाब, पर जनता के दुख-सुख के रहनुमा नहीं मिलते !!


गीता पाढा

# ग्रेमी विजेता को बिजनेस क्लास की जगह इकनॉमी क्लास में बैठाया

**नई दिल्ली,** (भाषा): ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज ने शनिवार को शिकायत की कि एयर इंडिया ने मुंबई-बेंगलुरु उड़ान के लिए उनके बिजनेस क्लास के टिकट को निचली श्रेणी में बदल दिया। दूसरी ओर एयरलाइन ने अपनी सफाई में कहा कि तकनीकी कारणों से विमान को पूरी तरह इकनॉमी क्लास में बदल दिया गया था। एयरलाइन ने आखिरी मिनट की रुकावट के कारण यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया और कहा कि नियमों के अनुसार रिफंड शुरू कर दिए गए हैं।

केज ने शनिवार की सुबह सोशल मीडिया पर कहा कि उनके बिजनेस क्लास के टिकट को निचली श्रेणी के टिकट में बदल दिया गया और एयरलाइन के कर्मचारी ने उनके साथ गलत व्यवहार किया। उन्होंने कहा-वाह.. एक साल में मेरे साथ ऐसा तीसरी बार हो रहा है। मैंने एयर इंडिया पर मुंबई से बेंगलुरु के लिए बिजनेस क्लास टिकट बुक किया और उसका भुगतान किया। उन्होंने एक्स में एक पोस्ट में कहा-जब मैं प्रस्थान द्वार पर पहुंचा, तो कर्मचारी ने मुझे बेरहमी से बताया कि मुझे (बिना किसी कारण के) निचली श्रेणी में भेज दिया गया है और वे मुझे रिफंड नहीं दे सकते।

# अब बंगाल को बांटने की तैयारी




*'तू कैसा नाखुदा है जालिम जो कश्तियां डुबोने का शौक रखता है*
*पर भूल मत कि ऊपर एक खुदा है जो बचाने का शौक रखता है'*

**पिछले** सप्ताह जब बंगाल भाजपा प्रमुख व केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार की अगुवाई में पश्चिम बंगाल से विजयी रहे दर्जनभर भाजपा सांसद प्रधानमंत्री मोदी से मिले तो मजूमदार ने एक दूर की कौड़ी खेलते हुए पीएम के समक्ष अपना एक 'प्रेजेंटेशन' पेश किया, सूत्रों की मानें तो यह 'प्रेजेंटेशन' पूरी तरह से पश्चिम बंगाल विभाजन के नए आइडिया पर केंद्रित था। इस प्रस्तुतिकरण में बताया गया था कि अगर पश्चिम बंगाल से नार्थ बंगाल को अलग कर उसे एक केंद्र शासित राज्य का दर्जा दे दिया जाए और इस नवगठित राज्य को उत्तर पूर्वी राज्यों का ही एक हिस्सा मान लिया जाए तो फिर बंगाल में तृणमूल व उसकी नेत्री ममता बनर्जी की धमक को कम किया जा सकता है।

आपको याद दिला दें कि नार्थ बंगाल हमेशा से संघ का गढ़ रहा है, संघ ने यहां जमीनी स्तर पर अपनी जड़ें जमा रखी हैं। 2024 के आम चुनाव में भी जब बंगाल में भाजपा की सीटें 18 से घट कर मात्र 12 रह गई तब भी नार्थ बंगाल में भगवा पार्टी का जलवा बरकरार रहा, भाजपा ने यहां की कुल 8 में से 6 सीटें जीत ली थीं। यदि भाजपा नार्थ बंगाल को वेस्ट बंगाल से अलग करवाने में कामयाब हो जाती है तो इससे दक्षिण बंगाल के 'रार आंदोलन' को भी नई हवा मिलेगी। वैसे भी भाजपा शुरू से ममता पर यह आरोप लगाती आई है कि 'उन्होंने हमेशा नार्थ बंगाल के साथ एक सौतेला रवैया अपनाया है, विकास कार्यों में भी इसके साथ भेदभाव किया है,' पर बंगाल भाजपा के एक अन्य प्रमुख नेता शुभेंदु अधिकारी बंगाल बंटवारे के खिलाफ बताए जाते हैं, उनका कहीं शिद्दत से मानना है कि राज्य की बंगाली जनता इस बंटवारे के लिए कभी तैयार नहीं होगी और यह एक तरह से बर्रे के छत्ते में हाथ डालने जैसा होगा।



1905 में बंगाली समाज ऐसा ही एक बंटवारा पहले भी देख चुका है और बंगभंग आंदोलन की उग्रता ने अंग्रेजों को देश छोड़ने के लिए कहीं न कहीं मजबूर भी किया था। यह और बात है कि बंगाल की भगवा राजनीति में सुकांत व शुभेंदु दोनों एक-दूसरे को फूटी आंखों नहीं सुहाते, चुनांचे सुकांत की इस पहल का अधिकारी को वैसे भी विरोध करना था। उड़ती चिड़िया के पंख गिनने में माहिर ममता ने भाजपा की इस संभावित चाल की पड़ताल पहले कर ली है और उन्होंने अपने अंदाज में अभी से शोर मचाना शुरू कर दिया है, ममता भाजपा को अलगाववादी करार देते हुए अपने निजी राजनैतिक लाभ के लिए उस पर पश्चिम बंगाल को बांटने का आरोप लगा रही है, आने वाले दिनों में यह मामला और भी तूल पकड़ सकता है।

**क्या गुजरात का 'सर्जिकल स्ट्राइक' अब यूपी में दुहराया जाएगा?**

भाजपा शीर्ष अपने लाख प्रयासों के बावजूद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नाथने में कामयाब नहीं हो पा रहा है। योगी हैं जो इन तमाम विसंगतियों से ऊपर उठ कर अपने लिए कट्टर हिंदुत्व का एक नया 'नैरेटिव' गढ़ने में लगे हैं। वे एक रबर स्टैंप सीएम की तरह आलाकमान के समक्ष नतमस्तक होने को कतई तैयार नहीं दिखते। सो, भाजपा शीर्ष से जुड़े विश्वस्त सूत्र खुलासा करते हैं कि यूपी की 10 सीटों पर उपचुनाव संपन्न होने के बाद योगी को नापने की नई कवायद हो सकती है। यह कवायद ठीक वैसी ही होगी जैसा सर्जिकल स्ट्राइक भाजपा शीर्ष ने गुजरात में किया था। जब एक झटके में वहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम पदाधिकारियों ने और राज्य मंत्रिमंडल ने अपना इस्तीफा दे दिया था, तब राज्य के तत्कालीन भगवा मुख्यमंत्री को भी मजबूर होकर अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था। मुमकिन है यही प्रयोग उपचुनावों की समाप्ति के बाद यूपी में भी दुहराया जाए, वैसे में बकरे की मां आखिर कब तक खैर मनाएगी।



यूपी में भाजपा शीर्ष सपा के पीडीए की काट ढूंढ रहा है, भाजपा की रणनीति यूपी में किसी ओबीसी या फिर दलित चेहरे को यहां का नया सीएम बनाने की है। भाजपा शीर्ष इस मसले पर अभी से संघ से गुफ्तगु करने में लगा है ताकि संघ खुल कर योगी के समर्थन में सामने न आ सके।

कमोबेश यह तस्वीर वाजपेयी के जमाने की लग रही है, जब वाजपेयी दिल्ली में भाजपा के उदारवादी चेहरे के साथ पीएम की कुर्सी पर विराजमान थे। योगी अपने को इसी कट्टर हिंदुत्व की प्रयोगशाला में तपा रहे हैं।

**संघ से रिश्ते सुधारना चाहता है भाजपा शीर्ष**

चुनाव के अधबीच भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के इंडियन एक्सप्रेस अखबार को दिए उस इंटरव्यू को अब भाजपा शीर्ष बिसरा देने की चाहत रखता है, जिसमें नड्डा ने बेहद सुनियोजित तरीके से खम्म ठोक कर कह दिया था कि 'अब भाजपा को संघ की जरूरत नहीं रह गई है।' आने वाले हरियाणा, महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा चुनावों में भाजपा को संघ के समर्थक की बेहद दरकार आन पड़ी है, भाजपा शीर्ष को लग रहा है कि इन राज्यों के चुनावों में संघ की अति सक्रियता के बगैर उनकी नैया वहां पार नहीं होने वाली। सो, सुलह- सफाई का रास्ता भाजपा शीर्ष ने ही निकाला है, पिछले दिनों मोदी 3-0 सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर प्रतिबंध लगाने वाले पुराने अध्यादेश को रद्द कर दिया है। पर संघ इस बात से कोई खास उत्साहित नहीं दिखता।



संघ से जुड़े सूत्र खुलासा करते हैं कि संघ की ओर से मोदी सरकार से ऐसी कोई मांग की ही नहीं गई थी और अगर केंद्र सरकार को यह अध्यादेश रद्द ही करना था तो पिछले दस सालों से जब से वह सत्ता में थी ऐसा कदम पहले क्यों नहीं उठाया गया? एक ओर जहां भाजपा व संघ एक-दूसरे के प्रति अपने रुख में अब किंचित नरमी दिखा रहे हैं, वहीं संघ प्रमुख मोहन भागवत की भाजपा को लेकर स्थितप्रज्ञता जस की तस बनी हुई है। उन्हें जब भी मौका मिलता है वह हमला बोलने से नहीं चूकते। वैसे भी देखा जाए तो संघ के शीर्ष पदाधिकारियों में दत्तात्रेय होसाबोले, सुरेश सोनी व अरुण कुमार को छोड़ कर शेष अन्य भागवत की लाइन का ही समर्थन करते हैं।

सुरेश सोनी शिवराज सिंह चौहान के भी बेहद करीबियों में शुमार होते हैं, माना जाता है कि शिवराज को केंद्र में अहम मंत्री पद दिलवाने में सोनी की एक महती भूमिका रही है। भाजपा इस वक्त तहसील, ग्राम पंचायत से लेकर हर बूथ तक यह संदेश पहुंचाने में व्यस्त है कि 'संघ व भाजपा के दरम्यान कोई तल्खी नहीं है दोनों साथ-साथ हैं, एक सिक्के के दो पहलू हैं।'

माना जाता है कि भाजपा के नए कार्यकारी अध्यक्ष को लेकर दिल्ली के पास जो नाम भेजे गए हैं उनमें से एक नाम देवेंद्र फड़णवीस का भी है, जिन्हें संघ का बेहद करीबी माना जाता है, पर फिलवक्त तो संघ की भंगिमाओं से ऐसा लगता है कि उसकी इन बातों में कोई रुचि नहीं कि भाजपा किसे अपना नया सिरमौर चुनती है।

**चीन को लेकर उदार**

ऐसे कौन से प्रभावशाली केंद्रीय मंत्री व प्रमुख कंसलटेंट हैं जो चीन से सीधे निवेश की वकालत कर रहे हैं? पिछले दिनों केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का एक बयान सामने आया जिसमें उन्होंने कहा कि 'भारत की चीन से एफडीआई पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की कोई योजना नहीं है।' सनद रहे कि वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरम ने बजट पूर्व आर्थिक समीक्षा में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई बढ़ाने की वकालत की थी। सो, यह प्रश्न उठना लाजिमी है कि सरकार के किन प्रभावशाली मंत्रियों व मंत्रालयों के सलाहकारों की ओर से चीन से एफडीआई बढ़ाने की इतनी वकालत की गई? इतने अहम सुझाव आए? वैसे भी देश के कई प्रमुख मंत्रालयों में कुछ कंसलटेंट या सलाहकार चीन के प्रति अपने नरम व लचीले रवैये के लिए जाने जाते हैं।



**...और अंत में**

आखिरकार इतने दिनों तक दिल्ली स्थित पूसा कृषि विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में अपने दिन काटने वाले मोदी सरकार के एक अहम मंत्री शिवराज सिंह चौहान को नई दिल्ली के 12 सफदरजंग रोड में अपना नया आशियाना मिल गया है। यह वही बंगला है जिनमें पहले पंचायती राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल रहा करते थे, पाटिल इस दफे महाराष्ट्र से अपना लोकसभा चुनाव हार गए तो उनसे यह बंगला खाली करवाया गया है। पाटिल से पहले इस बंगले में हरसिमरत कौर बादल व रामदास अठावले भी रह चुके हैं।



# जाति सर्वेक्षण पर अपने-अपने सवाल




**राहुल** गांधी की जाति क्या है? यह सवाल इसलिए पूछा जाना चाहिए, क्योंकि विपक्ष के नेता देशभर में जाति जनगणना चाहते हैं। दूसरे दिन लोकसभा में बोलते हुए गांधी ने कहा कि आरक्षण कोटा तय करने के लिए जाति जनगणना कराई जानी चाहिए। बसपा के संस्थापक स्वर्गीय कांशीराम द्वारा सर्वप्रथम प्रचलित किए गए नारे 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' को उधार लेते हुए, राहुल हाल के विधानसभा और लोकसभा चुनावों में इसी बात पर जोर दे रहे हैं। (यह अलग बात है कि कांशीराम और मायावती दोनों ने जल्द ही इस नारे को त्याग दिया क्योंकि उन्हें अहसास हो गया था कि यह नारा विभाजनकारी है और अन्य सभी जातियों को अलग-थलग कर रहा है।)

यह समझना कठिन नहीं है कि राहुल जाति जनगणना की मांग क्यों कर रहे हैं। वह दलितों और ओबीसी का समर्थन वापस पाने के लिए ऐसा करते हैं, जो हाल के वर्षों में कांग्रेस पार्टी को छोड़ चुके हैं। इस प्रक्रिया में वह भाजपा के हिंदुत्व क्षेत्र को विभाजित करना चाहते हैं। लोकप्रियता हासिल करने और भाजपा को कमजोर करने के लिए हिंदुओं को बांटना ही जाति जनगणना की उनकी मांग के पीछे की वजह है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में बोलते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि 'जाति जनगणना की मांग करने वालों को यह नहीं पता कि उनकी अपनी जाति क्या है।' हालांकि उन्होंने राहुल का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका निशाना स्पष्ट था।

दरअसल, अपनी जाति को महत्वपूर्ण बनाने का दोष राहुल पर आ सकता है तथा इस मामले पर जातपात को लेकर सवाल उठाने वालों को कोई रोक नहीं सकता। उस दौरान संकट में घिरे प्रधानमंत्री वीपी सिंह द्वारा राष्ट्र में मंडल आरक्षण को लागू किया गया। वहीं इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने



मंडल आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया था। साथ ही अपनी कुर्सी बचाने के लिए वीपी सिंह ने बोतल में बंद इस रिपोर्ट को सार्वजिनिक कर दिया लेकिन इस सब के बावजूद भी वह अपनी कुर्सी बचाने में नाकामयाब रहे, जिसके चलते सामाजिक एकजुटता और एकता को गहरा आघात पहुंचा और इस रिपोर्ट के बाद समाज में जाति की भूमिका कम होने के बजाय बढ़ गई और धीरे-धीरे यह आगे चलकर सामाजिक पहचान का निर्धारक बन गई।

यही कारण है कि राजनेता जाति का कार्ड खेलकर सस्ती लोकप्रियता भुनाने में जुटे हैं। जाति के आधार पर समाज का विखंडन अब एक वास्तविकता बन गई है। हालात ये बन गए हैं कि समय के साथ देश में पार्टियां और राजनीतिक समूह भी जातियां और जातीय समूह के समांतर बढ़ते जा रहे हैं। लेकिन बावजूद इसके भी राहुल गांधी बेतुके सवाल उठाकर सार्वजनिक चर्चा को नीचा दिखाने पर तुले हुए हैं, जो केवल जातिगत विभाजन को बढ़ा सकते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह व्यापक सामाजिक शांति और सद्भाव के उद्देश्य को नुकसान पहुंचाता है। समाज को जाति के आधार पर बांटकर हम निरंतर पिछड़ रहे हैं लेकिन बावजूद इसके राजनीतिक दल समाज को जातियों में बांटकर दलदल में धकेल रहे हैं।



हालांकि आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को पार करने के लिए कुछ राज्य सरकारों ने अपरंपरागत तरीकों का सहारा लिया है। क्योंकि वर्तमान में महाराष्ट्र में एक अल्पज्ञानी नेता प्रभुत्वशाली मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग करके सत्ताधारी दल के लिए कांटा बन गया है। बहरहाल मराठा आरक्षण के सवाल को संभालना बहुत पेचीदा हो गया है। दूसरी तरफ आरक्षण को लेकर राहुल गांधी की से दिए जा रहे बयानों से हालात भी खराब हो सकते हैं। क्योंकि मतदाताओं को लुभाने के अपने प्रयास में उनका जातियों को लेकर दिया जाने वाला हवाला व्यापक राष्ट्रीय हित को नुकसान पहुंचा सकता है। वैसे भी आरक्षण की मौजूदा मांगें अलग-अलग राज्य सरकारों के लिए एक बड़ी समस्या हैं और उन्हें जाति का राग अलापने के बजाए, लोकप्रियता हासिल करने के लिए कोई अन्य तरीका खोजना चाहिए।

# हम कब तक आपदा को सहते रहेंगे...


श्रीमती किरण चोपड़ा
डायरेक्टर- पंजाब केसरी दैनिक समाचार लि.
चेयरपर्सन- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
मुख्य संरक्षिका- चौपाल
सदस्या- राष्ट्रीय सलाहकार मण्डल, एकल
संरक्षिका- भारतीय लोक विकास परिषद
/kiranchopra01
kiranchopra@punjabkesari.com
kiranchopradesk@gmail.com

**जल** आपदा क्या होती है, इस पर हमारे पर्यावरण विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। बरसात या फिर जल सैलाब अथवा बाढ़ में लोग क्यों मरते हैं, यह आज का सवाल है। वायनाड में कुदरत के कहर से 300 लोगों का मारा जाना, हिमाचल में 5 जगहों पर बादल फटने से 5 लोगों की मौत और 51 की जिन्दगी की तलाश अभी जारी है। उत्तराखंड में भी बादल फटने की सुर्खियां उभर रही हैं लेकिन 48 घंटे पहले दिल्ली में आफत बनकर बरसी बारिश में लोगों के मारे जाने की सुर्खियों पर एक नजर डालिये-

**** मयूर विहार में नाले में गिरने से मां-बेटे की मौत***
**** बिंदापुर में ट्यूशन पढ़कर आ रहे छात्र की करंट से मौत***
**** जैतपुर में पानी की टंकी में करंट से युवक की मौत***
**** शास्त्री पार्क में छत गिरने से दुकानदार की मौत***
**** संगम विहार में गली में पानी भरा, करंट से युवक की मौत***
**** नोएडा, गाजियाबाद में बिजली करंट से 4 मौतें***
**** फरीदाबाद नाले में युवक की मौत***

अगर छह दिन पहले की बात करें तो दिल्ली के पटेल नगर में करंट से आईएएस की तैयारी कर रहे युवक की मौत तथा राजेन्द्र नगर के कोचिंग सैंटर अव्यवस्था की कहानी बयान कर रहे हैं। हर मौत जवाब मांग रही है। कब तक हम मौसम की मार कह कर कुदरत के हादसों को कोसते रहेंगे। हमारे यहां पानी की आफत से बचने के ठोस उपाय जरूरी हैं। मयूर विहार इलाके से सटे गाजीपुर की खेड़ा कालोनी में तीन साल के प्रियांश और 23 साल की उसकी मां तनुजा बिष्ट की मौत के लिए नाला जिम्मेदार है या अव्यवस्था। लेकिन मां की बेटे के लिए यह ममता थी, प्रेम था जिस वजह से दोनों की जान गई। तनुजा की भाभी पिंकी भी वहीं थी। तनुजा की गोद में प्रियांश था और एक हाथ में बैग था। मां ने बेटे को गोद से नहीं छोड़ा तथा दूसरे हाथ में बैग थाम कर वह जिन्दगी की जंग हार गई। पानी में पिंकी डूब गई लेकिन उसका हाथ बाहर निकल आया जिसे बचावकर्मियों ने बचा लिया। जल भराव को लेकर दोषारोपण या राजनीति की बजाय जिन लोगों की मौत हुई है, उनके परिजनों से दर्द बांटा जाए। उन्हें मुआवजा दिया जाना चाहिए। सोशल मीडिया पर लोग व्यवस्था न होने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं कि अव्यवस्था की कीमत आम आदमी क्यों चुकाए।



हर साल 'बाढ़' आती है। उतनी बारिश नहीं होती जितना पानी भर जाता है। दिल्ली से गुरुग्राम, सोनीपत, पानीपत हर हाइवे झील बन जाते हैं। वाहन फंस जाते हैं। दिल्ली के अन्दर हर सड़क पर जाम लग जाता है। पानी में करंट आ सकता है। ऊपर लिखे हादसे से दिल्ली-एनसीआर में 10 मौतें प्रशासन को मजबूत व्यवस्था के लिए अलर्ट दे रहे हैं, हमें सावधान हो जाना चाहिए।

मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि कोई भी हादसा प्राकृतिक रूप से भी घटित हो सकता है क्योंकि कुदरत के प्रकोप को रोकना मनुष्य के वश की बात नहीं है लेकिन हम देख रहे हैं कि हादसों में लगातार लोगों की जानें जा रही हैं और राष्ट्रीय सम्पदा का नुक्सान भी हो रहा है। प्रकृति के कहर को रोका तो नहीं जा सकता लेकिन उसके प्रभाव को कम किया जा सकता है लेकिन मानव निर्मित हादसों का बढ़ना सबके लिए चिंता का विषय है। हादसों के लिए चूक जिम्मेदार है। अधिकांश ट्रेन दुर्घटनाएं मानवीय भूल से हो रही हैं। इसमें हर वर्ष सैकड़ों रेल यात्रियों की मौत हो जाती है। वर्षाकाल के दिनों में एक के बाद एक हादसे हो रहे हैं लेकिन दिल्ली में वर्षा और करंट के चलते 10 लोगों की जान चली जाए तो मानवीय पहलू तथा बंदोबस्त की मजबूती जरूरी है।

पटेल नगर इलाके में एक छात्र द्वारा वर्षा के दौरान लोहे का गेट पकड़ने पर करंट लगने से मौत हो गई। यूपी के गाजीपुर का निलेश कुमार छात्र सिविल सर्विस का आरम्भिक टैस्ट क्लीयर का चुका था और मेन्स की तैयारी कर रहा था। उसके बाद राजेन्द्र नगर में एक कोचिंग सैंटर की बेसमेंट में पानी भरने से 3 छात्रों की मौत हो गई। जिनमें दो छात्राएं भी थीं। यह सारे हादसे मानव निर्मित ही हैं। अगर बिजली का करंट दौड़ाने वाली नंगी तारों को पहले ही देख लिया होता तो छात्र की कीमती जान बच सकती थी। बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाना सीधा-सीधा नियमों का उल्लंघन हो रहा है। दरअसल नियम व कानून लागू करने वाली एजैंसियां इतनी लापरवाह हो चुकी हैं कि उन्हें लोगों की जान की कोई परवाह नहीं है। अगर खतरों को भांप कर बेसमेंट में सुरक्षा के कोई पुख्ता प्रबंध किए गए होते तो हादसा टल सकता था। जिन्होंने निगरानी रखनी थी वह भी गायब रहे और जो कोचिंग सैंटर चला रहे थे उन्हें भी धन के अलावा कुछ नजर नहीं आ रहा था। ऐसी व्यवस्था समाज के लिए घातक होती है जिसमें प्रशासन तंत्र भ्रष्टतंत्र में बदल जाए और अकूत धन कमाने की लालसा में सब अंधे हो जाएं। अब सवाल यह है कि मानव निर्मित आपदाओं को रोका कैसे जाए।

हमारा यह मानना है कि हर साल पानी भराव को लेकर ठोस परियोजना कब बनाई जाएगी। बाद में कमेटी बनाने या जांच बैठाने का क्या लाभ? पहले ही से ठोस प्रबंध कर लिए जाएं तो बहुत जानें बचाई जा सकती हैं तथा कागजों पर दावे करने की बजाय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी मां-बेटी, बहन-भाई या तीन साल के प्रियांश तथा उसकी मां तनुजा की जान नहीं जाएगी। जान किसी युवक या किसी बेटी या बेटे की गई, वह इंसान की ही थी। जो व्यवस्था कर रहे हैं, वे भी इंसान ही हैं इसलिए इंसान का रिश्ता इंसानियत तथा मददगार का होना चाहिए।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com
स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।


DELHI'S No.1 HYPER MARKET
RAJMANDIR
हम 100 प्रतिशत सबसे सस्ता और असली सामान बेचते हैं। / WHOLESALE RATE KA HYPER MARKET
BUY 1 GET 1 FREE
Exclusive RAKHI & GIFT HAMPER
Available at discounted price
BUY 1 GET 2 FREE
MORE THAN 200 PRODUCTS
MORE THAN 100 PRODUCTS
RAJMANDIR
MANY MORE OFFERS
VISIT YOUR NEAREST STORE
RAJMANDIR BRAND OF INDIA DESH KA BRAND


श्रद्धा AN ISO 22000 & HACCP COMPANY सबुरी
Sairam Sweets TM
PURE DESI GHEE PREPARATION
NO OUTSIDE KHOYA
Pure मलाई देशी घी घेवर
₹540*
Net Weight 900 GM
NO OUTSIDE KHOYA
Pure मलाई केसर देशी घी घेवर
₹720*
Net Weight 900 GM
NO OUTSIDE KHOYA
Pure मलाई ब्लूबेरी देशी घी घेवर
₹720*
Net Weight 900 GM
NO OUTSIDE KHOYA
Pure मलाई स्ट्रॉबेरी देशी घी घेवर
₹720*
Net Weight 900 GM
NO OUTSIDE KHOYA
Pure मलाई पिस्ता देशी घी घेवर
₹720*
Net Weight 900 GM
*T & C Apply *Rates are only for 900gms, not for smaller packs *Pictures are for representation purpose only.
MEERA BAGH # 9911332000
SEC-12, DWARKA # 9911952000
RAJOURI GARDEN # 7291962000
MALVIYA NAGAR # 9911502000
SOUTH EXT PART 1 # 7838902000


IGI Certified
IDT
GIA
INTERNATIONAL CERTIFIED SOLITAIRE
Solitaire Fest
INDIA'S FIRST LAB GROWN SOLITAIRE SHOWROOM
40% TO 50% OFF
ON NATURAL SOLITAIRE
SOLITAIRE AVAILABLE IN ALL SHAPES & SIZES
ROUND BRILLIANT
OVAL
MARQUISE
PEAR
HEART
EMERALD
PRINCESS
TRILLION
NATURAL L.G. / I.G.I. CERTIFIED
SOLITAIRE TOPS
SPECIAL OFFER
SOLITAIRE TOPS (1.25-1.5 CARAT)
FLAT ₹60,000 ONLY
ROUND SHAPE TOPS
2 CARAT SOLITAIRE TOPS
₹1,20,000
FIXED PRICE
HEART SHAPE TOPS
3 CARAT SOLITAIRE TOPS
₹1,85,000
FIXED PRICE
EMERALD SHAPE TOPS
4 CARAT SOLITAIRE TOPS
₹2,50,000
FIXED PRICE
PRINCESS SHAPE TOPS
6 CARAT SOLITAIRE TOPS
₹4,25,000
FIXED PRICE
100% EXCHANGE
VISHAL JEWELLERS
EFFORTLESSLY LUXURIOUS SINCE 1975
ONLY 5% DEDUCTION ON BUY BACK
Moti Nagar, New Delhi # 011-4708 1234, 4258 1081, 99582 72273, 98100 33013
www.facebook.com/vishaljewellers www.vishaljewels.com vishaljewellersmndelhi
FOR MORE OFFERS SCAN QR CODE
EXCHANGE YOUR OLD JEWELLERY WITH THE EXQUISITE AND TRENDY ONE!
#DIAMONDS #SOLITAIRES #JADAU #POLKI #KUNDAN #GOLD


QUALITY SINCE 1936
KANODIA
KANODIA KOLHU BRAND
रिश्तों की खुशियों में स्वाद का तड़का
KANODIA KOLHU BRAND
MUSTARD OIL
Kachi Ghani कच्ची घानी
KANODIA
Yellow Mustard Oil
पीली सरसों का तेल
KANODIA
KACHI GHANI & YELLOW MUSTARD OIL
AVAILABLE AT ALL LEADING STORES

Price Rs. 5.00 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6




# मनु भाकर ऐतिहासिक हैट्रिक से चूकी

## इस बार के ओलंपिक खेलों का अनुभव उन्हें आगे प्रेरणा देता रहेगा



**शेटराउ (फ्रांस),**(भाषा): ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक लगाने का मनु भाकर का सपना शनिवार को यहां 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक के लिए हंगरी की खिलाड़ी से शूट ऑफ में पिछड़ने के बाद पूरा नहीं हो सका। आठ निशानेबाजों के करीबी फाइनल में मनु ने अपना सब कुछ झोंक दिया और कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान पर भी रही लेकिन अपनी निरंतरता बरकरार नहीं रख सकीं। इस 22 साल की खिलाड़ी ने हालांकि महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर दो कांस्य पदक जीत कर पहले ही इतिहास रच दिया है। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय है। मनु ने कहा कि इन ओलंपिक खेलों का अनुभव उन्हें आगे प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा, '' मुझे नहीं लगता कि मैं दबाव में थी क्योंकि जैसे ही मेरा पिछला मैच समाप्त हुआ तो मेरे कोच ने कहा कि इतिहास इतिहास होता है और अब वर्तमान में जियो। तुम बाद में मनन कर सकती हो कि यह सब कुछ कैसे हुआ।'' मनु ने यहां पत्रकारों से कहा,''जसपाल (राणा) सर मुझे वर्तमान में बनाए रखते हैं। मुझ पर तीसरा पदक जीतने का कोई दबाव नहीं था लेकिन मैं निश्चित रूप से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती थी।'' उन्होंने कहा,''चौथा स्थान हासिल करना निश्चित रूप से बहुत अच्छा नहीं लगता लेकिन अगली बार निश्चित तौर पर परिणाम मेरे अनुकूल होगा। अब मेरे पास दो पदक हैं और अगली बार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए ढेर सारी प्रेरणा है। अगली बार मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगी और वास्तव में कड़ी मेहनत करूंगी ताकि मैं अगली बार भारत को बेहतर परिणाम दे सकूं।'' मनु ने स्वीकार किया चौथे स्थान पर रहने से उन्हें कुछ पहलुओं पर काम करना बाकी रह गया है क्योंकि अब वह अपना ध्यान 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक पर केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''यह मैच मेरे लिए उतार-चढ़ाव वाला रहा।

## दीपिका क्वार्टर फाइनल में हारी



भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी को शनिवार को यहां दो बार बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस खेलों की तीरंदाजी की महिला एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की नैम सुहियोन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जबकि युवा भजन कौर भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गईं जिससे ओलंपिक में तीरंदाजी पदक का भारत का 36 साल का इंतजार जारी रहा। दीपिका 4-6 (28-26, 25-28, 29-28, 27-29, 27-29) से हार गईं।

# हॉकी टीम के सामने सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए ब्रिटेन की चुनौती

**पेरिस,**(भाषा): अपने अंतिम पूल मैच में तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत के बाद आत्मविश्वास से भरपूर भारत रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ जीत की इस लय को कायम रखने की कोशिश करेगा। भारत ने पूल बी के अपने आखिरी मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर ओलंपिक में इस टीम के खिलाफ आधी सदी से अधिक (52 वर्षों) समय से चले आ रहे जीत के इंतजार को खत्म किया।

भारत ने आस्ट्रेलिया को इससे पहले 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में हराया था । ऑस्ट्रेलिया पर जीत के साथ ही भारत भारत पूल बी में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर रहा, जबकि ग्रेट ब्रिटेन पूल ए में तीसरे स्थान पर था। भारतीय टीम पहले दो क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी तरह से हावी दिखी और उसने लगातार आक्रामक खेल से मैच की गति को नियंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण मनप्रीत सिंह तथा उप-कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व वाले मिडफील्ड और गुरजंत सिंह तथा सुखजीत सिंह अग्रिम पंक्ति के बीच शानदार समन्वय था। गुरजंत और सुखजीत ने अपने खेल से ऑस्ट्रेलिया की रक्षा पंक्ति को दबाव में रखा।

तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम



विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ एक बार फिर से हर विभाग में बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभिषेक फॉरवर्ड लाइन में सक्रिय थे और उन्होंने टूर्नामेंट में अपना दूसरी बार मैदानी गोल कर भारत को बढ़त दिलायी।

# महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में

**पेरिस,** (भाषा): भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान महिला स्कीट स्पर्धा के क्वालीफिकेशन के पहले दिन आठवें स्थान के साथ फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई हैं जबकि अनंतजीत सिंह नरूका लगातार दूसरे दिन खराब प्रदर्शन के बाद पुरुष स्कीट स्पर्धा से बाहर हो गए। महेश्वरी 25-25 शॉट की तीन सीरीज में 23, 24 और 24 अंक से कुल 71 अंक बनाकर पहले दिन के क्वालीफिकेशन दौर के बाद आठवें पायदान पर हैं और शीर्ष छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई हैं। महेश्वरी ने पहली सीरीज में दो निशाने चूके लेकिन अगली दो सीरीज में सिर्फ एक-एक निशाना चूककर वापसी की। इस स्पर्धा में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय रेजा ढिल्लों 21, 22 और 23 अंक से 66 अंक जुटाकर 29 निशानेबाजों के बीच 25वें स्थान पर चल रही हैं और उनकी फाइनल में जगह बनाने की संभावना बेहद कम हैं। पांच सीरीज के क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज रविवार को होंगी।दूसरी तरफ पुरुष स्कीट में शनिवार को क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज हुई। अनंतजीत 25-25 शॉट की पांच सीरीज में



23, 22, 23, 24, 24 अंक से कुल 116 अंक जुटाकर 30 निशानेबाजों में 24वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। अमेरिका के कोनर लिन प्रिंस, चीनी ताइपे के मेंग युआन ली और इटली के तमारो कसांद्रो ने 125 अंक में से समान 124 अंक जुटाए। शूट ऑफ के बाद इन तीनों ने क्वालीफिकेशन में क्रमश: पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

# अनंतजीत सिंह नरूका पुरुष स्कीट क्वालीफिकेशन में 24वें स्थान पर रहे



**पेरिस,**(भाषा): भारतीय निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरूका शनिवार को यहां क्वालीफिकेशन के दूसरे दिन भी निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष स्कीट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। शनिवार को पांच सीरीज के क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज हुई। अनंतजीत 25-25 शॉट की पांच सीरीज में 23, 22, 23, 24, 24 अंक से कुल 116 अंक जुटाकर 30 निशानेबाजों में 24वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। अमेरिका के कोनर लिन प्रिंस, चीनी ताइपे के मेंग युआन ली और इटली के तमारो कसांद्रो ने 125 अंक में से समान 124 अंक जुटाए। शूट ऑफ के बाद इन तीनों ने क्वालीफिकेशन में क्रमश: पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

# लक्ष्य सेन को एक्सेलसन के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा



**पेरिस,** (भाषा) भारतीय बैडमिंटन की सनसनी लक्ष्य सेन रविवार को जब यहां पेरिस ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल सेमीफाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से भिड़ेंगे तो उन्हें अपने पहले स्वर्ण पदक की उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहली बार ओलंपिक में खेल रहे सेन ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन को 19-21 21-15 21-12 से हराकर भारतीय बैडमिंटन में नया इतिहास रचा। वह ओलंपिक खेलों के व्यक्तिगत पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। लेकिन अब उनका सामना उस एक्सेलसन से है जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रतिद्वंदियों को कोई मौका नहीं दिया है। डेनमार्क के ओडेंस के रहने वाले इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह 2017 और 2022 में विश्व चैंपियन रहे। उनके नाम पर 2016 में थॉमस कप की जीत शामिल है। इसके अलावा उन्होंने कई बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर और सुपर सीरीज खिताब जीते हैं। यही नहीं वह दिसंबर 2021 से जून 2024 तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी भी रहे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन को डेनमार्क के खिलाड़ी से अभी तक सात बार हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने एक्सेलसन को केवल एक बार 2022 में जर्मन ओपन में हराया था। भारत के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि अपने से अधिक रैंकिंग के खिलाड़ियों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक खेलों में ही उन्होंने ग्रुप चरण में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी और क्वार्टर फाइनल में विश्व के 11वें नंबर के खिलाड़ी चाउ को हरा कर अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया।

## ओलंपिक में भारत के आज के कार्यक्रम

**निशानेबाजी**
25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरुष क्वालीफिकेशन पहला चरण :
विजयवीर सिद्धू और अनीश : 12 . 30 से

**हॉकी**
भारत बनाम ब्रिटेन पुरुष हॉकी क्वार्टर फाइनल :
दोपहर 1 . 30 से

**एथलेटिक्स**
महिला 3000 मीटर स्टीपलचेस पहला दौर : पारुल चौधरी : 1 . 35 से पुरुष लंबी कूद क्वालीफिकेशन
जेस्विन एल्ड्रिन : 2:30 से

**मुक्केबाजी**
महिला 75 किलो क्वार्टर **फाइनल :**
लवलीना बोरगोहेन बनाम चीन की लि कियान : दोपहर 3 . 02 से

**बैडमिंटन**
पुरुष एकल सेमीफाइनल लक्ष्य सेन बनाम विक्टर एक्सेलेसन (डेनमार्क) दोपहर 3 . 30 से

**पाल नौकायन**
पुरुष डिंगी रेस सात और आठ : विष्णु सरवनन , दोपहर 3 . 35 से
महिला डिंगी रेस सात और आठ : नेत्रा कुमानन,
शाम 6 . 05 से।

## खेलीफ और लिन यू-टिंग के खिलाफ 'नफरत की भाषा' अस्वीकार्य: बाक

**पेरिस,** (एपी): अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने शनिवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में मुक्केबाज इमाने खलीफ और लिन यू-टिंग के खिलाफ ' नफरत की भाषा' 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' है। बाक ने शनिवार को यहां कहा, 'हम राजनीति से प्रेरित...सांस्कृतिक युद्ध का हिस्सा नहीं बनेंगे।' अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खेलीफ और ताइवान की लिन यू-टिंग के महिला वर्ग में भाग लेने पर पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। इन दोनों को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) द्वारा 2023 में भारत में आयोजित विश्व चैम्पियनशिप में महिला वर्ग में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। आईओसी ने आईबीए पर प्रतिबंध लगाया है।

# भारत के सामने श्रीलंकाई स्पिनरों से पार पाने की चुनौती

**कोलंबो,** (भाषा): भारत को अगर श्रीलंका के खिलाफ दबदबा बनाए रखना है तो उसे रविवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्पिनरों और धीमी पिच से निपटने का तरीका ढूंढना होगा। भारत शुक्रवार को खेले गए पहले वनडे मैच में 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय तीन विकेट पर 130 रन बनाकर अच्छी स्थिति दिख रहा था लेकिन इसके बाद श्रीलंका के स्पिनर हावी हो गए और भारतीय टीम 230 रन पर आउट हो गई जिससे यह मैच टाई रहा। रोहित शर्मा ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की लेकिन इसके बाद श्रीलंका के स्पिनरों ने अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। भारत ने उनका सामना करने के लिए विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर को उतारा जिन्हें स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ काफी सफलता मिली है। इन तीनों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई



लेकिन वे स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी नहीं कर पाए। कोहली पर बाएं हाथ के स्पिनर डुनिथ वेलालेज और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने लगाम कसे रखी। पिच काफी धीमा खेल रही थी और ऐसे में स्पिनर का सामना करना आसान नहीं था। यहां तक के बाद में मुख्य रूप से बल्लेबाज श्रीलंकाई कप्तान चरित असलांका ने भी गेंदबाजी की और तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर मैच को टाई कराया। भारतीय बल्लेबाजों को साझेदारी निभाने की जरूरत थी लेकिन वह इसमें नाकाम रहे। दूसरी तरफ श्रीलंका के पाथुम निसांका और वेलालेज ने दूसरे छोर पर विकेटों की झड़ी के बावजूद अर्धशतक जमा कर दिखाया कि इस तरह के विकेट पर किस तरह से बल्लेबाजी करनी चाहिए। उन्होंने कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर का प्रभावी ढंग से सामना किया। शुभमन गिल सहित भारत के चार स्पिनरों ने 30 ओवर में 126 रन देकर चार विकेट लिए जबकि श्रीलंका की तरफ से स्पिन गेंदबाजों 37.5 ओवर किए और 167 रन देकर नौ विकेट लिए।

## टीम इस प्रकार है

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

श्रीलंका: चरित असलांका (कप्तान), पाथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, निशान मदुश्का, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेलालेज, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, अकिला धनंजय, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना , असिथा फर्नांडो।

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे शुरू होगा**

## ग्लोबल Window

# वाणी कपूर ने बॉडीकॉन ड्रेस में बिखेरा जलवा

**मुंबई, (एजेंसी) :** बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री वाणी कपूर ने एक बार फिर अपने फैंस को दीवाना बना दिया है। हाल ही में वाणी को एक काले रंग की बॉडीकॉन ड्रेस में देखा गया, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। डीप नेकलाइन, खुले बाल और लाइट मेकअप के साथ वाणी ने कैमरे के लिए बेहतरीन पोज दिए। वाणी का यह अवतार सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और उनके फैंस



उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इस ड्रेस में वाणी का अंदाज बेहद बोल्ड और ग्लैमरस लग रहा है।

# सोमालिया के होटल में आतंकी हमला, 32 मरे

**मोगादिशु, (एजेंसी):** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट पर स्थित एक होटल पर शुक्रवार शाम हुए हमले में 32 लोगों की मौत हो गई और 63 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को कहा कि पिछले कुछ महीनों में हुए सबसे घातक हमलों में से यह एक है।

पुलिस प्रवक्ता मेजर अब्दिफतह अदन हस्सा ने पत्रकारों को बताया कि हमले में एक सैनिक की मौत हो गई और बाकी नागरिक थे। हसन ने बताया कि हमले में एक अन्य सैनिक घायल भी हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के बाद गोलीबारी हुई। अल-कायदा के पूर्वी अफ्रीका में सहयोगी संगठन अल-शबाब ने अपने रेडियो के माध्यम से कहा कि हमला उसके लड़ाकों ने किया। मोगादिशु का एक लोकप्रिय क्षेत्र लीडो बीच शुक्रवार रात को काफी चहल-पहल वाला होता है, क्योंकि सोमालियाई लोग यहां अपने सप्ताहांत का आनंद लेते हैं।

एक प्रत्यक्षदर्शी, मोहम्मद मोआलिम ने बताया कि उन्होंने एक हमलावर को विस्फोटकों से लदी जैकेट पहने देखा, और कुछ देर बाद ही उसने होटल के पास खुद को उड़ा लिया। मोआलिम ने बताया कि



- 63 लोग घायल
- आतंकी संगठन अल शबाब ने ली हमले की जिम्मेदारी

होटल में उसके साथ मौजूद कुछ सहयोगी भी मारे गए और अन्य घायल हो गए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी अब्दिसलाम एडम ने एसोसिएटिड प्रेस को बताया कि उन्होंने कई लोगों को जमीन पर बेसुध पड़े देखा और कुछ घायलों को अस्पताल पहुंचाने में भी मदद की। लिडो तट को पहले भी अल-शबाब से जुड़े आतंकवादियों ने निशाना बनाया था। पिछले साल हुए हमले में नौ लोग मारे गए थे। अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन अल शबाव के लड़ाके 17 साल से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थित संघीय सरकार के खिलाफ विद्रोह छेड़े हुए हैं। हमले के तुरंत बाद ऑनलाइन साझा किए गए असत्यापित वीडियो में लोगों को सड़क पर तितर-बितर होते हुए दिखाया गया है, कई क्लिप में समुद्र तट पर खून से लथपथ शव पड़े हुए हैं।

## इजराइली ड्रोन हमले में हमास कमांडर समेत पांच ढेर

**रामल्लाह,** (आईएएनएस): वेस्ट बैंक के तुलकरम स्थित जीता शहर पर इजराइली हमले में हमास के एक कमांडर सहित पांच फिलिस्तीनी मारे गए। तुलकरम में थाबेट सरकारी अस्पताल के निदेशक अमीन खादर ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि हमले में मारे गए पांच लोगों में से चार के शव क्षत विक्षत हो गए थे। ऐसे में उनकी पहचान नहीं हो पाई। शिन्हुआ ने खादर के हवाले से बताया कि केवल 25 वर्षीय हैथन ब्लादी की पहचान हो पाई है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि एक वाहन में जा रहे पांच फिलिस्तीनियों पर ड्रोन से हमला किया गया। हमले में सभी की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ब्लादी हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड का कमांडर था। **हिजबुल्लाह-इजराइली सेना के बीच भीषण गोलीबारी :** लेबनान-इजरायल सीमा पर हिजबुल्लाह और इजराइली सेना के बीच भीषण गोलीबारी हुई है, जिसमें भारी मशीन गन फायर, तोपखाने और मिसाइल दागने के साथ-साथ हवाई हमले भी हुए हैं। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने मीडिया को ये जानकारी दी है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के सात शहरों और गांवों पर नौ छापे मारे।

# बंद होने वाला है गूगल, सावधान रहो

**वाशिंगटन, (एजेंसी) :** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गूगल की यह कहते हुए आलोचना की है कि सर्च इंजन पर उन्हें सेंसर किया जा रहा है। उनका कहना है कि सर्च इंजन पर उनसे संबंधित खबरें और उनकी तस्वीरों को सेंसर किए जाने की जानकारी मिली है, जो कि काफी गैरजिम्मेदाराना है। इसी तरह के अपने एक बयान में उन्होंने कहा कि फेसबुक के सीईओ ने अपनी गलती मानते हुए उनसे माफी भी मांगी है।

'फॉक्स न्यूज' के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा, 'गूगल का रवैया बहुत खराब रहा है। वे बहुत गैर-जिम्मेदार रहे हैं और मुझे लगता है कि गूगल बंद होने की कगार पर पहुंचने वाला है, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस (अमेरिकी संसद) इसे स्वीकार करेगी। मुझे सचमुच ऐसा नहीं लगता। गूगल को सावधान रहना होगा।' इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में ट्रंप ने आरोप लगाया था कि गूगल पर पेनसिल्वेनिया में 13 जुलाई को एक चुनावी रैली के दौरान उन पर हुए जानलेवा हमले के संबंध में कोई तस्वीर या अन्य सामग्री खोजना लगभग असंभव है। हालांकि, गूगल ने पूर्व राष्ट्रपति के आरोपों को खारिज किया था। वहीं, साक्षात्कार के दौरान ट्रंप ने दावा किया कि फेसबुक के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने उनसे जुड़ी सामग्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए उन्हें हाल ही में फोन कर माफी मांगी और



- ट्रंप ने गूगल को दी चेतावनी
- बोले- फेसबुक के जुकरबर्ग ने फोन कर मुझसे मांगी माफी

भरोसा दिलाया कि वह "किसी डेमोक्रेट का समर्थन नहीं करेंगे। ट्रंप ने कहा, मार्क जुकरबर्ग ने मुझे फोन किया। (पेनसिल्वेनिया में) रैली के बाद उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि यह वाकई अद्भुत था, यह बहुत बहादुरी भरा था।' पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, जुकरबर्ग ने वास्तव में भरोसा दिलाया कि वह किसी डेमोक्रेट का समर्थन नहीं करेंगे क्योंकि वह ऐसा नहीं कर सकते, क्योंकि उस दिन मैंने जो किया, उसके लिए वह मेरी इज्जत करते हैं। उन्होंने (जुकरबर्ग) पांच साल पहले 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर लेकर जो किया था, वह उसे दोहरा नहीं रहे हैं। मुझे विश्वास है कि वह ऐसा नहीं कर रहे हैं।